रांची
शुक्रवार
25.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-289 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

बदलते लोग बदलते रिश्ते और बदलता मौसम, चाहे दिखाई ना दे पर महसूस जरुर होते हैं।

## न्यूज गैलरी

### राज्य वन सेवा के आठ पदाधिकारी होंगे भारतीय वन सेवा में प्रोन्नत

**रांची।** झारखंड राज्य वन सेवा के आठ पदाधिकारियों को भारतीय वन सेवा के लिए यूपीएससी ने मुहर लगा दी है। दिल्ली में यूपीएससी की बैठक में राज्य वन सेवा के सुनील कुमार, एसपी सिंह, ओमप्रकाश, शशि कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, शिव कुमार प्रसाद, अजय कुमार और तारकनाथ के नामों पर मुहर लगाकर भारतीय वन सेवा में प्रोन्नत करने की सिफारिश कर दी है। बैठक में यूपीएससी के दो सदस्यों सहित राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एल ख्यांगते व प्रधान वन्य संरक्षक संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### कैबिनेट की बैठक अब एक दिसम्बर को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि सोमवार दिनांक 28 नवम्बर अपराह्न चार बजे से होनेवाली मंत्रिपरिषद की बैठक अब गुरुवार, एक दिसम्बर 2022 को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### उच्चतम न्यायालय का आरटीआई पोर्टल शुरू



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय से जुड़ी जानकारियां हासिल करने में लोगों की मदद के लिए शीर्ष अदालत का आरटीआई पोर्टल गुरुवार को शुरू हो गया। प्रधान न्यायाधीश ने एक याचिका पर सुनवाई की शुरुआत में कहा था कि पोर्टल जल्द शुरू हो जाएयो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई शुरू करने से पहले मैं कहना चाहूंगा कि आरटीआई पोर्टल तैयार है। वह 15 मिनट में शुरू हो जायेगा। अगर कोई समस्या आती है तो थोड़ा संयम रखें। अगर कोई समस्या आये तो मुझसे संपर्क करें, मैं उस पर गौर करूंगा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक पीठ विधि छात्रों आकृति अग्रवाल और लक्ष्य पुरोहित द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें शीर्ष अदालत में आरटीआई आवेदन ऑनलाइन दाखिल करने के लिए एक पोर्टल शुरू करने का अनुरोध किया गया था। पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने 11 नवम्बर को कहा था कि ऑनलाइन पोर्टल व्यावहारिक रूप से तैयार है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दाखिल किये आवेदनों के जवाब पोर्टल के जरिये दिये जायेंगे।

# छात्र संसद में पारित हुआ सड़क सुरक्षा अधिनियम

## झारखंड विधानसभा में छात्र संसद का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में छात्र संसद में प्रदेश के छात्र-छात्राओं ने संसदीय प्रक्रिया की जानकारी ली। छात्र संसद में राज्यभर के 24 जिलों से 24 छात्रों ने भाग लिया। इन सब छात्रों का चयन कठिन प्रतियोगिता के बाद किया गया। इस दौरान

- छात्र संसद में बच्चों ने विधायी प्रक्रियाओं को जाना, मिला तकनीकी ज्ञान
- छात्रों ने मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर का किया चुनाव, सदस्यों ने सवाल पूछे और संबंधित विभाग के मंत्रियों ने दिये जवाब

छात्र संसद के अंतर्गत छद्म विधानसभा में संसदीय प्रक्रिया का पालन करते हुए विधानसभा की कार्यवाही में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रों में से ही मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर का चुनाव किया गया। सदस्यों ने सवाल पूछे और संबंधित विभाग के मंत्रियों ने उसके जवाब दिये।



विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने छात्र संसद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बच्चों को संसदीय प्रक्रिया का ज्ञान हो रहा है। कैसे प्रश्न किया जाता है, कैसे ध्यानाकर्षण होता है, कैसे कार्यस्थगन होता है। तमाम विधायी प्रक्रिया का तकनीकी ज्ञान इन्हें मिला है। झारखंड विधानसभा की स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय समारोह को सफल बताते हुए कहा कि वह इससे बेहद संतुष्ट हैं। छात्र संसद के आयोजन के पूर्व स्पीकर सीपी सिंह ने भी सराहना की। छात्रों के संसद में सड़क सुरक्षा अधिनियम को पारित किया गया। इस अधिनियम को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से छात्र सभा द्वारा पारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सहभागी बनना चाहिए एवं इन प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना चाहिए। यह सिर्फ जरूरी नहीं है कि वह बड़े होकर भविष्य में राजनीति में शामिल हों, बल्कि एक सजग नागरिक के रूप में इस व्यवस्था के बारे में अवश्य जानना चाहिए जिससे राजकाज चलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से यह छात्र जब अपने जिलों में लौटेंगे तो अन्य लोगों को जागरूक करायेंगे और तभी ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य पूरा होगा। इन सभी 24 छात्रों को सघन प्रशिक्षण विधानसभा के कर्मियों एवं पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

### सदन की कार्यवाही में छात्रों का प्रदर्शन आंकने के लिए किया गया था एक निर्णायक मंडल का गठन

**सदन** की कार्यवाही में छात्रों का प्रदर्शन आंकने के लिए अनुभवी एवं युवा विधायकों का एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। जिसमें अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, प्रो. स्टीफन मरांडी, सविस, सीपी सिंह, अमित कुमार मंडल, दीपिका पाण्डेय सिंह ने निर्णायकों की भूमिका निभायी। एक कड़ी प्रतिस्पर्धा में पीयूष कुमार को प्रथम स्थान, मुस्कान कुमारी सिन्हा को द्वितीय स्थान एवं साक्षी प्रिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# मंत्रमुग्ध कर गयी झारखंड की पारम्परिक कला-संस्कृति

❍ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में आयोजित झारखंड राज्य दिवस समारोह में हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** देशवासी झारखंड आयें। झारखंड में आप सभी का स्वागत है। यहां आकर देखिए झारखंड कितना खूबसूरत है और यह आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस राज्य में जब आप आयेंगे तब यहां की धरा आपका दिल मोह लेगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में आयोजित झारखंड दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है। आज झारखंड के आदिवासी और मूलवासी शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक तौर पर अपनी अलग पहचान बनाने में लगे हैं और आज जहां हर जगह एक प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनी है। हर किसी में अपनी क्षमता और हुनर है, जिसके बल पर वह अपनी पहचान बनाता है, जिस प्रगति मैदान में वर्षों पहले पढ़ाई के दौरान आया था, आज वहां अतिथि के रूप में आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाली पीढ़ी को उनके लिये बेहतर मार्ग प्रशस्त करने के लिए रोज नये सोच के साथ सरकार कार्य कर रही है। झारखंड दिवस समारोह में शामिल होने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में झारखंड पवेलियन का परिभ्रमण किया और मेले में भाग लेनेवाले झारखंड के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मालूम हो कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल होकर एक अमिट छाप छोड़ा है।

### अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में सीएम ने कलाकारों का बढ़ाया हौसला



**अंतर्राष्ट्रीय** व्यापार मेला में आयोजित झारखंड दिवस समारोह में पाईका, पंच-परगनिया, मुंडारी, मानभूम छऊ, नागपुरी नृत्य के माध्यम से झारखंड के कलाकारों ने सबका मन मोहा। एक ओर जहां कलाकारों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री उनके बीच पहुंच कर उनकी हौसला अफजाई की।

## लातेहार मुठभेड़ की होगी सीआईडी जांच

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लातेहार के बेंदी जंगल में जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ पुलिस मुठभेड़ की जांच सीआईडी करेगी। 21 नवम्बर की दोपहर तीन बजे उग्रवादियों के साथ पुलिस बलों की मुठभेड़ हुई थी, जिसमें जेजेएमपी उग्रवादी शिवनाथ लोहरा, मनोज राम व एक अन्य की मौत हो गयी थी। इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पूर्व के निर्देश के आलोक में केस सीआईडी को ट्रांसफर किया जायेगा। लातेहार एसपी ने इस मुठभेड़ से जुड़ी शुरुआती रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजी है।

**क्या था मामला :** लातेहार पुलिस व सीआरपीएफ ने बीते 21 नवम्बर को सदर इलाके के बेंदी जंगल में सर्च अभियान शुरू किया था। दिन के तीन बजे पुलिस पर जेजेएमपी उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की एफआईआर में जिक्र है कि उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करने पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीन उग्रवादी मारे गये।

जमीन की अवैध खरीद-बिक्री का आरोप

## सीएम ने सीओ के खिलाफ एसीबी जांच की दी अनुमति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जामताड़ा की पूर्व सीओ हेमा प्रसाद के खिलाफ एसीबी जांच की अनुमति दे दी है। एसीबी धनबाद ने पूर्व में आईआर संख्या-40/2017 (दुमका) दर्ज कर हेमा प्रसाद के खिलाफ

- अंचल अधिकारी और अन्य के विरुद्ध होगी एसीबी जांच, मिहिजाम थाने में 17 जून 2016 को दर्ज किया गया था मुकदमा
- फिलहाल अनुसंधानरत है केस, अब एसीबी टेकओवर करेगी मुकदमा

आंतरिक रिपोर्ट तैयार की थी। हेमा प्रसाद व अन्य के विरुद्ध जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाने के बुटकेरिया मौजा में अवैध रूप से जमीन की खरीद-बिक्री किये जाने से संबंधित केस मिहिजाम थाने में 17 जून 2016 को दर्ज हुआ था। यह केस फिलहाल अनुसंधानरत है। इस केस को अब एसीबी टेकओवर करेगी।

### फरार रहने की स्थिति में कुर्की-जब्ती का निर्देश

**संबंधित** मामले में तत्कालीन अंचलाधिकारी जामताड़ा हेमा प्रसाद, तत्कालीन अंचल निरीक्षक इस्माइल टुडू समेत अन्य के विरुद्ध पीई दर्ज करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार, इस संबंध में जामताड़ा थाने में आईपीसी की धारा 420/406/409/468/471 व 120- बी के तहत कांड संख्या-47/16 दर्ज किया गया है। इस कांड में नौ प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला सत्य पाते हुए अविलंब गिरफ्तार करने के लिए कहा गया है। इनके फरार रहने की स्थिति में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

## मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 14 बच्चों को दिल्ली में कराया गया मुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त

- मुक्त होनेवालों में साहेबगंज जिले के तीन बालक एवं 11 बालिकाएं शामिल



कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। उसी कड़ी में मानव तस्करी के शिकार झारखंड के साहेबगंज जिले के तीन बालक एवं 11 बालिकाओं को दिल्ली में मुक्त कराया गया है। इन बच्चों से काउंसलिंग के दौरान यह पता चला कि रेखा (काल्पनिक नाम) नाम की एक 12 वर्षीय बच्ची को उसके गांव के एक व्यक्ति ने अपहरण कर एक वर्ष पूर्व दिल्ली लाकर एक साल तक दिल्ली के विभिन्न इलाकों की कोठियों में घरेलू कार्य हेतु लगाया। इसका बच्ची द्वारा विरोध करने पर उसे रेड लाइट एरिया में ले जाकर बेच दिया गया। वहां से एक दिन मौका देखकर वह खिड़की से कूदकर भाग निकली एवं एक ऑटो वाले की मदद से पुलिस स्टेशन पहुंच गयी। पुलिस द्वारा झारखंड भवन से समन्वय स्थापित किया गया और बच्ची के घर का पता लगाया गया। बता दें कि रेखा की मां की मृत्यु हो चुकी है और पिता ने दूसरी शादी कर ली है।

ईडी ने कोर्ट को दिये हलफनामें में दी जानकारी

## जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने की थी फर्जी एंजीयोग्राफी रिपोर्ट तैयार कराने की कोशिश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने जमानत के लिए गलत एंजीयोग्राफी रिपोर्ट तैयार कराने की कोशिश की थी। ईडी ने इस बारे में झारखंड हाईकोर्ट में दायर हलफनामें में यह जानकारी दी है। पूजा सिंघल ने स्वास्थ्य कारणों से जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका को कोर्ट के द्वारा खारिज किया जा चुका है, लेकिन मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने जो हलफनामा दिया है, उसमें इस बात का जिक्र है कि स्वास्थ्य कारणों से जमानत का लाभ लेने के लिए एंजीयोग्राफी रिपोर्ट में फर्जीवाड़ा की गयी थी।

**ईडी अफसरों की मौजूदगी के कारण पकड़ी गयी गड़बड़ी :** ईडी ने बताया है कि पूजा सिंघल एंजीयोग्राफी रिपोर्ट बनवा लेतीं, लेकिन मौके पर ईडी के अधिकारियों के कारण मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बन पाया। मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया है कि वह शारीरिक और मानसिक तौर पर पूरी तरह स्वस्थ हैं। ईडी के तरफ से कोर्ट में अमित कुमार दास ने यह जानकारी दी है।

### अवैध खनन के बाद बालू घाटों का मामला भी ईडी रडार पर



**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन में पूजा सिंघल पर चार्जशीट की तैयारी ईडी कर रही है। वहीं, अब बालू घाट की एलॉट्मेंट बगैर टेंडर किये जाने को लेकर भी पूजा सिंघल ईडी की रडार पर आ गयी हैं। जेएसएमडीसी में रहते हुए पूजा सिंघल ने सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के गाइडलाइंस का उल्लंघन करते हुए गढ़वा में पचदुमर और सुंडीपुर बालूघाटों का ठेका नंदकिशोर सिंह और आत्माराम उपाध्याय को दे दिया था। इस संबंध में जेएसएमडीसी ने कोई टेंडर नहीं निकाला था।

# अमृत महोत्सव के जरिये गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को किया जा रहा याद : वीडी राम

❍ मेदिनीनगर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी की शुरुआत ❍ क्विज, रंगोली व पेंटिंग्स प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस

- आजादी के अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस के मौके पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन, 26 तक चलेगी प्रदर्शनी
- संविधान की उद्देशिका का लोगों ने किया पाठ, मूल्यों पर चलने की शपथ

के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह, पीआईबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात सभी अतिथियों ने संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका, पलामू के स्वतंत्रता सेनानी, आजादी का अमृत महोत्सव एवं आठ साल-सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का पाठ भी किया गया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिये देश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### वर्ष 2023 तक होंगे अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम : भूपेंद्र कैंथोला



**सूचना** एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला ने कहा कि मंत्रालय के द्वारा देशभर में इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन वर्ष 2023 तक किया जा रहा है। इस तरह की प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को भारत सरकार की योजनाओं एवं राष्ट्रीय महत्व की चीजों की जानकारी दी जाती है। पीआईबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्र ने कहा कि लोग पूरे परिवार के साथ इस तरह की प्रदर्शनी को देखने आयें। यहां लगायी गयी प्रदर्शनी काफी शिक्षाप्रद है।

### संविधान सभा के सदस्य के वंशज का हुआ सम्मान

**चित्र** प्रदर्शनी के दौरान संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय के पुत्र वृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को सांसद एवं पूर्वी जोन के महानिदेशक के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। वहीं, चित्र प्रदर्शनी के पूर्व युवाओं और छात्रों को आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस का महत्व समझाने के लिए क्विज, रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगाताओं का आयोजन गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं बीच किया गया था। इनके विजेताओं को सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गोयल को ईसी नियुक्त करने पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने पूछा -

## एक व्यक्ति, जिसका कार्यकाल छह वर्ष की अवधि का भी नहीं होगा उसे नियुक्त क्यों किया गया?

-आरएनएम

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने केंद्र सरकार से चुनाव आयुक्त

- 24 घंटे के भीतर सारी जांच पड़ताल कैसे कर ली गयी?

अरुण गोयल की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज देखने के बाद पूछा कि अरुण गोयल का नाम एक ही दिन में कैसे फाइनल हो गया? मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार 23 नवम्बर को केंद्र से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किये थे। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार 24 नवम्बर को भी सुनवाई हुई। केंद्र ने नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी फाइल कोर्ट को सौंपी। सरकार ने कहा कि नियुक्ति की ओरिजिनल फाइल की प्रतियां पांचों जजों को दी गयी हैं। इसे देखने के बाद संविधान पीठ ने पूछा कि चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए कानून मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री की मंजूरी के लिए भेजे गये चार नामों को शॉर्टलिस्ट करने के पीछे क्या मानदंड थे? पीठ ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र तंत्र की मांग करनेवाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी कि यह उचित होता अगर मामले की सुनवाई के दौरान नियुक्ति नहीं की जाती। इस मामले के याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने अदालत को सूचित किया था कि गोयल को गुरुवार को सेवा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### नौ साल से फारा मोबाइल छिनतई के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने नौ साल से फरार मोबाइल छिनतई के आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम मो सगीर है और वह कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार आरोपी अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चुटिया थाना क्षेत्र से 2013 में एक युवती से मोबाइल की छिनतई की थी। इस मामले में युवती के बयान पर अज्ञात के खिलाफ चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस और सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर दो आरोपियों को पहले ही जेल भेजा गया है। तीसरा आरोपी मों सगीर फरार चल रहा था। पुलिस को बुधवार को खबर मिली कि आरोपी मो.सगीर अपने कुरैशी मुहल्ला स्थित घर पर है। पुलिस की छापेमारी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

### पुलिस ने ठाकुरगांव इलाके से दो अपराधियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने ठाकुरगांव इलाके से दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में तौसीफ रजा और बीरबल कुमार सिंह शामिल है। दोनों अपराधी बोकारो के पेटरवार के रहने वाले हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने देसी कट्टा के अलावा गोली बरामद की है। वहीं पिठोरिया निवासी तीसरा अपराधी मौके से भाग निकला। पुलिस की तलाश में जुट गई है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्हें पेटरवार से ठाकुरगांव इलाके में मालवाहन गाड़ियों के चालक से लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए बुलाया गया था। आरोपियों ने उस अपराधी के नाम का भी पुलिस के समक्ष खुलासा किया है। पकड़े गए अपराधियों ने पुलिस को बताया कि बीते 23 नवंबर की रात वे चार पहिया वाहन से लूटपाट करने के लिए घूम रहे थे। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि ठाकुरगांव इलाके में अपराधियों के घूमने की सूचना मिली। इसी को लेकर बीते 23 नवंबर को ठाकुरगांव रोड में वाहन चेकिंग शुरू की गई। पुलिस को देखकर अपराधी अपनी चार पहिया वाहन लेकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो अपराधियों को दबोच लिया। वहीं एक अपराधी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस उस अपराधी की तलाश में उसके संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### सिजेंटा इंडिया लिमिटेड द्वारा धान फसल प्रदर्शनी एवं कटाई दिवस मनाया



**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के मुरगी गांव में सिजेंटा इंडिया लिमिटेड द्वारा धान फसल प्रदर्शनी एवं कटाई दिवस मनाया गया। इस दौरान एस 54003 सिजेंटा कंपनी 2 नंबर खेत के लिए कामेश्वर यादव के खेत में लगाया गया फसल को कटाई किया गया। और कटाई करने के बाद धान के उपज को गांव के किसानों को बताया गया।, और समझाया गया। सिजेंटा कंपनी के मदन मोहन कुमार, कंपनी के क्षेत्र प्रतिनिधि, बलराम मंडा, प्रेम कुमार वर्मा, अनीस अंसारी ने किसानों को कई जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरूपीरी पंचायत के मुखिया सीता देवी एवं मुरूपीरी पंचायत समिति सदस्य रूही देवी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में आए अतिथियों का कंपनी की ओर से उपस्थित लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया गया। मौके पर धान कटाई दिवस कार्यक्रम में उपस्थित महिला समूह के लोगों को कंपनी की ओर से चटाई दिया गया। मौके पर कामेश्वर यादव ,शंकर यादव, गणेश यादव , किनू यादव, सावित्री देवी, कुस्रेन देवी, धानी देवी बीना देवी सीता देवी, संगीता देवी, जीतमनी देवी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### पंडरा बाजार को मतगणना केंद्र नहीं बनाया जाये : चैंबर

**रांची।** आगामी निकाय चुनाव के दौरान पंडरा बाजार को मतगणना केंद्र नहीं बनाया जाय, इसके लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा उपायुक्त, रांची से मिलकर मतगणना केंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित करने का आग्रह किया गया। झारखण्ड उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आगामी चुनावी मतगणना के कार्य पंडरा बाजार की जगह किसी अन्य वैकल्पिक स्थल पर हों।

## नगर निकाय चुनाव 2022 को राजनीतिक दबाव से बदलने का किया जा रहा प्रयास

# 55 वार्ड में 5 सीट, 53 में 4 सीट आरक्षित था जिसे हटा कर दो सेट कर दिया गया

**“रांची नगर निगम आरक्षित सीट पर शोषित वंचित गरीब दलित के बेटा को मेयर पद पर सुशोभित होकर लोगों का सेवा का मौका दें।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संविधान के आलोक में रोस्टर प्रणाली के अनुरूप रांची नगर निगम के सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। नगर निकाय चुनाव 2022 को राजनीतिक दबाव से बदलने का प्रयास किया जा रहा है। 2011 से ही रोस्टर प्रणाली के अनुरूप चुनाव कराने का निर्णय लिया गया था उस समय उपमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे यदि उस समय इनका मानसा सही होता तो लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित कर नौवीं अनुसूची में शामिल करा अनुसूचित जनजाति को अधिकारों को संरक्षित कर सकते थे, साथ ही उनका जहां आदिवासी बहुल जिला दुमका है वहां 2009 से ही नगर परिषद आदि की सामान्य सीट है तथा हजारीबाग नगर निगम में 1% भी अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या नहीं रहने के बावजूद भी वहां अनुसूचित जनजाति के लिए नगर निगम के सीट सुरक्षित किया गया है। चुनाव आयोग ने संविधान के आलोक में रोस्टर प्रणाली 2011 के तहत 2022 मैं आरक्षण रोस्टर के अनुरूप रांची नगर निगम का सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर अन्य जगहों पर अनुसूचित जाति के सीटों को हटाया वहां जनजाति एवं अन्य के लिए आरक्षित किया वहां कोई अनुसूचित जाति के लोग विरोध नहीं किए लेकिन हमारे लिए आरक्षित रांची नगर निगम सीट पर सरकार के संरक्षण में है तोबा मचाई जा रही है। हमें 55 वार्ड में 5 सीट 53 में 4 सीट आरक्षित था जिसे हटा कर दो सेट कर दिया गया हमारे लोग कहीं कोई विरोध नहीं किया नंबर -5 वर्तमान कांग्रेस, जेएमएम वं राजद के सरकार राज्य में रह रहे 5000000 अनुसूचित जाति परिवार से दिक्कत है इसलिए हमारा संविधानिक अधिकार छीन रहा है। अनुसूचित जाति समन्वय समिति झारखंड प्रदेश वर्तमान सरकार की इस नीति को घोर विरोध करती है साथ ही चुनाव आयोग से बिना किसी राजनीतिक दबाव के अभिलंब चुनाव कराने का अनुरोध करता है. प्रेस वार्ता से पूर्व समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर संविधानिक प्रक्रिया के तहत जारी आरक्षण और रोस्टर के अनुरूप यथाशीघ्र चुनाव कराने का गुहार लगाया, साथ ही उन्होंने कहा कि आप अपने हृदय को बड़ा करें। रांची नगर निगम आरक्षित सीट पर शोषित वंचित गरीब दलित के बेटा को मेयर पद पर सुशोभित होकर लोगों का सेवा का मौका दें।

### सोनाहातू निवासी पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाई

**सिल्ली।** सिल्ली के श्यामनगर इलाके में बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों ने सोनाहातू थाना क्षेत्र के पड़ेंग चाऊली निवासी जितेंद बड़ाईक को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार श्री बड़ाईक दो सहयोगी के साथ अपने घर लौट रहे थे। वे पशु खरीद बिक्री का कारोबार करते हैं। उनके पास ?90000 नगद था। श्याम नगर के पास झाड़ी के समीप लाल काले रंग की अपाची मोटरसाइकिल से दो अज्ञात अपराधी सामने से कटिंग करते हुए उन्हें घेर लिया और गोली मारा। गोली सीधे उनके गाल के पास लगी। गोली लगने के बाद जितेंद्र बड़ाईक पीछे 2 किलोमीटर भागे और भागकर अपनी जान बचाई। इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने घायल को सिंगपुर में भरती कराया है.. डॉक्टरों ने सिर के नीचे लगी गोली को निकाल दी है। घायल व्यक्ति ने बताया कि अपराधी चेहरे को ढक रखा था।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।**
**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1006/2022-23
दिनांक :–23.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "डेमोटांड़ (NH-33) से भेलवारा पथ (RCD पथ) के चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य (कुल लम्बाई 1.870 कि.मी.) वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 7,50,94,500.00 (सात करोड़ पचास लाख चौरानबे हजार पाँच सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 15.12.2022 10:30 बजे पूर्वह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.12.2022 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818
कार्यपालक अभियंता,
PR 283276 Road(22-23)D
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।


### जमीन कारोबारी के हत्या मामले में बरियातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एदलहातू में जमीन कारोबारी धवन कुमार राम की हत्या के मामले में बरियातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अनिल राम के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उन्हें बुधवार की शाम सात बजे उनके छोटे भाई धवन की हत्या की खबर मिली थी। उन्हें पता चला कि उनके भाई पर एदलहातू मैदान में बाइक सवार तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**कई हिरासत में, पूछताछ जारी :** वहीं दूसरी तरफ पुलिस की टीम धवन राम के हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान भी हुई है। हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए एक एसआईटी का भी गठन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ जारी है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि जमीन विवाद में ही धवन राम की हत्या की गई है इसमें लोकल गैंग्स का हाथ सामने आ रहा है।

### साधु चरण महतो की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

रांची। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व० साधु चरण महतो की पहली पुण्यतिथि पर गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रांची सांसद संजय सेठ , पुरुलिया सांसद ज्योतिर्मय महतो, जिलाध्यक्ष विजय महतो, भाजपा नेत्री सारथी महतो, चौधरी महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता जे० बी० तुबिद, गणेश महली, उषा महतो, बोनू सिंह सरदार, राकेश जायसवाल अनिता पारित, मदन सिंह सरदार, भोला सिंह सरदार, मनोज महतो, राज कुमार गुप्ता, ठाकुर दास गुप्ता सहित हजारों लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। स्व० साधु दा (पूर्व विधायक साधुचरण महतो ) की पहली पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। ईचागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों की भी सहभागिता रही।

### लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश

रांची। रांची के सभी थानेदारों को पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। ग्रामीण एसपी की ओर से जारी किए गए आदेश में डीजीपी का हवाला दिया गया। पांच साल एवं इससे अधिक समय से जितने भी कांड लंबित है।

### डीएसपीएमयू के श्यामोत्सव में हंगामा, कई विद्यार्थियों को लगा चोट

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में गुरुवार को आयोजित युवा महोत्सव श्यामोत्सव में जमकर हंगामा हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ओपन थिएटर (अखड़ा) में किया गया था, जिसमें लगभग तीन से चार हजार विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम शुरू हुए एक घंटा ही हुआ था, कि कुछ बाहरी लड़कों की विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बहस हुई, जो बाद में मारपीट में तब्दील हो गई। बेल्ट, कड़ा, पत्थर से मारपीट करते हुए दहशत का माहौल बना दिया गया।


**जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी**
**(आपूर्ति शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

नगरपालिका आम निर्वाचन 2023के निमित विभिन्न प्रकार के मुद्रित किये जाने वाले प्रपत्रों/लिफाफों/लेबुलो का विवरण की आपूर्ति हेतु दर निर्धारित हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्मों दिनांक 01.12.2022को अपराह्न 02:00 बजे तक अति अल्पकालीन मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट (www.khunti.nic.in) पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
खूँटी

PR 283314 District (22-23)_D


### संत माईकल स्कूल मुरी में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

**मुरी।** संत माईकल स्कूल मूरी में वर्ग नर्सरी से छठवी कक्षा तक के बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बड़ी उत्साह एवं उमंग के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस खेल कूद मे विभिन्न प्रकार के दौड का आयोजन किया गया जैसे बिस्कुट दौड़, बैलुन पंचर दौड़, जलेबी दौड़, सुई-धागा दौड़, 50 मिटर, 100 मिटर, 200 मिटर दौड़ के साथ उल्टा दौड़, मेढ़क रेस, जुता पहनो रेस, लेमन रेस, बतख रेस, बोरा रेस, चुड़ी पहनो रेस, गणित रेस, हुला हुल रेस, कॉक फाइटिंग रेस, विक्रम बेताल रेस आदि रेस का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया एव अपने भाषण में बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए खेलकुद के महत्व पर प्रकाश डाले। विद्यालय के प्रचार्य सी. एल. प्रजापति ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास तो होते ही है साथ में खेल की भावना तथा समुह में काम करने की क्षमता का भी विकास होता है। इस खेल के विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र एंव पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डा. रूपेश कुमार ने सभी शिक्षिको को क्रार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिये एंव सभी विजेता प्रतिभागीयो को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दिये कार्यक्रम का संचालन रीना साहु एवं मनीषा सिंह ने किया।

### बुढ़मू प्रखंड के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाड़े का स्थापना दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाड़े का स्थापना दिवस मनाया गया। जानकारी के अनुसार बाड़े विद्यालय 100 वर्ष पूरा हो गया है।,और इसी के उपलक्ष्य में स्कूल का 100 वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में स्कूली छात्र, छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।, और स्थापना दिवस में आए अतिथियों का मनोरंजन कराया। वही स्कूल के शिक्षकों द्वारा विद्यालय स्थापित करने वाले लोगो का एवं सहयोग करने वाले लोगो का संबोधित करते हुए अवगत कराया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा स्कूल का स्थापित करने वाले लोगों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुढ़मू प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, बाड़े पंचायत के मुखिया अनुपा उरांव, पंचायत समिति सदस्य सुरजन गोड़ाईत, पूर्व मुखिया हरिश्चंद्र पहान, सीआरपी शिक्षक जनक मुंडा, समाजसेवी कामेश्वर यादव उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबरार अंसारी, सहायक शिक्षक पंकज कुमार, कमर ज्या, विनिता रानी टोपनो, दीपक खारबा, रामनाथ महतो एवं बालमुकुंद सिंह, देवनारायण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। साथ ही स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल आयोजन में स्कूल के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। इधर झामुमो नेता शमीम बड़ेहार समेत ग्रामीणों एवं स्कूल के शिक्षकों ने झारखंड सरकार से स्कूल को देखकर हाई स्कूल बनाने की मांग की है।


सं0 संख्या :–5/प्रशि०(TSP)–01/2022

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची**

पत्रांकः–1502, दिनांक–24.11.2022

**निविदा आमंत्रण सूचना**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा निर्मित /निर्माणाधीन विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संचालन DGT एवं NCVT द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर करने हेतु विभाग द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु विस्तृत निविदा अभिलेख www.iti.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा हेतु प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि–21.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निम्न पते पर भेजा जा सकता है:–
निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।
कमरा न0–306 तृतीय तल नेपाल हाऊस, डोरण्डा, राँची पिन कोड–834002

उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची।

PR.NO.283305 Labour Employment and Traning(22-23):D


## सिल्ली में आजसू बुद्धिजीवी मंच का बैठक संपन्न

# विधायक ने ग्रामीणों के लिये विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिये लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा बुद्धिजीवी मंच की एक आवश्यक बैठक सिल्ली स्टेडियम में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता योगेश्वर महतो भूतपूर्व मुखिया तथा संचालन भागवत सुनार प्रवक्ता बुद्धिजीवी मंच के द्वारा किया। आज के इस बैठक में मुख्य अतिथि भूतपूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सिल्ली विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। सुप्रीमो ने सिल्ली विधानसभा के समस्याओं का समाधान के लिए जनसमूह को बहुत सारे टिप्स दिए। विभिन्न प्रकार के योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए संकल्प लिए जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, हर घर में जल नल योजना तथा जल संरक्षण पर अपने विचार दिए। मजदूर संगठन को कैसे रोजगार मुहैया होगा इस पर अपने विचार दिए तथा 60 साल के ऊपर के दंपति को प्रत्येक वर्ष तीर्थाटन पर जोर दिए ताकि वह निरंतर चलते रहे। इस मौके पर विजय चंद्र महतो अध्यक्ष बुद्धिजीवी मंच, सचिव शरत चंद्र महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, बुद्धदेव दत्ता, शिशिर कुमार सिंह, नरेश चंद्र महतो, रास बिहारी महतो, लंबोदर महतो, तरुण कुमार सिंह, रतन लाल महतो, कर्म सिंह महतो, लखींद्र महतो, लोहरा महतो, मोतीराम महतो एवं सिल्ली विधानसभा के सभी पंचायतों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की विशेष आम सभा संपन्न, लिये गए कई महत्वपूर्ण निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की विशेष आम सभा आज सम्पन्न हो गई।इस बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन दीपक भरथुआर ने की। उन्होंने कहा कि झारखंड में सेपक टकरा खेल के विकाश की असीमित संभावनाएं है। फुट बॉल और वॉलीबॉल के कॉम्बिनेशन वाले इस खेल के खिलाड़ी विभिन्न जिले में अभ्यास कर रहे है सिर्फ जरूरत है उन्हें सुविधा प्रदान करने की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही विभिन्न जिला इकाइयों के लिए थाईलैंड से बॉल मंगवाए जाएंगे। उन्होंने सभी जिला इकाइयों से कमसे कम एक प्रशिक्षण केंद्र खोलने के अनिवार्यता पर जोर दिया। श्री उदय साहू ने कहा कि सेपक टकरा के तकनीकी सेमिनार का आयोजन जनवरी महीने में किया जाएगा। इस बैठक में श्री दीपक भरथुआर सहित,उदय साहू, शिवेंद्र दुबे,चंचल भट्टाचार्य, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, विजय उराँव, शशिकांत पांडे ,रजि अहमद,वाहिद अली, गोकुलानंद मिश्र, गोपाल मुंडा, राजकुमार महतो, उज्जवल सिंह आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–57/2022–23**

1.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :दिनांक **14.12.2022** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **15.12.2022** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक **15.12.2022** को 3.30 बजे अपराह्न।
5.परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6.निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7.निविदा खोलने का स्थान :अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of "E" Type Qtr.No.-E-55 (Ground Floor) in Sector -2 at H.E.C Dhurwa,Ranchi | 14,33,400.00 | 5000.00 | 29,000.00 | Two Months |
| 2 | Construction of Boundary Wall,View Shed and Miscellaneous Work in the Campus of E Type Qtr.No.-43 at Sector -3 ,HEC,Dhurwa,Ranchi | 9,17,800.00 | 1250.00 | 19,000.00 | One Month |
| 3 | Renovation Work of Room No. 32,33,34 & 35 of Russian Hostel at HEC Dhurwa,Ranchi . | 19,25,900 | 5000.00 | 40,000.00 | Two Months |
| 4 | Renovation of Drain and Other Work in "E" Type Qtr.No.-223 at Sector-II,Dhurwa,Ranchi | 15,58,600.00 | 5000.00 | 32,000.00 | Two Months |
| 5 | Renovation of C Type Qtr.No.C-186/33 Ground Floor at Hinoo,Ranchi | 5,37,000.00 | 1250.00 | 11,000.00 | One Months |
| 6 | Campus Development ,Making of Modular Kitchen ,Wardrobe & Door Panelling in Executive Engineer Residence (Occupied by Hon'ble MLA Sri Mathura Prasad Mahto) at Deendayal Nagar,Booty Road,Ranchi | 22,05,700.00 | 5000.00 | 45000.00 | Two Month |
| 7 | Renovation of CD Type Qtr.No. CD -703 Ground Floor Sector -2,H.E.C. Dhurwa Ranchi (Jharkhand ).year 2022-23 | 6,46,670.00 | 1250.00 | 13000.00 | One Month |

नोट : निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 283270 (Building)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### राष्ट्रीय सीनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी व टीम के पदाधिकारी पंजाब के लिए हुए रवाना



रांची। पंजाब,लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी,फगवाड़ा में 26 से 29 नवंबर 2022 को होने वाले सीनियर नेशनल आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए झारखण्ड के जिम्नास्टिक खिलाड़ी,टीम मैनेजर,जज, कोच रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। लायन्स क्लब ऑफ इस्ट के अध्यक्ष रतन अग्रवाल के द्वारा सभी जिम्नास्टिक खिलाड़ी को टी शर्ट प्रदान किया गया। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष आर०के० आनन्द, सचिव निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, लायन्स क्लब ऑफ इस्ट के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कोषाध्यक्ष गोविंद झा, उपाध्यक्ष –तूलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव दीपक गुप्ता,आशुतोष द्विवेदी, धनबाद जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष शशिकांत पाण्डेय तथा अन्य जिला संघों ने टीम के जीत की शुभकामनाएं देकर विदा किया।

### महिला / पुरुष कुश्ती खिलाड़ियों का ट्रायल 26 नवंबर को रांची में

रांची। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु रांची विश्वविद्यालय के कुश्ती टीम गठन के लिए मारवाड़ी कॉलेज रांची के अगुवाई में महिला एवं पुरुष कुश्ती खिलाड़ियों का खुली चयन ट्रायल दिनांक 26 नवंबर 2022 को प्रात: 10:00 बजे से मोराबादी स्थित गेट न० 19 कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के हॉल में आयोजित है। इस चयन ट्रायल में रांची विश्वविद्यालय में अध्ययनरत कोई भी कुश्ती खिलाड़ी भाग ले सकते हैं ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड ,अपने महाविद्यालय का परिचय पत्र, मैट्रिक एवं इंटर का अंक प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।

### एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी सताकी कैंप में कंप्यूटर का प्रशिक्षण शुरू

रांची। प्रखंड के सताकी में स्थित एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी द्वारा अंबाझरिया और सताकी पंचायत के 10 युवकों के बीच कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू किया गया। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 10 युवकों को 30 दिन तक कंप्यूटर के बेसिक कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी कमांडेट दिनेश कुमार ने किया। मौके पर इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार, एएसआई तिलकराज, भूपेन्द्र कुमार, धरमचंद्र और हरिकृष्ण महतो सहित एसएसबी जवान मौजूद थे।

### किरायेदार से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी पिता–पुत्र बरी

रांची। अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने महिला किरायेदार से जबरदस्ती दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी पिता गोल्डन साव एवं उसका बेटा तुलसी साव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। घटना को लेकर पीड़िता ने 19 सितंबर 2020 को खेलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि गाड़ी होटवार निवासी मकान मालिक गोल्डन साव का 19 वर्षीय बेटा तुलसी साव कमरे में अकेले पाकर घुस गया और जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद खेलगांव में पिता–पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने 10 जुलाई 2021 को तुलसी साव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस व आनंद अनुभूति कोर्स का समापन

रांची। प्रखंड के उड़िकेल पंचायत अंतर्गत भुसुर ग्राम में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स एवं आनंद अनुभूति कोर्स का समापन बुधवार को किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य पौलुस होरो, ग्राम प्रधान वार्ड सदस्य एवं सेविका उपस्थित हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 ग्रामीणों को हैप्पीनेस का कोर्स कराया गया।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में टेक्निकल व सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित, कहा-

# लंबे समय से चल रहे अपूर्ण योजनाओं को पूरा करना पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची श्री विशाल सागर, निदेशक एनईपी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत रुप से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों को चल रही स्कीम से संबंधित रिपोर्ट देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो स्कीम लंबे समय से चल रहे हैं और कारणवश अपूर्ण हैं, उन्हें पूरा करना प्राथमिकता है।

उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करें। अगर को संवेदक या अधिकारी लापरवाही करते हैं तो उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में नन डिपार्टमेंटल इश्यू हैं तो बतायें उनका समाधान किया जायेगा। बैठक में सभी कार्यपालक अभियन्ताओं को निदेश दिया गया कि यदि किसी भी योजना के क्रियान्वयन में भूमि संबंधी समस्या अथवा अन्य किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो अविलम्ब लिखित रूप में जिला प्रशासन को इसकी सूचना दें ताकि उसका निराकरण अविलम्ब कराकर योजना कार्य समय सीमा के अन्दर पूर्ण किया जा सकें। सिरम टोली से मेकॉन गोलचक्कर तक एलिवेटेड रोड, अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक रोड के चौड़ीकरण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रियाओं को उपायुक्त जल्द से जल्द पूरा करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने डीएमएफटी, अनटाइड फंड, जिका के स्कीम की भी समीक्षा की। विभिन्न स्कीम में विधि व्यवस्था की समस्या एवं प्रशासनिक भागीदारी की आवश्यकता पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के वेतन पर रोक जारी रखने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

> ◂◂ उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की ली विस्तृत जानकारी।
>
> ◂◂ उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में नन डिपार्टमेंटल इश्यू हैं तो बतायें उनका समाधान किया जायेगा।

### बिजनेस में ध्यान केंद्रित करें युवा : डॉ. एस जय नारायण

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज, कॉमर्स विभाग की ओर से गुरुवार को प्लेसमेंट से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईएसबीएम बेंगलुरु के निदेशक डॉ एस जय नारायण ने करियर एवं नौकरी में क्या अंतर होता है, इस विषय पर छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में श्रम बहुत कम होता जा रही है, इसलिए युवा पीढ़ी को अपना भविष्य व्यापर की ओर देखना चाहिए। व्यापर पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वर्त्तमान समय में विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी में ही आश्रित नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वंय के छोटे-छोटे रोजगार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध करना चाहिए। वर्त्तमान समय में व्यापर ही आम लोगो के लिए सहज है। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजय कुमार ने किया।

## ट्रस्ट ने निर्धन, लाचार व दिव्यांग वृद्ध महिला–पुरुषों के बीच 178 कम्बल, टोपी का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में बृहस्पतिवार को अरगोड़ा के चापु टोली एव लोहरा कोचा के निर्धन लाचार, असहाय, विकलांग एवं वृद्ध महिलाओं और पुरुषों के बीच 178 कम्बल, 178 टोपी एवं 178 ऊनी मोजा का वितरण हेहल प्रखण्ड के समाज सेवी महिला मुस्कान कुमारी, किरण बान्डो के सहयोग से स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों ने संस्था के सदस्यों एव पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न समानों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने सेवा प्रकरण में कहा की भगवान की सेवा से बड़ा पुण्य मिलता है, जब निर्धन लाचार एवं दिव्यांगों की सेवा करते हैं। कम्बल वितरण का कार्य आगे भी समय-समय किये जायेंगे। संस्था के सदस्यों ने इस बर्ष 1100 कम्बल 1100 टोपी/ मफलर 1100 उनी मोजा का वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। सेवा के सभी कार्य संस्था के सदस्यों के सहयोगसे किये जाता है। आज की सेवा के महान कार्य मे संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, नन्द किशोर चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी,, बिष्णु सोनी, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह,रमेन्द्र पाण्डेय एव इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

### अंजुमन के 13 विभागों के समन्वयक बने

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया के ओहदेदारों और मजलिस-ए-आमला के सदस्यों की अहम बैठक गुरुवार को हुई। सदर हाजी मोख्तार अहमद की सदारत में हुई इस बैठक में अंजुमन इस्लामिया के 13 विभागों के कनवेनर का सर्वसम्मिति से चयन किया गया। चयनित कनवेनरों को जल्द से जल्द विभागों की कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया है। महासचिव डॉ तारीक ने बताया कि विभागों के बंटवारे को लेकर बैठक में चर्चा हुई। इसके बाद कनवेनरों का चयन किया गया। जिन्हे विभागों का कनवेनर बनाया गया है, उसमें मदरसा इस्लामिया का मो साजिद उमर, अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल का अयूब राजा खान, अंजुमन मुसाफिरखान व मार्केट का मो नजीब, अंजुमन कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी का शाहजाद खान बबलू, ईदगाह का नदीम अख्तर, अपर बाजार और डोरंडा मार्केट का जावेद अख्तर, जामा मस्जिद का मो नूर और कर्बला चौक मार्केट का मो लतीफ आलम को बनाया गया है।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी विभागीय समिति की हुई घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2022-24 की प्रांतीय कार्यसमिति का विस्तार करते हुए सभी विभागीय समिति की घोषणा की। मारवाड़ी सम्मेलन की विभिन्न विभागीय समितियों में- प्रचार-प्रसार जनसंपर्क मीडिया प्रभारी- संजय सर्राफ, दिनेश केडिया, प्रकाश पटवारी, विनोद शाह, गृह पत्रिका-विष्णु राजगढ़िया, नरेश अग्रवाल, सांस्कृतिक विभाग- नरेश बंका, मुकेश काबरा, सुरेश जैन बोथरा, राजनैतिक विभाग- प्रेम मित्तल, कमल किशोर अग्रवाल, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, सदस्यता विभाग- अंजय सरावगी, राजेश कौशिक, अनु पोद्दार, नेहा पटवारी, रजत आनंद, जन-सहयोग विभाग- प्रवीण लोहिया, कन्हैया कुमार अग्रवाल, सुरेश जैन, गोपाल पारीक, मनीष लोधा, निर्मल बुधिया, सूचना एवं कार्यालय- अनिल कुमार अग्रवाल, राजेश भरतिया, आकाश अग्रवाल, प्रकाश चंद्र नाहटा, श्याम सुंदर शर्मा, पवन शर्मा, योजना विभाग- सज्जन पाड़िया, राजकुमार अग्रवाल, रमेश खीरवाल, किशन संघी, सुभाष अग्रवाल, निरंजन सर्राफ शामिल हैं। **संगठन एवं संस्कृति विभाग-** अशोक पुरोहित, प्रीतम गाड़िया, महेंद्र भगानिया, अमित पोद्दार, मीनाक्षी शर्मा, दीप्ति बजाज, शिल्पी अग्रवाल, युवा प्रकोष्ठ- सुमित सांवडिया, प्रवीण व्यास, श्याम सुंदर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सौरव बजाज, प्रमोद सिंघानिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ- डॉ तरुण अडूकिया, डॉ श्रुति भंडारी नारसरिया, रामाशंकर बगड़िया, **गौ- सेवा विभाग :** अजय भरतीया, ध्रुव सौंथालिया, मधु अग्रवाल हैं। **वित्त संग्रह :** कमल जैन विनायका, प्रदीप अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल मुन्ना, जयप्रकाश सिंघानिया, आलोक अग्रवाल, कानूनी सलाहकार- गोकुल चंद समोता, राजीव अग्रवाल, राजीव शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल बंसल, आनंद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल शामिल हैं। सम्मान एवं प्रतिभा विभाग- प्रकाश बजाज, प्रमोद अग्रवाल, अनिल मुरारका, विनोद खेमका, रिंकू अग्रवाल, अमित खोवाल हैं। उक्त जानकारी मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### बीआईटी पॉलिटेक्निक के समारोह में 242 विद्यार्थियों को मिलेगा प्रमाणपत्र

**रांची।** यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक, बीआईटी मेसरा का डिग्री तथा डिप्लोमा प्रमाणपत्र वितरण समारोह चार दिसंबर को आयोजित होगा। गुरुवार को संस्थान के निदेशक डॉ विनय शर्मा, प्रो रामकेश, प्रो राकेश और सहायक कुलसचिव संदीप कुमार ने कल्याण मंत्री चंपई सोरेन को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। आमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस समारोह में कुल 242 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा। इसमें डिप्लोमा इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के 48, डिप्लोमा इन कंप्यूटर इंजीनियरिंग के 29, डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 30, डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 28, डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 63, डिप्लोमा इन मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग के 10 और डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के एक विद्यार्थी शामिल हैं। साथ ही बीएससी इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के 33 विद्यार्थियों को भी प्रमाणपत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राएं पारंपरिक परिधान में ही भाग लेंगे। छात्राओं को सफेद लाल पार की साड़ी एवं छात्रों को लिए सफेद कुर्ता-पायजामा पहन कर आना अनिवार्य होगा। इस समारोह में बीएससी इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी की छात्रा श्रद्धा कुमारी को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

### आरयू पब्लिकेशन कमेटी की बैठक में कई फैसले हुए

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में गुरुवार को पब्लिकेशन कमेटी की पहली बैठक कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों एवं कॉलेजों के सभी प्रकाशन, पब्लिकेशन कमेटी के अनुमोदन के बाद ही प्रकाशित किए जाएंगे। कमेटी सभी प्रकाशनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के सभी प्रकाशित दस्तावेज, शिक्षकों एवं अन्य के सभी प्रकाशन विश्वविद्यालय के पब्लिकेशन डिवीजन में रखे जाएं, ताकि जरूरत होने पर उन्हें त्वरित गति से उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही निर्देश दिया गया कि पब्लिकेशन डिवीजन यथाशीघ्र विश्वविद्यालय का कैलेंडर जारी करे, जिसमें एकेडमिक, स्पोर्ट्स, परीक्षा कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां सूचित हों।

## वेंचुरा स्किल अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट जेके इंटरनेशनल स्कूल व सेंट थॉमस ने अपने-अपने मैच जीते

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आदित्य लाल की शानदार 86 रनों की पारी की बदौलत संत थॉमस की टीम ने आज गुरु नानक की स्कूल को 185 रनों से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए वही गोल चक्कर मैदान में जेके इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने डीएवी बरियातू को 6 विकेट से पराजित कर शानदार आगाज किया गोल चक्कर मैदान में खेले गए इस मैच में बरियातू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.2 ओवर में 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें सौर्य ने 23 और मयंक ने 22 नवाज रनों की पारी खेली रोहित ने 33 रन देकर 3 तोहिद और अभिराज को एक-एक विकेट मिला जवाब में जे के इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने 16 ओवर में 4 विकेट पर 136 रन बनाकर मैच को जीत लिया इस जीत में रूद्र आकाश ने 61 और देवेश ने 39 रनों का योगदान किया मिनाल ने 31 रन देकर दो शौर्य और सुधांशु को एक-एक विकेट मिला दूसरी ओर शाखा मैदान में खेले गए मैच में संत थॉमस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट पर 304 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया जिसमें आदित्य लाल ने 86 मिथ ने 63 रौनक ने 37 उज्ज्वल ने 35 रनों का योगदान किया आकाश को दो और रवि को एक विकेट मिला जवाब में गुरु नानक की टीम ने 19.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई अरमान ने 36 और हरमंदीप ने 22 रनों का योगदान किया शिवम ने 19 रन देकर 4 उज्ज्वल ने 26 रन देकर दो विकेट लिए शौर्य को एक विकेट मिला।

### हुंडरू और सीता फॉल के 21 पर्यटनकर्मियों को विंड चिटर-जूते का हुआ वितरण

**रांची।** हुंडरू और सीता फॉल में कार्यरत 21 पर्यटक मित्रों को ठंड से बचने के लिए विंड चिटर जैकेट और जूता का वितरण किया गया। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद और संरक्षक बालेश्वर बेदिया ने संयुक्त रूप सामग्री का वितरण किया। इसमें हुंडरू फॉल के 15 और सीता जलप्रपात के छह पर्यटनकर्मी शामिल हैं। राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पर्यटनकर्मियों को ठंड के समय ड्यूटी करने में परेशानी होती है इसको ध्यान में रखते हुए जैकेट और जूते बांटे गए। इधर, जेटीडीसी ने पर्यटनकर्मियों को मिलनेवाली ड्रेस भी नहीं बांटी। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति की ओर से जोन्हा, दशम, पंचघाघ और हिरणी आदि जलप्रपात के कार्यरत सभी पर्यटनकर्मियों को भी जैकेट बांटा जाएगा। मौके पर बालेश्वर बेदिया, सोहन बेक, हरिचरण बेदिया आदि मौजूद थे।

---

ट्रैफिक पुलिस अब दुकानदारों पर शिकंजा कसने के लिए तैयार

# दुकान के सामने वाहन पार्क करने पर वाहन मालिक के साथ-साथ दुकानदारों पर भी लगेगा जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहरवासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए हर तरह के उपाए निकाले जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस अब दुकानदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। दुकान के बाहर वाहन पार्क करने वाले चालक के साथ अब संबंधित दुकानदारों पर भी जुर्माना किया जाएगा। प्रभारी ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह निर्देश दिया। उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि मुख्य मार्गों पर जितनी भी दुकानें हैं। उनके दुकानदारों को दुकान के सामने वाहन पार्क नहीं करने दें। अगर वह सहयोग नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में न सिर्फ वाहन चालक बल्कि दुकानदार पर भी कार्रवाई करें। प्रभारी ट्रैफिक एसपी ने शहर यातायाता व्यवस्था पर बैठक में चर्चा की। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल लाइट को दुरुस्त किया जाए। इससे भी जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही जिन जगहों पर सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहे है, उसकी भी मरम्मत करायी जाए। बैठक में ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव, मुख्यालय वन डीएसपी नीरज कुमार, साइबर डीएसपी यशोधरा, ट्रैफिक थाना प्रभारी और नामकुम थाना प्रभारी मौजूद थे।

### सड़क के किनारे लगाए ठेला–खोमचा

**प्रभारी ट्रैफिक एसपी ने कहा कि सड़क पर ठेला-खोमचा लगाने से शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे शहरवासियों को निजात दिलाना आवश्यक है। इसके लिए ठेला-खोमचा वाले सड़क से हट कर रहें। ऐसा नहीं करने पर उनका ठेला जब्त किया जाएगा।**

### आमजनों से मांगा सुझाव

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए आमजनों से सुझाव मांगे रहे हैं। प्रभारी ट्रैफिक एसपी ने कहा है कि जनता के सुझाव से ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकता है। आम जन मोबाइल नंबर 9431706138, 8987790782 एवं 8987790772 जारी किया गया, जिस पर व्हाट्सएप या फिर कॉल कर सुझाव दे सकते हैं।

---

अचिंत्य चक्र दास जी ने प्रभु श्री कृष्ण जी के जन्म उत्सव पर विस्तार से कथा सुनाई

# श्री कृष्ण की कथा सुनकर भक्तजन झूमने व नाचने से अपने आपको नहीं रोक सके





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पब्लिक स्कूल के निकट श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे एवं तीसरे दिन मुंबई के मुख्य कथावाचक अचिंत्य चक्र दास जी ने प्रभु श्री कृष्ण जी के जन्म उत्सव एवं उनके बाल लीला प्रसंग पर विस्तार से कथा सुनाई। उन्होंने भक्तिमय चौपाई एवं दोहा सुना कर प्रभु श्री कृष्ण जी की स्मरण दिलाई। उन्होंने कहा प्रभु श्री कृष्ण जी के पूजन एवं स्मरण से मन में सुख शांति मिलती है साथ ही पारिवारिक कलह भी समाप्त होती है। इसलिए प्रभु श्री कृष्ण जी का पूजन प्रतिदिन सभी लोगों को अवश्य करनी चाहिए। भक्तिमय श्री कृष्ण स्तुति से भी कथावाचक ने सभी श्रोताओं को नचाया एवं झुमाया। श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम की समापन हुई। कार्यक्रम के व्यवस्था को सफल बनाने मे मुख्य रूप आयोजक श्रीगोविंद दास, रामजतन शर्मा, रंजीत कुमार, शिव किशोर शर्मा, वार्ड नंबर 32 के समाजसेवी इंदुभूषण गुप्ता सहित अनिल कुमार पाठक, प्रकाश वर्णवाल, रामरतन शर्मा, पंकज लाल, रंजन अग्रवाल, बबली वर्णवाल, प्रीति अग्रवाल, अपराजिता पाठक, रीता देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज गैलरी

### राजपुर में मिश्रा इंटरप्राइजेज का जिप उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**चतरा।** गुरुवार को कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर चेकनाका के समीप मिश्रा इंटरप्राइजेज छड़, सीमेंट दुकान का भव्य उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रुप से पूजा के उपरांत विधिवत फीता काटकर किया गया। मौके पर मिश्रा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर निकेश मिश्रा ने बताया कि दुकान में छड़, सीमेंट, छरी, पाइप सहित हार्डवेयर के अन्य सामान उचित मूल्यय पर हमारे प्रतिष्ठान में उपलब्ध है। इसके अलाव अल्ट्राटेक, जंगरोधक सहित अन्य कई ब्रांड के सीमेंट हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, दिलीप मिश्रा, कमलाकांत मिश्रा, नंदकिशोर मिश्रा, डॉ शिवकुमार, नवल सिन्हा, रवीन्द्र मिश्रा, डॉ धीरेंद्र पाठक, बिजेन्द्र साव, पंकज सिंह, मो० सादाब, रूपेश केशरी, मुनेश्वर दांगी, कमलेश राम, पंकज राय, सोनु मिश्रा, मनोज केशरी, लक्ष्मी दांगी, मार्तन सिंह, नरेश सोनी, राजा सिन्हा आदि शामिल थे।

### चतरा में भारत जोड़ो पद यात्रा संपन्न

**चतरा।** गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ों पद यात्र जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक होते हुए नगर भवन तक गई। वहीं नगर भवन में आयोजित सभा में भारत जोड़ों पद यात्रा के उद्देश्यों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। भारत जोड़ो पद यात्रा में शामिल लोगों ने हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सब का एक ही नारा, नफरत छोड़ो भारत जोड़ो नारे लगा रहे थे। पद यात्रा में शामिल कांग्रेसियों ने सलोगनों और नारों के अतिरिक्त देशभक्ति गीत के साथ पदयात्रा सर्किट हाउस से नगर भवन तक की।

### अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से मासूम बच्चे की मौत

**प्रतापपुर (चतरा)।** गुरुवार को प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही पंचायत अंतर्गत रबदा गांव मेंएक मासूम बच्चे की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केवलियां निवासी साबिर खान अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर इलाज कराने राजपुर गांव जा रहे थे। उसी दौरान भरही-कौरा मार्ग पर रब्दा के पास चक से इमामगंज की ओर जा रही पिकअप वैन ने सभी को अपने चपेट में ले लिया। जिससे एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं घायलों को एंबुलेंस की मदद से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया। घटना के बाद मौके से पिकअप वैन छोड़कर चालक फरार हो गया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने भरही-कौरा मुख्य पथ को रब्दा गांव के पास बच्ची की मृत शरीर को रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी पहुंच घटना का जायजा लेकर परिजनों से कहा कि मुआवजे के रूप में एक लाख रुपया मिलेंगे। साथ ही तीन अन्य घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज करवाया जाएगा। जिसके बाद जाम हटा लिया और आवगमन चालु हुआ।

### बीडीओ ने मीड डे मिल कार्यक्रम की गहन समीक्षा की



**बसिया।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मध्याह्न भोजन की प्रखंड स्तरीय मोनिटरिंग एंड स्टीयरिंग कमिटी की एक बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विद्यालयों में संचालित मिड डे मिल कार्यक्रम की गहन समीक्षा की गई। इस बैठक की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सभी विद्यालयों निर्धारित मेन्यू के अनुसार सख्ती से योजना के संचालन निर्देश देते हुए रसोई व खानपान में पूर्ण स्वच्छता का निर्देश दिया गया। मेन्यू के अनुसार करें। इतना ही नहीं बल्कि योजना के संचालन के दौरान बच्चों के जन्म दिन या विशेष दिवसों पर कुछ अलग मेन्यू संपादित करने का निर्देश भी दिया गया ताकि बच्चों को पढ़ाई और विद्यालय के प्रति सतत रुचि बनी रहे। आयोजित बैठक में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ, शिक्षकगण, संजोजिका,रसोइया आदि लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## श्रीश्री महारुद्र यज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण, निकली भव्य शोभा यात्रा

# जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

- विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ के ध्वजारोहण किया गया
- 05 मार्च 2023 को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा यज्ञ



नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में होने वाले श्रीश्री महारुद्र यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जिप सदस्या रीना देवी, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद, प्रमुख स्मिता प्रकाश, उपप्रमुख कविता देवी, कपिल पासवान तथा टंडवा मुखिया किशोर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ के ध्वजारोहण किया गया। वहीं शोभा यात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शामिल श्रद्धालु जय श्री राम, जय महाकाल, जय शिवशंकर, हरहर महादेव का जयकारा लगा रहे थे। शोभा यात्रा प्रतापपुर महावीर मंदीर, रामपुर देवी मंडप, बुढवा शिव मंदिर, बभने देवी मंडप, मुख्यालय स्थित देवी मंडप होते हाई स्कूल मैदान में पहुंचा जहां काशी से पधारे यज्ञाचार्य चक्रपाणी जी ने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार कर यज्ञ का ध्वजारोहण कराया। यज्ञाचार्य के साथ उपाचार्य प्रदीपाचार्य तथा सहयोगी दीपक शामिल थे। वहीं मुख्य यजमान के रुप में अजित पांडेय उनकी धर्मपत्नी संतोषी देवी, निर्मल राम उनकी पत्नी पूनम देवी तथा ग्रामीण चिकित्सक रमाकांत एवं उनकी पत्नी चंचला शर्मा शामिल थे। अंत में महाप्रसाद तथा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। विदित हो कि श्रीश्री महारुद्र यज्ञ 22 फरवरी 2023 को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ तथा 05 मार्च 2023 को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का मना 17वां वार्षिकोत्सव



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय सिथत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का 17 वां स्थापना दिवस सह वार्षिक उत्सव का आयोजन गुरुवार को विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिक सुरेन्द्र कुमार यादव ने किया। अतिथियों ने कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों ने कस्तूरबा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बापु के साथ कस्तूरबा गांधी ने भी आजाद भारत के लिए सपना देखा था। वह जेल गईं और जेल में बंद कैदियों की दशा देख एक मां की तरह तड़पी। बच्चों की तरह भारतीय कैदियों की देखभाल की और बा का दर्जा प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के छात्राओं ने दहेज प्रथा, बेटों से बेटियां कम नहीं, हम हैं झांसी की रानी, लड़कियों पर हो रही उत्पीड़न व अत्याचार पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। वार्डेन इंदु भारती ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बौधाडीह मुखिया अनिता देवी, पूर्व जिप सदस्य पृथ्वी सिंह भोक्ता, पूर्व मुखिया ज्ञानती देवी, नगीना सिंह भोक्ता, शिक्षिका नूतन मरियम कच्छप, प्रियंका कुमारी, कंचन कुमारी, सरिता कुमारी, शिक्षक पवन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, उपेंद्र सिंह, बिजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# नेशनल क्रिएटिविटी ओलंपियाड का आयोजन 26 एवं 27 नवंबर को

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर ।** दी इंस्टिट्यट ऑफ इंजीनियरस (इंडिया) जमशेदपुर चेप्टर द्वारा 19 वा नेशनल क्रिएटिविटी ओलंपियाड का आयोजन 26 एवं 27 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस संस्थान के चेयरमैन एवं टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट प्रबल घोष ने बताया कि प्रत्येक ग्रुप में 4 बच्चे रहेंगे, जिसमें 16 स्कूल के बच्चे जमशेदपुर के बाहर यानी उत्तर प्रदेश उड़ीसा दक्षिण भारत और झारखंड, बंगाल के विभिन्न प्रांतों से आ रहे हैं। जमशेदपुर के स्थानीय पांच स्कूल के बच्चे भी इस ओलंपियाड में शामिल होंगे। कुल 84 प्रतिभागी रहेंगे और उनके साथ उनके अभिभावक और शिक्षक भी रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 2000 से चालू किया गया है। कोरोना के कारण 2 साल इसका आयोजन नहीं हो सका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक ऐसे वातावरण को तैयार करना है, जिसमें बच्चे कुछ अपनी सोच के अनुसार तैयार कर सके । वही आईटी के चीफ एवं टाटा स्टील के अधिकारी अनुराग अग्निहोत्री ने बताया कि किसी भी समस्या का कोई एक समाधान नहीं होता है, बल्कि कई होते हैं। बच्चों में सृजनशीलता लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हम लोग स्पॉट पर क्रिएटिव प्रॉब्लम सॉल्व करने के लिए देंगे और इसका जजमेंट वैज्ञानिक एवं टेक्निकल व्यक्ति करेंगे । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप इंडिया पर जोर दिया, उससे पहले अटल टिंकरिंग लैब की शुरूआत की गई। जिसमें स्कूल के बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर्स आदि देकर कुछ नया चीज बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था। उसी कड़ी में यह आगे का रास्ता है ।यहां पर सभी बच्चे जब अलग-अलग जगहों से आकर अपना क्रिएटिविटी दिखाएंगे तो बच्चों में यह सोच विकसित होगा कि किस तरह एक ही चीज को कई तरीके से किया जा सकता है।

# चिन्हित घाटों से नियम संगत हो बालू की उठाई, अन्यथा होगी कार्रवाईः प्रभा देवी



नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मुखिया प्रभा देवी व पंचायत सचिव बालेश्वर उराव कि अध्यक्षता में समोधटोला बालू घाट समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गारु के दर्जनों ट्रेक्टर मालिक मौजूद थे। बैठक में अवैध उगाही पर रोक लगाने कि मांग कि गई। बालू घाट समिति कि बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक ही चालान निर्गत किया जाएगा एवं बालू घाट में पांच बजे के बाद कोई भी ट्रैकटर प्रवेश नहीं करेंगे। सौ सीएफटी बालू चालान कि राशि 100 रुपया तय है। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया प्रभा देवी ने कहा कि चिन्हित बालू घाटों से नियम संगत हो बालू की उठाई किसी भी परिस्थिति में दूसरे के रैयति जमीन में परिवहन नहीं किया जाएगा यदि कोई परिवहन करते हैं तो इसका जिम्मेवार स्वयं वाहन मालिक ही होंगे नियम विरुद्ध कार्य करने पर जिम्मेवार व्यक्ति पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीओ शम्भु राम ने कहा कि टेंडर वर्क में पंचायत के बालू घाट से बालू नहीं देना है। निजी मकान में बन रहे मकान मालिक के आवेदन पर मुखिया और पंचायत सचिव कि अनुशंसा पर ही बालू का उठाव व परिवहन किया जाएगा। सरकारी नियमानुसार आवागमन के लिए सरकारी जमीन पर ही करना है यदि निजी भूमि से किया जाता है तो इसकी जिम्मेवारी स्वयं वाहन मालिक कि होगी. पीएम आवास के नाम पर अवैध परिवहन व भंडारण करने पर नियमानुसार कार्रवाई कि जाएगी। बैठक में जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा, ट्रेक्टर मालिक मिथलेश प्रसाद, अलोक कुमार सिंह, संतोष सिंह, विक्की कुमार, अजित सिंह,पप्पू ठाकुर, अनूप कुमार कश्यप,शुभम कुमार समेत दर्जनों वाहन मालिक मौजूद थे।

### मिशन मोदी अगेन संस्था का कई ने दामन थाम

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनता पार्टी कि अब नई विंग तैयार हो गई है ।वह विंग है मिशन मोदी अगेन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर अब युवा मिशन मोदी अगेन में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। बमामाईंस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टी के युवा मिशन मोदी अगेन नामक संस्था में अपने योगदान देते हुए इस संस्था का दामन थाम लिया। इन लोगों का एक ही उद्देश्य है,राष्ट्रहित, देशहित। जो राष्ट्र हित की बात करेगा, वह पीएम मोदी अगेन नामक संस्था से जुड़ कर देश की सेवा कर सकता है। इसी कड़ी में बमामाईंस में एक कार्यक्रम के जरिए 4 दर्जन से ज्यादा युवा एवं युवतियों ने पीएम मोदी अगेन नामक संस्था का दामन थामा।

## कोयला तस्करी को पुलिस ने किया विफल

# अवैध कोयला लदा हाईवा के साथ चालक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** पुलिस ने अवैध कोयला लोड सहित एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है ।जिसके बारे में प्रेस वार्ता कर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने बतलाया कि बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद को गुप्त सूचना मिली थी कि बुकरू ग्राम होते हुए चंदवा की ओर कोई अवैध कोयला लोड हाईवा जा रही है। जिसकी पुष्टि के लिए थाना प्रभारी ने पुलिस अवर निरीक्षक एवं सशस्त्र बल के जवानों द्वारा बालूमाथ रेलवे ब्रिज के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान देर रात्रि पुलिस ने जेएच 13एफ 4600 गाड़ी नंबर 12 चक्का हाइवा को रोका। जिसका कागजात जांच करने पर कोयला बुकरू साइडिंग में गिराया जाना था। जो साइडिंग में ना गिरा कर अन्यत्र तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। जो पूरी तरह से अवैध था जिसे पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए। हाईवा को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। और प्राप्त माल के कागजात को जांच की गई जिसके बाद पुलिस ने अवैध कोयला तस्करी के आरोप में कोल माइन्स एक्ट के तहत विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ मामला दर्ज कर चालक मो सलमान खान पिता गियास खान ग्राम केवला थाना चौपारण जिला हजारीबाग को न्यायिक हिरासत लातेहार कारा भेज दिया गया। वहीं नियम संगत गाड़ी व गाड़ी के मालिक पर मामला दर्ज की गई।

**रीलोडिंग का था उद्देश्य, पुलिस ने किया विफल**

ज्ञात हो कि कोयला मगध कोल माइंस से बुकरू कोल डाइटिंग पर गिराया जाना था जानकारों की मुताबिक तस्कर माइंस से रीलोडिंग के उद्देश्य से साइडिंग में कोयला ना गिरा कर अन्यत्र ले जाया जा रहा था जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के अलावे स अ नी सुनील कुमार एवं थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में शिक्षक और अभिभावकों के बीच हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**मांडर।** मांडर के सोसई आश्रम स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका+2आवासीय विद्यालय में शिक्षकों एवं अभिभावकों की बैठक आयोजित किया गया।अपने आये अभिभावकों का छात्राओं ने पारम्परिक तरीके से तिलक एवं पुष्प वर्षा कर नृत्य संगीत करते हुए मुख्य द्वार से मंच तक लाते हुए स्वागत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ भी अभिभावकों के द्वारा दिप प्रज्वलित करके किया गया। बैठक में वार्डेन इन्दु केरकेट्टा ने पीटीएम से संबंधित जानकारी को अभिभावकों के साथ साझा किया।साथ ही बच्चों की परिजनों से की जा रही किसी भी शिकायत के बारे में अभिभावकों से जानकारी प्राप्त किया।वार्डेन ने अपने विद्यालय के सभी शिक्षक का पूरा परिचय कराते हुए अभिभावकों से भी परिचय प्राप्त किया। बच्चों ने अपनी नृत्य संगीत की प्रस्तुति देकर सभी को आनन्दित कर तालियां बटोरने में भी कसर नहीं छोड़ी।मंच संचालन बहुरा एक्का ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जयंती कुजूर ने किया। मौके पर स्वेता वर्मा, अर्चना कुमारी, जुगनी तिर्की, जगरानी केरकेट्टा, प्रदीप प्रसाद सीएमसी सदस्य सहित अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित थी।

### भंडरिया लैंपस चंद्रशेखर सिंह बने लैंपस के नये अध्यक्ष

**भंडरिया ।** भंडरिया लैंपस का चुनाव संपन्न हो गया ।नौका गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह लैंपस के नये अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किए गए। इसकी जानकारी देते हुए लैंपस चुनाव के निर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि चंद्रशेखर को 52 वोट मिला, जबकि उनके निकट प्रतिद्वंदी रमेश टोप्पो को 40 वोट मिला। साथ ही 10 सक्रिय सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया है। इनमें देवानंद कुमार, राजेश कुमार वर्मा ,संजय केसरी, संतोष वर्मा ,सुशील कुमार सिन्हा, अंती टोप्पो, कुसेर्ला केरकेट्टा, देव कुमारी देवी और सुनीता केरकेट्टा का नाम शामिल है । निर्वाचि पदाधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचित अध्यक्ष और सक्रिय सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# महुआडांड़ के मस्जिदे गौसिया में 17वां तरही मुशायरा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित मस्जिदे गौशिया में पहली बार 17वां तरही मुशायरा का आयोजन मुफ्ती शब्बीर कादरी शहर औरंगाबाद के सरपरस्ती व डॉक्टर अमीन रहबर के सदारत में में किया गया। मुशायरे की शुरूआत कुरान शरीफ की तिलावत के साथ शुरू किया गया। मुशायरे में मिशरा तरह था, है जारी फैजान आपका फैजानी आली। इसी मिशरा तरह के अंदर सभी ने अपनी अपनी बातें रखीं। अमीन रब्बर साहब ने कहा जिन्हें गौसुलवारा कहते हैं सारे, विलायत के हैं ओ सुल्ताने आली। हाफिज बरकतुल्लाह साहब ने कहा अरब हो या अजम हर शम्त हर दम, है जारी आपका फैजाने आली। शोहरत औरंगाबादी ने कहा बनी जिनके लिए मखलूके बारी,जो पाए रब से इज्जे हम कलामी। शब्बीर शहर कादरी साहब ने कहा, थी मेरी जुस्तजू में खुद बुलंदी, जिसे अल्लाह ने मुझको अता की। वहीं मुनव्वर सईद साहब ने कहा,ईसी दहलीज का बन कर शवाली शनद,मौकबूलियत की हमनें पा ली। समेत मुशायरे में अन्य अशआर भी पढ़े गए। जिसके बाद फातिहा खानी की गई और महफिले मुशायरा को समापन हुआ। मौके पर मौलाना गुलाम सरवर चतुवेर्दी, मोहम्मद शहजाद आलम, प्रोफेसर खुर्शीद आलम, जरीफुल्लाह अंसारी, फिरोज अंसारी, समेत मस्जिद के तलबा मौजूद थे।

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी की कार्यपालक अभियंता व टीम ने की जांच, कहा-

# गुणवत्तापूर्ण काम नहीं होने पर होगी कार्रवाई



अजय सिन्हा

**लातेहार।** जिला अंतर्गत गारू प्रखंड अंतर्जगत बस स्टेंड बारेसाढ़ से मायापुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 4 किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रामसेली से पहाड़कोचा तक लगभग 5.23 किमी सड़क का निर्माण कराया जा रहा हैं। इन योजनाओं में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है। उक्त खबर को अखबारों में प्रमुखता से उठाया गया था। जिसका नतीजा बुधवार को देखने को मिला क कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार, जेई जनेश्वर राम, उपप्रमुख रामदास यादव आदि की संयुक्त टीम स्थलीय जांच में खबर को सत्य पाया गयाक पथ के निर्माण कार्य में लगे ए. के एन्ड आर०के. वेंचर के संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता को लेकर आरइओ के अभियंता दीपक कुमार, जेई जनेश्वर राम, उपप्रमुख रामदास यादव आदि निर्माण स्थल बारेसाढ़ पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ता ग्रामीणों को निर्माण स्थल पर बुलाकर पूछताछ की। इस क्रम में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में बनी सड़क की मिट्टी को संवेदक द्वारा हटाया नहीं गया । इसके अलावा गड्ढों में मेटल की जगह मिट्टी डाल दिया गया, जिस पर बगैर पानी डाले एवं रोलर चलाए बिना ढलाई कर दिया गया। वही निर्माण कार्य में उपयोग किये जा रहे सामग्री भी बेहद निम्न दर्जे का उपयोग किया जा रहा है क

**तय मानकों में सड़क का निर्माण ना होना चिंताजनक**

घटिया निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलिफा, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव आदि के पास बार-बार शिकायत मिल रही थी कि सड़कों के निर्माण में घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग कर रहा है। कुछ दिन पहले सोशल नेटवर्किंग साइटों पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

**जेसीबी से कलवर्ट को उखाड़ कर दुबारा लगाने का निर्देश**

सबसे पहले रामसेली से नावाटोली होते हुए पहाड़कोचा तक 5.23 किमी सड़क निर्माण की जांच की। जांच में पुलिया व कलवर्ट की भी जांच किये। पहला कलवर्ट जो बनने के साथ ही धस गया था उसे जेसीबी लगाकर उखाड़ने का निर्देश दिये कार्यपालक अभियंता संवेदक के प्रतिनिधि (मुंशी )अरुण चौबे को बोले प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण कार्य करना है गुणवत्तापूर्ण काम नहीं होगा होंगी कार्रवाई उसके बाद जेसीबी से कलवर्ट को हटाया गया। अब वहां दुबारा कलवर्ट बनाया जाएगा, आगे उसी सड़क पर बढ़ने पर एक 90 डिग्री एंगल का कलवर्ट मिला उसकी जांच की गई। जांच में भारी अनियमिताएं पाई गईं और इसे भी तोड़ने का आदेश दिया गया।

# बारेसाढ़ में जश्ने गौसुल वारा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारेसाढ़ स्थित बाबा जसीमुद्दीन शाह की मजार पर जश्ने गौसुल वारा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया ।यह आयोजन पीरे तरिकत हजरत अल्लामा व मौलाना वलीउल्लाह अहमद जया कादरी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए ।यह कॉन्फ्रेंस हजरत अल्लामा व मौलाना फि रदौस आलम हक्कानी मायापूर के जेरे शरपरश्ती में सम्पन्न हुई। जिसमें बाहर से आए ओलमाओ के द्वारा हजरत गौसे पाक के शान में नात व कसीदे पढ़े गए ।और अन्य ओलमाओ के द्वारा हजरत गौसे पाक के जीवनी के बारे में उपस्थित लोगों के विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।कहा गया कि इनकी शान बहुत ही आला है ।ये सभी वलियों के सरदार हैं। इनकी करामते भी अनेकों हैं। हमें इनकी जीवनी से सिख लेनी चाहिए ।इनके द्वारा बताए गए रास्ते पर ही चलकर कामयाबी हासिल किया जा सकता है। हम सभी को इनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। जिसके बाद बाबा जसीमुद्दीन शाह की मजार पर चादर पोशी की गई ।जिसके बाद फातिहा मोहम्मद शब्बीर कादरी के द्वारा किया गया। वहीं अल्लामा व मौलाना वलीउल्लाह अहमद जया कादरी के द्वारा दुआ किया गया। इस जश्ने गौसुल वारा कॉन्फ्रेंस में मोकर्रिर मौलाना अब्दुल वकील, अल्लामा मौलाना गुलाम सरवर फैजी चतुवेर्दी, हाफिज व कारी नुरूल होदा, समेत अन्य ओलमा मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### दो प्राथमिकी अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी, न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल



**बरही।** कांड संख्या 277/16 के प्राथमिक 45 वर्षीय अभियुक्त बरहीडीह निवासी दीपक कुमार उर्फ दीपक प्रसाद केसरी पिता कृष्णा कुमार उर्फ कृष्णा प्रसाद केसरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त के ऊपर आईपीसी की धारा 147,148,149,153, 307, 332, 341, 342, 353, 504, 507 के तहत बरही थाना में मामला दर्ज है। यह स्थाई रूप से बिहार के गया जिलांतर्गत खिजरसराय के रहनेवाले हैं। इसके साथ ही कांड संख्या 205/15 के महिला अभियुक्त 43 वर्षीया चतरो (बरही) निवासी बिमला देवी पति महादेव पासवान को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इनके ऊपर आईपीसी की धारा 34, 307, 337, 338, 341, 504 के तहत बरही थाना में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी सब इंस्पेक्टर मनीषा टोप्पो, रवि कुमार और बरही थाना के नेतृत्व में किया गया। उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्टर ललित कुमार सह थाना प्रभारी ने दी।

### आर के आर्ट और प्रतिभा कुंज के संयुक्त तत्वाधान में 18 को होगा अनुमंडल स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता



**बरही।** आगामी 18 दिसंबर को आर के आठ एवं प्रतिभा कला कुंज के सौजन्य से प्रखंड मैदान बरही में अनुमंडल स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए आरके आरके रवि किसी ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कला के क्षेत्र में लोगो की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है। प्रतियोगिता प्रात: 9 बजे से प्रखंड मैदान आयोजित किया जायेगा। जिसमे अनुमंडल के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, निजी विद्यालय, कॉलेज व कोचिंग क्लासेस के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता को उम्र और कक्षा अनुसार चार भागों में रखा गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार व टॉप 10 को ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

### करसो में भी हाथियों ने मचाया उत्पात वन विभाग से सुरक्षा की अपील की



**बरही।** जंगली हाथियों ने प्रखंड के समीपस्थ पंचायत करसों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा दी है। जानकारी के अनुसार बीते रात्रि पंचायत के विभिन्न गांवों के खलिहान में जंगली हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया गया है। खलिहान में रखे धान के बंडलो को तहस नहस कर दिया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से जंगली हाथियों से सुरक्षा का गुहार लगाया है।

### चार वर्षीये बच्ची का शव कुएं से बरामद



**बरही।** देर संध्या धनवार पंचायत के बरदाग गांव निवासी प्रकाश सिंह की चार वर्षीया पुत्री परी का शव कुएं से बरामद किया गया है। स्थानीय लोगो की मदद से शव को कुएं से निकाला गया। समाचार लिखे जाने तक इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर तफ्तीश कर रहे थे। शव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच चुका था। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। घटना कैसे हुई यह स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मुखिया ने बताया कि स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इसी क्रम में किसी ने उसे कुएं में डाल दिया। घर वाले पिछले दो घंटे से बच्ची खोज रहे थे, इसी क्रम में कुएं में शव मिला।

### खेलो झारखंड के दूसरे दिन हजारों प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलो में किया शिरकत



**बरही।** राज्यस्तरीय 'खेलो झारखंड 2022-23' प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से हजारों चयनित खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पधाओं में अपनी प्रतिभाएं दिखाई। दूसरे दिन लंबी छलांग, ऊंची छलांग, तीरंदाजी, कराटे, चक्का फेंक, फुटबॉल आदि खेलो का आयोजन हुआ। समाप्ति के दूसरे दिन 240 विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विहिप नेता गुरुदेव गुप्ता ने किया। वही समापन समारोह बतौर मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष ने पुरस्कार वितरित कर किया। सीओ ने कहा कि बरही में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के बच्चे भी हर एक क्षेत्र में आगे हैं। इन्हें सिर्फ सहयोग और उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। राज्य सरकार के खेलो झारखंड कार्यक्रम से विद्यार्थियों में खेल भावना बढ़ेंगे और भविष्य में अच्छे करेंगे। स्पर्धा जीतने वाले और हारने वाले दोनो खिलाड़ी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि हारने वाली अपनी गलती सुधारते हुए सफलता की ओर बढ़ने का प्रयास करें और जीतने वाले अपनी आगे की मंजिल प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करें। कार्यक्रम बीपीएम अरुण कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसे सफल बनाने में शिक्षक डॉ सुनील कुमार, अयोध्या कुम्हार, रविकांत ओम, मथुरा महतो, संजय दुबे, मनोज घोष आदि सहित सभी शिक्षक बीआरपी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। बीपीएम ने बताया कि सभी विजेता खिलाड़ी जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

---

पुष्पदंत नाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक

# दर्शन हो तो ऐसा कि दृष्टि में बस जाएं : मुनि विशल्यसागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** पहली बार श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर के नवीन वेदी में 1008 पार्श्वनाथ भगवान विराजमान होने के बाद श्रमण मुनिश्री 108 विशल्य सागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में विश्व शांति कल्याण मंदिर विधान का आयोजन हुआ। गुरुवार प्रातः 1008 पुष्पदंत नाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक एवम विश्व शांतिधारा समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात 1008 पुष्पदंत नाथ भगवान का मगसिर शुक्ल प्रतिपादाम को जन्म और तप कल्याणक भक्ति भाव के साथ मनाया और समाज ने भक्ति भाव के साथ श्री चरणों मे अर्घ समर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रमण मुनि श्री108 विशल्यसागर जी गुरुदेव की मंगल उद्बोधन सुनने करने का सुअवसर भी मिला। गुरुदेव ने कहा कि यह कल्याण मंदिर विधान सर्व उपद्रव को नष्ट करने वाला एवं सर्व सिद्धि दायक विधान है। यह विधान





सातिशय पुण्यवर्धक है हमारा जीवन कल्याण का मंदिर बन जाए। हम भगवान की भक्ति करते समय एक ही भावना भाते है कि मेरा कल्याण हो, जग का कल्याण हो। आराधना करते -करते हमारा जीवन भी आराध्य बन जाएँ आराधना करना जीवन में विराधना नहीं। भव - भव में विराधना की। अब सम्यक आराधना हो जाए। दर्शन हो तो ऐसा कि दृष्टि में बस जाएं, जहाँ दृष्टि में इष्ट बस जाता है वह अनिष्ट नहीं है।

सच्चा भक्त चमत्कार को नमस्कार नहीं करता बल्कि नमस्कार में चमत्कार देखता है जिसकी दृष्टि में प्रभु का वास हो, वह सम्यक दृष्टि होता है। प्रभु के पास सम्यकदर्शन मिलता है। जिनवाणी के पास ज्ञान मिलता है एवं गुरुओं के पास सम्यक चारित्र मिलता है और तीनों एक साथ मिल जाएँ तो रत्नत्रय का फूल खिलता है। संगीत मय पूजन सुबोध जी आशा जी गंगवाल के द्वारा किया गया। साथ ही सभी कार्यक्रम अलका दीदी, भारती दीदी, अभिषेक पंडित के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर समाज के मंत्री जैन ललित सेठी, सहज चातुर्मास संयोजक सुरेन्द जैन, स्कूल संयोजक जैन सुनील छाबडा, जैन मनोज सेठी, अजित गंगवाल, श्री प्रकाश गंगवाल, नीलम सेठी, रानी छाबडा, उषा सेठी नवीन जैन, राजकुमार अजमेरा उपस्थित थे।

## राज्य के सीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर डीसी ने किया गोला प्रखंड का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस के अवसर पर गोला प्रखंड के बरलंगा पंचायत अंतर्गत लुकैयाटांड़ में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने लुकैयाटांड़ मैदान में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के दिन स्थल पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने व समारोह के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिया। दौरे के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमरा में भी संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया व सुरक्षा दृष्टिकोण से विभिन्न व्यवस्थाएं करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इन सबके अलावा दौरे के दौरान उपायुक्त ने हेलीपैड, गार्ड ऑफ ऑनर आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सौरव प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संतोष कुमार सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भूमि अधिग्रहण के खिलाफ गोलबंद हुए पीड़ित रैयत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** एनएच 31 चौड़ीकरण मामले में भूमि अधिग्रहण हेतु विभागीय बुलडोजर चलते ही पीड़ित रैयत तल्ख हो चुके है। हर दिन पदाधिकारियों को नये समस्या और मांग से जूझना पड़ रहा है। पीड़ित रैयतों का आरोप है कि जमीन अधिग्रहण मामले में कई विसंगतियां हैं। जिसे दूर करके ही भूमि अधिग्रहण की जानी चाहिए। रैयतों के अनुसार भूमि अधिग्रहण में कहीं जमीन मापी से अधिक तो कही बिना किसी सूचना का ही अधिग्रहण किया जा रहा है। कुछ को मुआवजा नही मिला है तो कुछ के आधे अधूरे मुआवजे का भुगतान हुआ है। रैयतों ने यह भी बताया कि मुआवजा राशि का सूद सिर्फ मूल राशि पर 2018 तक ही दिए जा रहे है जबकि सूचना 2021-22 में दी गई है। इसमें में विभागीय मनमानी बरती गई है सूद भुगतान में मकान मूल्य का सूद नही दिया जा रहा है। रैयत अपनी समस्या को सुलझाने के लिए उपायुक्त के साथ बैठक



करने के लिए एसडीओ को आवेदन भी दिए है, परंतु अब तक कोई कारवाई नही हुई है। न्याय की आस में पीड़ित रैयत स्थानीय विधायक से लेकर सांसद तक गुहार लगा चुके है। बाबजूद अधिग्रहण का कार्य हेतु तोड़ फोड़ जारी है। जिससे पीड़ित रैयत विभागीय पदाधिकारियों के रवैया से आक्रोशित है। यह सभी अपने हक की लड़ाई के लिए हर संभव संवैधानिक जंग जारी रखने के लिए तैयार है। प्रभावित रैयतों में मोती साव, सुरेश साव, प्रेमचंद साव, गणेश साहू, भुनेश्वर साहू, राहुल कुमार, परमेश्वर केसरी, मनोज केसरी, उमेश गुप्ता आदि शामिल है।

## खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल-कूद का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठाडीह स्थित अडवार स्टेडियम में खेलो झारखंड के तहत प्रखण्ड स्तरीय दो दिवसीय खेल-कूद का आयोजन गुरुवार को किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख रेणु देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो0 कुदुश, गंगपांचो मुखिया चिंता देवी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, बीईईओ किशोर कुमार,अजप्ता प्रखंड सचिव रामकिशुन महतो, सीआरपी/बीआरपी प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण पांडेय ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर खेल कूद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात खेल मैदान में प्रमुख



ने फीता काटकर विधिवत रूप से खेल कूद का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में खेल कॉमेंटेटर के रूप में सीआरपी रामकृष्ण पांडेय एवं फलजीत राणा ने अहम भूमिका निभाई। अपने संबोधन में प्रमुख रेनू देवी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सराहनीय है ।बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि बना रहे इसलिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होना आवश्यक है। वही बीईईओ किशोर कुमार ने कहा कि झारखंड के बच्चे खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तथा देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। विदित हो कि पहले दिन के खेल कूद में 100 मीटर से 15 सौ मीटर की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेक, गोला फेक और कबड्डी स्पर्धा खेल का आयोजन किया गया। इसके तहत प्रखण्ड के सभी मध्य व उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर खेल शिक्षिका पूनम महतो, शिक्षक हरिकांत पांडेय समेत केजिबीभी की वार्डन, शिक्षक, सीआरपी समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

### बार-बार चुनाव टालना जनता के अधिकारों का हनन : पिंकी



**झुमरीतिलैया।** नगर निकाय के चुनाव को बार-बार टालना जनता के अधिकारों का हनन है। जनहित में जनता को मूलभूत अधिकारों से वंचित करना सरकार की नीयत को दशार्ता है। चुनाव टालना शहर की जनता के साथ धोखा है। पिंकी जैन ने कहा कि झारखंड सरकार शहरी क्षेत्र के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है, होल्डिंग टैक्स, पानी के टैक्स, सफाई टैक्स में भारी बढ़ोतरी इसी का परिणाम है। विकास कार्यों में आम भागीदारी को दूर कर रही है जनप्रतिनिधि नहीं रहने से अफसरशाही हावी हो रही है और जनहित में जरूरी कार्य नहीं किए जा रहे हैं। नगर परिषद में सफाई की स्थिति बद से बदतर है। शहर में, वार्ड में कई जगह नालियां गंदगी से भरी हुई है परंतु सुनने वाला कोई नहीं है। 3 सालों से नगर परिषद का चुनाव नहीं कराने से विकास कार्य ठप है, शहर की आम जनता भगवान भरोसे है।

### जिला यक्ष्मा पदाधिकारी की अध्यक्षता में टीबी कैंप का किया आयोजन



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज की अध्यक्षता में बाजारटांड़ में टीबी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में संभावित टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही 1 सप्ताह से अधिक दिनों तक लगातार खासने वाले व्यक्तियों का ऑन द स्पॉट बलगम जांच हेतु कंटेनर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ स्वराज ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 तक रामगढ़ जिला को टीवी मुक्त करने का लक्ष्य है। जिसे पूरा करने के लिए आप सभी का सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है। अतः आप सभी से अपील है कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य दें।

घुमंतू समुदाय के लोगों ने बंडासिंगा में जमाया डेरा

## लोहे का सामान बेचकर चलाते हैं रोजी-रोटी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** घुमंतू समुदाय के दर्जनों लोग प्रखंड के बंडासिंगा मोड़ में पिछले एक सप्ताह से डेरा जमाए हुए हैं। ये लोहे का औजार बनाकर बेचते हैं और जीवकोपार्जन करते हैं।इनके द्वारा घरेलू उपयोग में आने वाले लोहे की कड़ाही, तावा, चक्की, बेलन कुल्हाड़ी, पंहशूल आदि की बिक्री की जा रही है। किलोग्राम के हिसाब से यह अपने सामानों की बिक्री करते हैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र से काफी संख्या में लोग इनके सामान को देखने और खरीदने आ रहे हैं। सभी व्यापारी अपने परिवार के साथ रहते हैं और 10 ,12 दिनों के अंतराल में एक स्थान से दूसरे स्थान चले जाते हैं। अपने सामग्री को बनाने में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी बड़े-बड़े हथौड़े चलाती नजर आती हैं। अशिक्षा के कारण समाज के मुख्यधारा से कटे इस समुदाय के कई परिवार अपने बीवी एवं बाल बच्चों के साथ रह रहे हैं। वहीं इनमें से कुछ व्यापारी जड़ी बूटियों को बेच कर भी जोवको पार्जन कर रहे हैं।

अब तक नहीं हटा जियाडा अधिकृत क्षेत्र से अतिक्रमण, कंपनी के पदाधिकारियों ने लगायी गुहार

## औद्योगिक क्षेत्र जियाडा के 1.797 एकड़ जमीन पर स्थानियों ने कर रखा है अवैध कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** स्थानीय लोगों के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र जियाडा के 1.797 एकड़ भूमि क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा कर भवन आदि निर्माण कर अतिक्रमित कर लिया गया है। जिससे उक्त क्षेत्र में औद्योगिक निर्माण कार्य में समस्याएं हो रही है। अतिक्रमित स्थल को शीघ्र खाली करवाने हेतु जियाडा प्राधिकार के पदाधिकारियों के द्वारा संबधित पदाधिकारियों से गुहार लगाई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता हजारीबाग ने विगत दो सितंबर को ही एसडीओ बरही को अतिक्रमित भूमि क्षेत्र शीघ्र खाली करवाने का निर्देश दिया है। मामले को लेकर उपायुक्त ने भी एसपी हजारीबाग को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए पुलिस बल प्रतिनियुक्ति



करने के लिए बीते 5 अगस्त को ही पत्र प्रेषित किया है। बाबजूद अब तक कोई सार्थक कारवाई नही किया गया है। संबधित मामले में पूछे जाने पर एसडीओ पूनम कुजुर ने बताया कि सीओ बरही को अतिक्रमित स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिया गया है। सीओ के स्थल चिन्हितीकरण के बाद उचित कार्रवाई किए जाएंगे।

**कब हुआ अतिक्रमण**

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार अतिक्रमण रियाडा अधिग्रहण के बाद कुछ लोगो के द्वारा अतिक्रमण किया गया है, पहले यह क्षेत्र परती जमीन था । जहां लोग मवेशी चराते थे और बच्चे मैदान के रूप में प्रयोग करते थे।

अंचल में बढ़ी भष्ट्राचार, मुखिया संघ ने की बैठक, आंदोलन की दी चेतावनी

# पदाधिकारी सिर्फ करते हैं खाना पूर्ति : इंद्रदेव प्रसाद

**मुखिया को मिले पूर्व की तरह सम्मान : मुखिया संघ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के मुखिया संघ के सदस्यों ने बेलकप्पी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को एक अहम बैठक की। बैठक में अंचल में चल रही भष्टार्चार पर प्रतिबंध लगाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि अंचल में भष्टार्चार चरम पर है और पदाधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर रहे है। योजना का फॉर्म ले लेते है





और कचड़े के डब्बे में रख देते हैं। इन मामलों पर यदि तत्काल अंकुश नहीं लगाया गया तो जल्द ही हम लोग व्यापक आंदोलन करेंगे। वही बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी ने बताया कि सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था बनाई हैं। लेकिन मुखिया की बातों को पदाधिकारी अनसुना करते हैं। साथ ही बरकट्ठा दक्षिणी के मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने बताया कि पूर्व में सरकार के द्वारा जो सम्मान मिलता था वह आज के सरकार में नहीं मिल रहा हैं। इस सरकार में मुखिया को कोई मान सम्मान नहीं दे रहे है। उन्होंने बताया कि पहले कई कर्मियों के अनुपस्थिति विवरणी में मुखिया का हस्ताक्षर होता था, अब इस सरकार में बंद कर दिया गया है। इस बार सिर्फ कहने की लिए पंचायती राज है हकीकत कुछ और ही है। वही अन्य पंचायत के मुखिया ने अपनी अपनी बातें रखी। बैठक में मुखिया प्रमिला देवी, रीता देवी, निजाम अंसारी, चिंता देवी, सुमन कुमार, प्रेमिका कुमारी आदि मुखिया शामिल थे।

## जीटी रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये एनएचएआई : विधायक

सड़क परिवहन मंत्रालय समेत उपायुक्त को भेजा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने जीटी रोड सिक्स लेन चौड़ीकरण व फ्लाई ओवर निर्माण कार्य धीमी गति से किये जाने पर नाराजगी जताते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय समेत उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि चौपारण से लेकर गोरहर तक चौड़ीकरण एवं बरकट्ठा में फ्लाई ओवर निर्माण कार्य अत्यंत ही धीमी गति से की जा रही है। कई जगहों पर गड्ढे और रोड़ को वनवे होने के कारण अप्रिय घटनाएं होती रहती है। साथ ही लोगों को आवागमन में



असुविधा हो रही है। अबतक दर्जनों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। निर्माण करा रही एनएचएआई द्वारा कार्य की गति से यह स्पष्ट होता है कि दस वर्षों में भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। इसलिए इस पर संज्ञान लेते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है।

## न्यूज गैलरी

### अवैध बालू लोड पांच हाइवा जब्त



भंडरा/लोहरदगा। भंडरा पुलिस ने 23 नवम्बर को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से बालू ले जा रहे पांच हाईवा गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया। जिसका नम्बर जेएच 01 इएल 25 43 , जेएच 01 डीआर 1794 ,जेएच 01 सीसी 8447, जेएच 01 डीएस 7721, जेएच 07 एच 9888 है। थाना प्रभारी ने गौतम कुमार ने बताया की सभी हाईवा सेमरा की तरफ से आ रहे थे। तभी गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा कर थाना लाया गया। जांच के लिए जिला खनन विभाग को जानकारी दिया गया तथा सभी वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया है।

### पूर्व मंत्री के घर शोक व्यक्त करने सिमडेगा पहुंचे पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा



सिमडेगा। झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा गुरुवार को पूर्व मंत्री विमला प्रधान के आवास जाकर पिछले दिनों स्व. दिलीप प्रधान के निधन पर शोक जताते हुए पूर्व मंत्री को सांत्वना दी कि इस दुख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी एवं मै व्यक्तिगत रूप से आपके साथ हूं। मौके पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा की स्व.प्रधान का निधन दु:खद है, वह सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे एवं उनका मार्गदर्शन हमेशा समाज को मिलता रहा था उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है ।मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद पूर्व नगर अध्यक्ष नवीन सिंह साथ ही स्व. प्रधान के परिजन मौजूद थे।

### गहरा नाला घाटी में टेलर फसने से रोड में लगी जाम



कोलेबिरा। कोलेबिरा घाटी स्थित गहरा नाला के समीप टेलर फंसने के कारण गुरुवार को दिन में आवागमन बाधित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच 143 में कोलेबिरा गहरा नाला के समीप एक टेलर कोलेबिरा की ओर से राउरकेला की ओर जा रही थी उसी क्रम में टेलर गहरा नाला चढ़ान में ना चढ़ कर बैक हो गई जिसके कारण सड़क पूरी तरह जाम हो गया। जिसके कारण एनएच 143 में आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही कोलेबिरा पुलिस को मिली वे मौके पर पहुंचकर फंसे हुए टेलर को निकलवाया एवं साथ ही वहां लगे जाम को क्लियर करवाया।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो आदोलन की हुई बैठक



बोलबा। बोलबा प्रखंड मुख्यालय बाजार टाँड़ स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में भारत जोड़ो आंदोलन को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि एवं प्रखंड कमेटी के लोगों को आमन्त्रित किया गया था बैठक में पार्टी संगठन पर विशेष जोर दिया वहीं आगामी 12 दिसंबर से भारत जोड़ो यात्रा का शुरूआत प्रखंड स्तर पर हो रहा है । जिसको लेकर बैठक में विशेष चर्चा किया गया इस यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रखंड में दो मंडल अध्यक्ष बनाने की चर्चा की गई। मौके पर बैठक की अध्यक्षता प्रेमदास ने किया ।बैठक में ललन सिंह , जोन तिर्की , विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर , अमृत मिंज, जोर्ज मिंज ममता केरकेट्टा के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### दो अज्ञात अपराधियों ने एटीएम कार्ड का हेराफेरी कर 50 हजार रुपये कर ली निकासी

भंडरा /लोहरदगा। भंडरा एसबीआई बैंक एटीएम में गुरुवार को दो अज्ञात अपराधियों द्वारा एटीएम कार्ड का हेराफेरी कर 50 हजार रुपये का निकासी करने का मामला की सूचना भंडरा थाना को दिया गया। बता दे कि बलसोता सरना टोली निवासी मनता उरांव गुरुवार को 10 : 40 बजे भंडरा एसबीआई एटीएम में पैसा निकासी करने गया था तभी पीछे से दो अज्ञात अपराधियो ने एटीएम कार्ड का फेरबदल कर 50 हजार की निकासी कर फरार हो गए। बतया जा रहा है अज्ञात अपराधी एक ब्लोनो कार से आये थे कार में सवार तीन लोग थे जिसमें दो एटीएम में घुसे हुए थे। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बतया की मामले की जांच पड़ताल की जा रही है अपराधियो का सीसी टीवी से फुटेज निकाला गया है और पहचानने का प्रयास किया जा रहा है।

### धृतराष्ट्र बना है प्रशासन, बालू कारोबारी मस्त, आम जनता त्रस्त



जलडेगा। प्रखंड मुख्यालय समेत आस पास के क्षेत्रों में पूर्व की तरह अब भी अवैध बालू का धंधा बदस्तूर जारी है। फर्क बस इतना है पहले दिन के उजाले में होता था, अब रात के अंधेरे में होता है। पहले 15 सौ से 2 हजार में बालू बिकता था और आज 3 हजार से 35 सौ लग रहा है। दुसरी ओर प्रशासन पुरी तरह से आंखें बंद किए हुए हैं। जिसके कारण आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बालू माफिया अपना काम यथावत कर रहे है। जलडेगा के कोने कोने में अवैध बालू स्टाक है। प्रसाशन छापामारी के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, कहा

# जिलें में संचालित कार्य योजनाओं की धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें



नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ उपायुक्त ने समन्वय समिति कि बैठक में स्वास्थ्य, कल्याण, वन प्रमंडल, परियोजना निदेशक आईटीडीए, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, शिक्षा विभाग, विद्युत प्रमंडल, जिला समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग, उद्योग, भूमि संरक्षण, भूमि सुधार, भू-अर्जन, ग्रामीण विकास विभाग, पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, समाजिक सुरक्षा, पशुपालन विभाग, सहित अन्य विभाग कि विस्तृत समीक्षा कर, संचालित कार्य योजनाओं की धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने कि दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में एमटीसी में प्रति माह चयन बच्चों का शत-प्रतिशत उपाचार करने का निर्देश दिया। आईटीडीए, एवं कल्याण विभाग के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जिले के प्रत्येक विद्यालय का भ्रमण करते हुए शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का ई-कल्याण पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना हेतु प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने आवेदनों का सत्यापन करते हुए सभी सुयोग्य लाभूकों को लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत लाभूकों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा कर कार्यपालक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कॉर्डिनेटर के साथ स्थल का भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता का जांच करें। जिन प्रखंडों से हर घर नल से जल योजना के तहत प्राप्त शिकायतों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तथा जिन-जिन प्रखंडों में हर चर नल से जल योजना के तहत कार्य किया जा रहा है जिसका सभी प्रखंड पदाधिकारी को गांव-गांव तक पहुंच, कार्यों की गुणवत्ता का जांच कर अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही हर घर को नल से जल योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रति माह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। सभी सरकारी विद्यालय के बच्चों का शत-प्रतिशत पोशाक वितरण कराते हुए नया ड्रेस में स्कूल आएं इसे सुनिश्चित कराने की बात कहीं। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के छात्राओं का ससमय शत-प्रतिशत सबित्रीवाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित कराने की बात कहीं। जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा कर उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को पोर्टल पर लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन कराने की बात कहीं। तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक से आवेदन प्राप्त कर ससमय बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में पीएम किसान के तहत लंबित ई-के०वाई०सी० से संबंधित कार्य को ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत सभी प्रखंडों को दिए गये निर्धारित लक्ष्य के अनूरूप कार्यों को ससमय शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, आईटीडीए निदेशक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, उप निवार्चन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय सभी विभागीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य कर्मीगण उपस्थित थे।

### डीसी ने ईवीएम वज्रगृह का किया मासिक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा ईवीएम वज्रगृह, 72-लोहरदगा (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र, लोहरदगा) का मासिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम एवं निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो पदयात्रा में अधिक से अधिक लोग जुड़कर पदयात्रा को बनाएं ऐतिहासिक : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। प्रखंड के गोहरीटांड़ में भारत जोड़ो पदयात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा की विशेष उपस्थिति रही। मौके पर विधायक ने कांग्रेस के भारत जोड़ो पदयात्रा को लेकर तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा देश को जोड़ने के लिए माननीय राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई है। प्रखंड के कार्यकर्ता भी पदयात्रा को सफल बनाने को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि पदयात्रा में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं के साथ साथ अधिक से अधिक आम लोगों को भी जोड़ने का प्रयास करें। प्रखंड में निकलने वाली पदयात्रा में ऐतिहासिक भीड़ जुटाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बिना कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता। आप सभी कार्यकर्ताओं के दम पर ही पदयात्रा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है। बैठक में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह,सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिलाओं पर जुल्म, अत्याचार बंद करो के नारों से गुंजा शहर

# महिलाओं पर अत्याचार बंद हो : सामाजिक विचार मंच




नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। पिछले दो दिनों पूर्व खखपरता गांव के झालो टोंगरी खेत में अज्ञात युवती की हत्या कर शव को जलाने का प्रयास किया गया। इस घटना के विरोध में सामाजिक विचार मंच ने पुरानी नगरपालिका से लेकर पावरगंज चौक सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति तक कैंडल मार्च निकाला एवं हत्यारों को की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। राज्य में बढ़ रहे महिलाओं पर अत्याचार को रोका जाए ,पुलिस को अपने सूचना तंत्र को और मजबूत करते हुए इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाना चाहिए. वार्ड पार्षद कमला देवी एवं अविनाश कौर ने कहा कि इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रशासन को अविलंब इस पर कार्रवाई करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। वहीं वार्ड पार्षद सुगो देवी ने कहा कि आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है यह समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह, संदीप भगत, सागर वर्मा, पंकज टोप्पो,वार्ड पार्षद अविनाश कौर , सुगो देवी, कमला देवी एवं मंच की ओर से सत्येंद्र शर्मा, चंदन सिंह रंजन सिंह, राजू यादव, संतोष क्रेकेटा,बरज सिंह, विनोद सिंह मनोज गुप्ता, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, एन कुजूर, अमृता कौर, पिंकी देवी, ललिता उराव, संतोष गुप्ता, कुलदीप ऊरांव, रोहित कुमार, रोहित कुमार, कमलेश कुमार, कमलेश कुमार, शंकर साहू, सोहन साहू, गुड्डू गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने अपने हाथों में तख्तियां व बैनर पकड़ रखे थे जिस पर लिखा था। मुझे न्याय चाहिए और लोग नारे भी लगा रहे थे कि हत्यारों की गिरफ्तारी शीघ्र हो, महिलाओं को न्याय देना होगा एवं महिलाओं पर जुल्म, अत्याचार बंद करो आदि नारे लग रहे थे।

### बोलबा सराइजोर गांव में वन विभाग ने जंगली हाथियों से बचने के लिए दी गयी विशेष जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा प्रखंड के सराइजोर गांव में वन विभाग के तत्वधान में ग्रामीणों को दिया गया हाथों से बचने के लिए विशेष जानकारी। इस मौके पर बताया गया जंगली हाथियों को लोग नहीं छोड़े। वह बहुत बुद्धिमान होता है। उससे तंग नहीं करने पर लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाता है। वन विभाग के द्वारा हाथी भगाने वाला एक्सपर्ट विपिन प्रधान ने लोगों को हाथियों को भगाने के लिए कई आसान तरीके बताएं। जिससे लोग गांव में उपलब्ध सामग्री से हाथियों को आसानी तरीके से भगा सकते हैं। जिससे कि लोगों के फसल एवं मकान तथा अन्य चीजों को बचाया जा सकता है। इस मौके पर गांवों में उपलब्ध होने वाले लाल मिर्च, खैनी, हाथी का गोबर आदि चीजों को मिलाकर देशी और आसान तरीका बताया गया। इस मौके पर वनपाल पदाधिकारी जतरु उरांव, वनरक्षी प्रशांत भारती, वन समिति के जैनुल अन्सारी ग्रामीण रामदयाल प्रसाद, श्रवण प्रसाद, सतीश शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### सिमडेगा में ऑटो को टैक्सी स्टैंड में ही खड़ा करें चालक

सिमडेगा। टैक्सी स्टैंड के संवेदक मो अरशद खान ने सभी ऑटो चालको से ऑटो को स्टैंड में खड़ा करने की अपील की है। उन्होने कहा कि कोई भी ऑटो चालक जहां तहां ऑटो खड़ा नहीं करें। उन्होने कहा कि विशेषकर कचहरी रोड में सड़क के किनारे ऑटो खड़ा कर देने से आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी होती है। उन्होने कहा कि कचहरी रोड में ऑटो खड़ा कर देने से हमेशा दुर्घटना होते रहती है। दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए उन्होने सभी ऑटो चालको से टैक्सी स्टैंड में ही ऑटो खड़ा करने की अपील की है। इधर बुधवार को टाउन थाना की पुलिस ने भी कचहरी रोड के किनारे ऑटो खड़ा करने वालो को हिदायत देते हुए ऑटो को स्टैंड के अंदर खड़ा करने की बात कही है। पकड़े जाने पर कार्रवाई करने का संकेत भी पुलिस पदाधिकारियों ने दिया है।

### दसवीं के छात्रों को पुलिस अंकल ट्यूटोरियल के तहत करायेगी नि:शुल्क ट्यूशन, तैयारी शुरू



नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल के तहत पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ के आदेश अनुसार कोलेबिरा थाना के सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र शर्मा कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत एस एस +2 उच्च विद्यालय कोलेबिरा, कन्या मध्य विद्यालय कोलेबिरा, कस्तूरबा गांधी स्कूल कोलेबिरा, संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह आदि विद्यालयों में जाकर वहां के शिक्षकों के साथ बैठक किया। इस बैठक में उन्होंने शिक्षकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आगामी दसवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर अपने स्कूल के छात्र छात्राओं के पढ़ाई में आ रहे हो समस्याओं का निदान किया जाए साथ ही दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में अधिक से अधिक नंबर प्राप्त करें, अपने स्कूल, प्रखंड, जिले के अलावा अपने राज्य का नाम रोशन करें। सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस अंकल ट्यूटोरियल के तहत बच्चों को मुफ्त में पढ़ाया जाएगा जिसमें पुलिस विभाग के कर्मी एवं स्कूल के शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल का मुख्य मकसद यह है कि जो बच्चे पैसों के अभाव से स्कूल के अलावा कहीं बाहर गैर सरकारी संस्थानों में नहीं पढ़ पाते हैं, जिसके वजह से उनका परीक्षा का परिणाम संतुष्टि जनक नहीं आ पाता है या फिर वह फेल कर जाते हैं, वैसे बच्चों को सुविधा दी जा रही है ताकि बच्चों को स्कूल के अलावा अलग से उन कठिन विषयों पर समय दे सकें और अपने परीक्षा के परिणाम को ऊंचाइयों तक ले जा सके।

## फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में हॉली फैमिली कुरडेग को हरा आरसी मध्य विद्यालय खालीजोर की टीम बनी विजेता

# अवसर मिले तो निखरकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेगी गांव की प्रतिभा : भूषण



नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। हॉली फैमिली स्कूल कुरडेग में बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइल मैच खेला गया। फाइनल मैच के पेनल्टी शूट आउट में आरसी मध्य विद्यालय खालीजोर ने हॉली फैमिली स्कूल कुरडेग को 3-1 से हराया। मौके पर विजेता एवं उप विजेता को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। परंतु अवसर न मिलने से उनकी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। इससे उनमें आपसी मेल-जोल की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल हमें युवा शक्ति,युवा एकता का महत्व तथा मित्रता एवं अनुशासन सिखाते हैं। आने वाला समय युवाओं का है। इस दृष्टि से राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में सशक्त एवं योग्य बनाने का प्रयास कर रहे है। उनकी प्रतिभाओं में निखार लाकर आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासों में जुटी हुई है।

### प्रतिभावान खिलाड़ी खेल से संवार रहे हैं भविष्य : जिप सदस्य

पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों एवं युवाओं को खेल के साथ शिक्षा, समाज एवं देश हित में आगे आने को प्रेरित किया। साथ ही कहा कि युवा लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर कार्य करें, तो ही देश की प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है। जोसिमा खाखा ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। अब खेल कैरियर के रूप में भी अपनाया जाने लगा है और प्रतिभावान खिलाड़ी इससे अपना भविष्य संवार रहे हैं। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गार्डवाल निर्माण में हो रही है बाल मजदूरी

## मुंशी ने कहा ठेकेदार जाने, हमको नियम कानून नहीं पता





नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/जलडेगा। दी गई तस्वीर जलडेगा प्रखंड के चिक टोली की है, जलडेगा प्रखंड मुख्यालय मुख्य गेट के पास से आर सी प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा तक सड़क, पीसीसी, पुलिया और गार्डवाल निर्माण का काम चल रहा है। जहां गुरुवार को मुंशी सत्येन्द्र यादव की उपस्थित में काम कराया जा रहा था जिसमें एक बालश्रम के रुप में 14वर्षीय बच्ची भी काम रही थी, जो मूलतः सरायकेला खरसावां जिले की छोटाबांडी कुदडीह की रहने वाली है। जिसका नाम सोनदारी नाग, पिता का नाम इंदर नाग है। मौके पर उपस्थित मुंशी द्वारा कहा गया कि ठेकेदार जाने किससे काम करवाना हैं। यही नहीं कार्यस्थल पर कार्य से संबंधित सुचना पट्ट भी नहीं लगा गया है जिससे यह भी पता नही चल पाया की ये निर्माण कार्य किस विभाग से और कितनी लागत पर की जा रही है।

**महिला मजदूर को 250 और पुरुष को 300 रुपये दिया जा रहा है मजदूरी :** काम करने वालों मजदूरों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनसे साढ़े सात से आठ घंटा काम लिया जा रहा है। साथ ही उनके साथ भेद भाव भी किया जा रहा है। ठेकेदार महिला मजदूरों को 250 रुपये और पुरुष मजदूरों को 300 रुपये दे रहा है। मुंशी यादव ने कहा मजदूरी के कहे अनुसार ऐ मजदूरी तय की गई है विभागीय मजदूरी दर पता नहीं है।

**कार्यस्थल में बिना बोर्ड लगाए ही शुरू हो गया काम :** कार्यस्थल पर मौजूद मुंशी से योजना बोर्ड के विषय में पूछा गया तो मुंशी ने कहा की इंजीनियर ने कहा है कि काम खत्म होने के बाद एक छोटा सा बोर्ड लगा दिया जायेगा। काम कर मजदूरों ने कहा पत्थर का काम करवाया जा रहा है लेकिन संवेदक मजदूरों के सुरक्षा को लेकर कोई सुविधा नही है। ठेकेदार ने प्राथमिक उपचार के लिए किसी प्रकार की कोई भी सुविधा कार्यस्थल में उपलब्ध नहीं कराई है।

**एक नंबर का काम में दो नंबर का बालू और पत्थर का हो रहा उपयोग :** लाखों की लागत से बन रहे इस निर्माण कार्य में नियमों को ताक में रखकर काम करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य में खेत और नालों के पथरीले और मिट्टीयुक्त बालू एवं अनसाईज पत्थल का उपयोग किया जा रहा है। और सभी बालू अवैध रूप से गिराया जा रहा है।

### बांसजोर जिप सदस्य के पहल पर भुकुमुंडा में लगा नया ट्रांसफार्मर



नवीन मेल संवाददाता

बांसजोर। जिला परिषद सामरोम पॉल टोपनो के प्रयास से भुकुमुंडा चर्च मुहल्ला में ट्रांसफार्मर लगाया गया। विगत तीन महीना से तारगा पंचायत के भुकुमुंडा चर्च मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिससे वहां के लोग काफी परेशानी में थेंउन्हे अंधेरा में रहना पड़ रहा था जिसको देखते हुए भुकुमुंडा हाई स्कूल के प्रिंसीपल ने 10 नवम्बर को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिला परिषद श्री टोपनो से मुलाकात कर ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से अवगत करवाई। इस पर जिला परिषद ने संज्ञान लेते हुए सिस्टर से कहा की जल्द ही खराब ट्रांसफॉर्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसी क्रम में गुरुवार को जिला परिसद ने बिजली विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से बात कर पुराने ट्रांसफॉर्मर को ग्रामीणों के सहयोग से खोल कर विभाग के पास पहुंचाया। उसके बाद ज़िला परिषद एवं उनके सहयोगी नया ट्रांसफॉर्मर लेकर भुकुमुंडा आए एवं गुरुवार को ही भुकु मुंडा चर्च मोहल्ला में ट्रांसफार्मर लग गया इससे भुकमुंडा चर्च मोहल्ला के ग्रामीणों एवं प्रिंसिपल ने अपार खुसी व्यक्त किया एवं वहां के ग्रामीणों ने जिला परिषद के धन्यवाद कहते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

## न्यूज गैलरी

### कुमुद सहाय को पलामू में बनाया गया नोडल पदाधिकारी

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने विद्यालय और कार्यालयों के निरीक्षण के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी है। जिलावार नोडल पदाधिकारी को इसके लिए नामित किया गया है। इस संबंध में शिक्षा सचिव रवि कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। जिसमें पलामू के लिए कुमुद सहाय को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि विभाग के अंतर्गत विद्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विद्यालय संचालन, मध्यान्ह भोजन योजना, छात्र शिक्षकों की उपस्थिति, प्रयोगशाला, पुस्तकालय अधिगम वृद्धि एवं मूल्यांकन, पेंशन आदि कार्यों का सतत निरीक्षण/ पर्यवेक्षण अति आवश्यक है। पूर्व की भांति विद्यालयों, कार्यालयों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित जिला का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। यह विद्यालयों एवं कार्यालयों का निरीक्षण और समीक्षा करेंगे। निरीक्षण कार्य नवम्बर माह से प्रारंभ किया गया है। प्रत्येक माह में कम से कम एक भ्रमण किया जाना आवश्यक होगा। भ्रमण के लिए पदाधिकारियों को वाहन की आवश्यकता को पूरी की जायेगी। उनके लिए वाहन की व्यवस्था झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची कार्यालय से की जायेगी। जो पदाधिकारी ट्रेन से भ्रमण करना चाहेंगे । उनके लिए जिला में भ्रमण के लिए वाहन की व्यवस्था संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा की जायेगी। जरूरत के अनुसार पदाधिकारियों के ठहरने के लिए भी उचित व्यवस्था परिसदन 1बी में इत्यादि में की जायेगी। निरीक्षण पर्यवेक्षण के क्रम में यथासंभव अभिभावकों एवं अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर संपर्क कर योजना क्रियान्वयन के संबंध में मंतव्य प्राप्त किया जा सकता है। सभी नामित नोडल पदाधिकारी अपना निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी के कोषांग को सौंपेंगे। प्रतिवेदन को संबंधित निदेशालय कार्यालय को संकलन के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।

### महापौर ने चौधराना किराये के संबंध में दिया स्पष्टीकरण

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने गुरूवार को एक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चौधराना बाजार के किराए के संबंध में पूछे जाने पर कही कि पता नहीं कि आजकल त्रिपाठी जी को क्या हो गया है । जो पत्र दिखाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। डुगडुगी बजवा के बाजार में सबको बता रहे हैं कि किराया कम हो गया भाई ,किराया कम हो गया , माला पहनाओ । जब व्यवसायियों को यह पता चलेगा की उसी पत्र के अंतिम पारा में लिखा है कि किराया अभी नहीं अगले चुने हुए बोर्ड से यथोचित निर्णय लिया जायेगा, तब वे व्यवसायियों को क्या जवाब देंगे । महापौर ने कहा कि जब वे कैबिनेट मिनिस्टर थे तो खासमहाल का कैंप बिना पूरी जानकारी लिए वाहवाही लूटने के उद्देश्य से कैंप लगवा बैठे । जब शहर वाले कैंप में नहीं पहुंचे ,तो उन्हें समझ आया की कहीं कुछ गड़बड़ हो गया है और धीरे से निकल पड़े। महापौर अरुणा शंकर ने चौधराना किराए के संबंध में स्पष्ट किया कि जो सरकार ने किराया निगम चुनाव के उपरांत निर्वाचित बोर्ड से 4 रुपया निर्धारित करने की बात पत्र में लिखी है । उसे मैं आगामी बोर्ड में ही प्रस्ताव लाकर सरकार को पत्र दूंगी कि अभी से किराया कम करने की अनुमति नगर विकास मुझे दें , ताकि किराया अभी से लागू हो ,बाद में क्यों ? वही किराया कम करने के साथ हर 5 वर्षों के उपरांत मात्र 10 प्रतिशत किराया वृद्धि का भी प्रस्ताव बोर्ड से पारित कराया जायेगा। ताकि बीच में कोई हमारे व्यवसाय भाइयों को आगे अनाप-शनाप किराया बढ़ाकर तंग ना कर सके। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया जो किराया 6 रुपया के दर से व्यवसायियों से लिया गया है। मैं प्रयास करूंगी कि उनका किराया 4 रुपया के दर से हिसाब करते हुए शेष राशि को आगे एडजस्ट किया जाए। क्योंकि व्यवसायियों ने अंडर प्रोटेस्ट वह किराया दिया था। वे बुधवार को एक इंटरव्यू में कह रहे थे कि महिलाएं घर में रहती हैं। उनको बाहर का क्या पता ,तो शायद वह भूल गए हैं कि उनके दल के नेतृत्वकर्ता भी एक महिला है। मैं उनके बातों को बुरा नहीं मानती और किसी को भी नहीं मानना चाहिए । अब देखिए ना कभी सीधे नेताजी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ने जा रहे , तो कभी सीधे राष्ट्रीय स्तर से ,एका एक लूडो के सांप की सीढ़ी की तरह नीचे आकर निकाय चुनाव लड़ने लगे पता नहीं उनको क्या हो गया। मैं किराया कम कराने के लिए विशेष बधाई झारखंड चेंबर अध्यक्ष के किशोर मंत्री को जिनके प्रयास से सरकार ने बिना नक्शा के बने 3 तल्ले तक का मकान वैध कराने हेतु नोटिफिकेशन किया और होल्डिंग टैक्स तथा खासमहाल को सरलीकरण कराने पर कार्य चल रहा है । साथ ही मैं जेएमएम जिला अध्यक्ष तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष को भी बधाई देती हूं । जिन लोगों ने व्यवसायिक हित में दलगत भावना से ऊपर उठकर निगम एवं चेंबर की बातों को सरकार तक पहुंचाई।

### श्राद्ध में पौधारोपण से प्रकृति व पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के सबसे अधिक सुदूरवर्ती हुलसम पंचायत के तारू दाग बाघ मनवा निवासी विलास यादव की मौत चेन्नई में एक दुर्घटना में हो गया था । उनके श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी का पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रनेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेख है श्राद्ध में स्वर्गीय विलास यादव के पुत्र अंकेश यादव, राकेश यादव, अखिलेश यादव, मुखदेव यादव, विष्णु देव यादव,सुभाष गुप्ता,अरुण पाठक, जुबेर अंसारी,जयराम सिंह हरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह,कैलाश भुइयां उपस्थित थे।

13 करोड़ की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं का शिलान्यास, बोले मंत्री

# जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आयेगा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं की आधारशिला रखी। मंत्री ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में मुख्य रूप से तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सोनपुरवा में अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बस स्टैंड, करीब दो करोड़, 71 लाख रुपए की लागत से मंझियाव मोड़ के समीप सरस्वती नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण एवं मंझियांव मोड़ का सुंदरीकरण व हाई फ्लैग मास्ट का अधिष्ठापन शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा शहर के मझियांव मोड़ पर स्थित सरस्वती का नदी पुल वर्षो से जर्जर हो गया था।



यह अंतरराज्यीय मार्ग है। जिसके कारण आवागमन में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब इसका निर्माण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में वर्तमान में 40 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। ताकि यहां दुकान लगाने वाले लोग बेदखल नहीं हो। इसके अलावा 100 अन्य दुकानों का भी निर्माण होगा जिससे अन्य लोगों के रोजगार के अवसर मिल सकेंगे । उन्होंने कहा कि हमारी सोच गढ़वा को विकसित जिलों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार बनते ही विकास को ले चिंतित हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं । जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आ रहा है । ऐसी स्थिति बन गई है कि यदि सभी योजनाओं का शिलान्यास किया जाए तो शिलान्यास करने में तीन माह से अधिक समय लग जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर के विकास का पैमाना वहां उपलब्ध नागरिय सुविधाओं से आंका जाता है। गढ़वा बस स्टैंड सर्वश्रेष्ठ बस स्टैंड बनेगा। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कुमुद कुमार झा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, जीप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, संतोष केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, घनश्याम प्रसाद, मदनी खान, नीलू खान, आशीष अग्रवाल, दिव्य प्रकाश केशरी, संजय ठाकुर, रेखा चौबे, रविंद्र गुप्ता, नसीम अख्तर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

#### स्टैंड की विशेषताएं

तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस बस स्टैंड में भव्य मुख्य द्वार सहित 40 दुकाने, रेस्टोरेंट, महिला डोरमेट्री, पुरुष डोरमेट्री, शौचालय की व्यवस्था, पूछताछ केंद्र, प्रतीक्षालय, टिकट घर, दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, एक साथ 20 बसों के ठहराव की व्यवस्था, स्टोर, किचन, ऑफिस जैसी सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। यह बस स्टैंड के गढ़वा का गौरव होगा।

## बिलैतीखैर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलैती खैर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया । वही पंचायत के विभिन्न गांव से आए हुए खिलाड़ियो को फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन से कुशल खिलाड़ियों का चयन किया गया । जिसमें विभिन्न गांव से आए हुए फुटबॉल खिलाड़ी उमाशंकर परहीया, विकास सिंह,अखिलेश सिंह, मुकेश सिंह, मंत्री सिंह, विनय सिंह,कमलेश सिंह, जगमोहन सिंह,गणपत सिंह, बिरेंद्र सिंह,संतोष परहीया का नाम शामिल है । इसकी जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने बताया कि आज हमारे पंचायत में पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल टूनार्मेंट का



आयोजन किया गया जिसमें से कुशल खिलाड़ियों को चयन कर प्रखंड में भेजा जाएगा वहीं प्रखंड से खिलाड़ियों को चयन कर जिला में व जिला से चुने हुए खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका प्राप्त होगा। मौके पर टीम के कप्तान बिरेंद्र सिंह, उपकप्तान उमाशंकर परहीया, गोल जज विमलेश सिंह, देव नारायण सिंह, लायंस मैन अजय सिंह,कलू सिंह,रामनाथ सिंह,बिनेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य सहदेव सिंह, इमामुद्दीन मंसूरी, नेमा सिंह, मनदीप यादव, दुर्गेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एआईएसएफ के मांगो को जल्द पूरा किया जाए नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : विदेशी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय की अध्यक्षता में एनपीयू के डीएसडब्ल्यू के नाम उनके आदेशपाल को 8 सूत्री मांग पत्र का प्रति दिया । मांग पत्र का प्रतिलिपि प्रति कुलपति को भी दिया गया । मांगपत्र में आर्थिक रूप से गरीब छात्र को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाये।। महाविद्यालय पत्रिका राशि लिया जाता हैं, पर छात्रों को मैगजीन उपलब्ध नहीं कराया जाता। बिजली के लिए पैसा लिया जाता हैं, पर पंखा नहीं चलता । कॉमन रूम का राशि लिया जाता हैं, पर कॉमन रूम उपलब्ध नहीं हैं। मेघा छात्रवृति योजना लागू किया जाये। युवा महोत्सव, खेलकूद समय कराया जाए। शारीरिक शिक्षक प्रत्येक महाविद्यालय में नियुक्त किया जाए। कौशल मनी शिक्षा पूरी होने के बाद वापस किया जाए मांग किया गया। मौके पर विदेशी पांडेय ने कहा कि नामांकन दाखिल लेते समय कई तरह के शुल्क लिए जाते हैं मगर उसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पाता।

## कांग्रेस ने भाजपा की जन आक्रोश रैली को नौटंकी बताया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि भाजपा के द्वारा निकाली गई जन आक्रोश रैली बिल्कुल ही नौटंकी एवं लोगों को दिग्भ्रमित करने वाला कार्यक्रम है। भाजपा को जनआक्रोश रैली बेरोजगारी,महंगाई,भ्रष्टाचार एवं काला धन के खिलाफ एवं केंद्र सरकार की विफलता के विरुद्ध निकालने चाहिए। झारखंड में सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल काफी सराहनीय व उल्लेखनीय रही है। झारखंड सरकार के द्वारा पेंशन योजना, रिक्त पदों पर सरकारी नौकरी, आदिवासियों, अल्पसंख्कों एवं पिछड़ी जातियों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और राज्य में महागठबंधन की सरकार बेहतर कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद सरकार का भाजपा के द्वारा विरोध किया जाना हास्यास्पद एवं नौटंकीपूर्ण है। इस तरह की नौटंकी भरा रैली के लिए भाजपा नेताओं को भाड़े के लोगों को लाने के लिए ड्यूटी पर लगाई गई थी।

## पोस्टमार्टम हाउस में व्याप्त गंदगी से आसपास के लोग परेशान

लावारिस लाश के दाह संस्कार के लिए जेब से खर्च करती है पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यहां पर चीर फाड़ करने वाले कर्मचारी अपने मनमाने ढंग से मृतक के परिजनों से पैसे वसूल रहे हैं। बताते चलें कि मंगलवार को एक महिला जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि वे महिला के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। वहां पर पोस्टमार्टम हाउस में चीरफाड करने वाले कर्मचारियों के द्वारा उनसे 35 रुपये मनमानी रकम मांगी गई। इसके बाद मृतक के परिजनों ने इस बात की जानकारी सीएस विजय सिंह को दी । विजय सिंह से बात करने के बाद 500 लेकर कर्मचारियों के द्वारा चीर फाड़ किया गया। इतना ही नहीं पोस्टमार्टम हाउस में अज्ञात शव को रखने के लिए डीप फ्रीजर भी नहीं है। जिसके वजह से कई दिनों तक लाश पोस्टमार्टम हाउस में ही पड़ा रहता है। इससे आसपास के क्षेत्र में काफी दुर्गंध फैलती है। जिसके वजह से आसपास के लोग काफी परेशान रहते हैं। पोस्टमार्टम हाउस के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि कभी-कभी पोस्टमार्टम



हाउस से इतनी बदबू आती है कि लोगों को खाना खाना भी मुहाल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस में साफ-सफाई व डीप फ्रीजर लगवाने का जिला प्रशासन से आग्रह किया है

### मंत्री से दो मुहाना नदी पर पुल निर्माण की मांग

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने मंगरा मौजा के बिवाटीकर स्थित दो मुहाना नदी पर पुल निर्माण की मांग पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर को आवेदन देकर किया है। मुखिया द्वारा मंत्री को दिये गए आवेदन में कहा गया है कि सिलीदाग पंचायत के विवाटीकर में आदिवासी व अनुसूचित जाति सहित अन्य जाति के लगभग 12 सौ की आबादी है। इस गांव के लोगों को गाय -बकरी चराने एवं खेती बाड़ी करने जाने के साथ अन्य कार्यों के लिए दोमुहाना नदी को पार करना पड़ता है। जिसके कारण लोगों गर्मी में किसी प्रकार काम चल जाता है लेकिन वर्षात और सर्दी में कई तरह के समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सबसे अधिक समस्या बरसात के दिनों में होता है। जब नदी में पानी का बहाव बढ़ जाता है, तो ग्रामीण जान जोखिम में डालकर किसी प्रकार नदी को पार करते हैं। मुखिया ने इस चिरपरिचित मांग को पुरा करने की मांग मंत्री मिथलेश ठाकुर से किया है।

## उड़ते धूल-गर्दा से परेशान ग्रामीणों ने बुकरु-फुलबसिया बाई पास मार्ग को 7 घंटे किया जाम

कोयला का गरदा घर-फसल आदि में गिरने से ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सवासार के ग्रामीण और पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने भूल गर्दा से परेशान होकर गुरुवार को फुल बसिया बुकरू भाया बालूमाथ बाईपास मार्ग घंटो जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार अहले सुबह शेरेगड़ा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सहेंद्र राम व मुखिया पति सुरेंद्र उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने फुलमतिया बुकरू बालूमाथ बाईपास मार्ग को लगभग 7 घंटे तक जाम कर दिया जिससे सैकड़ों हाईवा वाहन की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावित इलाकों में पानी तक छिड़काव नहीं किया जाता है। सीसीएल के आडियल रवैया से नाराज होकर सड़क पर आकर नियमित जल छिड़काव,



नुकसान हुए फसल का मुआवजा राशि,पेयजल की सुविधा,शिक्षा की सुविधा,कोयला हाईवा परिचालन कर रहे हाईवा वाहन पर त्रिपाल का ढक कर परिवहन करने की मांग किया गया। ग्रामीणों का आरोप था कि कोयला हाईवा वाहनों के परिचालन से कोयला गरदा उड़कर बेडरूम तक पहुंच जा रहा है। कुएं के पानी में गर्दा चला जा रहा है जिससे हम शुद्ध पानी तो क्या शुद्ध वायु भी नहीं ले पा रहे हैं। फसल का भी काफी नुकसान हो रहा है । जिससे हम लोग कई तरह की बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं और आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं लेकिन लगातार शिकायत के बाद भी सीसीएल प्रबंधन इस विषय पर ध्यान नहीं दे रही है,मजबूरन हमलोंग सड़क को जाम किए हैं।सूचना के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप कर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर,मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बाद सड़क जाम खुलवाया गया। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सहेंद्र राम पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली, केंद्रीय राज्य मंत्री भी हुई शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड की सरकार के जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पलामू में इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं झारखंड राज्य एससी मोर्चा के अध्यक्ष शिव शंकर उरांव के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक की अध्यक्षता में जन आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली स्थानीय शिवाजी मैदान से होते हुए छहमुहान चौक की ओर आगे बढ़ा । जिसका संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया । आगे बढ़ते हुए समाहरणालय के समक्ष यह एक जनसभा में तब्दील हो गई। हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए धरना प्रदर्शन को सफल बनाया गया ।। मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अबुआ राज के बबुआ मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य को लूट का अड्डा बना दिया । बालू, गिट्टी, कोयला चाहे कुछ भी सब भ्रष्टाचार का केंद्र बना हुआ है । केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस राज्य के दिसोम गुरु कहे जाने वाले शिबू सोरेन ने 1990 के दशक में इस राज्य को कांग्रेस के हाथों बेच दिया था । अर्थात एक बेचने वाला और दूसरा खरीदने वाला और एक तीसरा दल राष्ट्रीय जनता दल जिसने कहा था कि झारखंड हमारे लाश पर ही बन पायेगा। फिर भी केंद्र में भाजपा की सरकार जैसे ही बनी बिहार से झारखंड को अलग करने का कार्य भाजपा ने किया। भाजपा के नेताओं का यह कर्तव्य बनता है कि इस राज्य को लूट का अड्डा नहीं बनने देंगे।



जन आक्रोश रैली में जनसैलाब

उसके लिए जितने भी आंदोलन होंगे करने से हम बाज नहीं आयेंगे। छोटे राज्यों का निर्माण का उद्देश्य यह था कि सभी सुखी संपन्न हो, सभी को रोजगार मिले । लेकिन इस राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ष 5 लाख लोगों को नौकरी देने का जो वादा किया था । जब तक नौकरी ना मिले तब तक बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया था, उस वादे का क्या हुआ । लेकिन यह वादाखिलाफी की सरकार केवल और केवल झूठे वादे करके जनता को लॉलीपॉप दिखा कर अपना उल्लू सीधा करने का काम किया है। इस सरकार का कोई नैतिक अधिकार नहीं बनता है कि वह सत्ता में बनी रहे । वही एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि यह सरकार ऐसी निकम्मी सरकार है कि कब किसकी हत्या हो जाए, लूट हो जाए , मारपीट हो जाए,पता नहीं। इसका जिम्मेदार कौन होगा यह भी देखने वाला कोई नहीं है। भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री का पलामू की पवित्र धरती पर आगमन हुआ है। जो अपने आप में हम सभी का उत्साहवर्धन करने का कार्य करेगा । यह बलात्कारियों की सरकार है या उसका पोषण करने वाली सरकार है। यहां पुलिस में दरोगा पद पर आसीन बेटी के साथ भी हत्या हो जाता है। पलामू के सांसद वीडी राम ने कहा कि आज दलितों और आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है और इस अत्याचार में ब्लॉक स्तर के अधिकारी से लेकर के जिला स्तर के अधिकारी भी लगे हुए हैं । जब से यह सरकार बनी है तब से आतंकवादियों का राज्य कायम हो गया है । कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है । बैठक में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी , आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी ,पलामू भाजपा प्रभारी विनय जयसवाल, महापौर अरुणा शंकर ,उपमहापौर मंगल सिंह ,श्याम नारायण दुबे ,प्रेम सिंह ,परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पांडे , पूर्व सांसद मनोज कुमार, उदय शुक्ला, लवली गुप्ता, नरेंद्र पांडे ,दुर्गा जोहरी, धर्मेंद्र उपाध्याय ,अरविंद गुप्ता, कृष्णा गुप्ता ,मुन्ना चंद्रवंशी , रामचंद्र यादव ,श्यामा द्विवेदी ,रेनू देवी ,सुजाता सिंह , जितेंद्र तिवारी , सीटू गुप्ता, नवेन्दु मिश्र, सोमेश सिंह, सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे ।धन्यवाद ज्ञापन एवं सभा समाप्ति की घोषणा महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

## रेलवे निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी को माओवादी बना रहे निशाना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पैसों और कैडर की समस्या से जूझ रहे माओवादी बौखलाहट में हैं। यही कारण है कि रेलवे निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी को माओवादियों ने निशाना बनाया है। पिछले दो महीने के अंदर माओवादियों ने लातेहार के इलाके में फ्रेट कॉरिडोर बना रही कंस्ट्रक्शन कंपनी पर दो बार हमला किया है। दोनों हमलों के मामले में माओवादियों ने पर्चा छोड़कर जिम्मेवारी ली है और लेवी की मांग की है। दरअसल, इन्ही दो महीने में माओवादियों के सबसे सुरक्षित ठिकाना बूढ़ा पहाड़ पर सुरक्षा बलों का कब्जा हो गया है। माओवादी अपने सबसे सुरक्षित ठिकाने को छोड़ के भागने पर मजबूर हुए हैं। बूढ़ापहाड़ के इलाके को माओवादी छोड़कर भाग गए हैं और उनके पास पैसे और हथियार की कमी हो गई है। माओवादियों को झारखंड में सबसे अधिक कोयल शंख जोन से लेवी मिलती थी। लेकिन सुरक्षाबलों के दबाव के कारण इलाके में लेवी मिलना बेहद ही कम हो गया है। सुरक्षा जंक्शन के अनुसार माओवादियों के पैसे और कैडर समस्या को दूर करने की जिम्मेदारी रबिन्द्र गंझू को दी गई है। यही कारण है कि उसके दस्ते ने रेलवे को शार्ट टारगेट बनाते हुए लेवी लेने के लिए हमले को अंजाम दिया है। जिस इलाके में रेलवे पर लगातार हमले हुए हैं । वह इलाका रबिन्द्र गंझू का सबसे सुरक्षित ठिकाना है। रबिन्द्र गंझू पर राज्य सरकार ने 15 लाख का इनाम घोषित कर रखा है। सुरक्षा एजेंसी के अनुसार उसके दस्ते में करीब 15 से 20 सदस्य शामिल हैं। बूढ़ा पहाड़ से निकल कर भागे कुछ नक्सली भी उसके साथ हो गए हैं। सुरक्षा एजेंसी के अनुसार माओवादी रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी से करीब 5 करोड़ रुपये की लेवी वसूलना चाहते हैं।

**माओवादियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू :** लातेहार के जिस इलाके में रेलवे के थर्ड लाइन परियोजना पर हमला हुआ था । उस इलाके में डीआईजी राजकुमार लाकड़ा बुधवार को जांच के लिए पहुंचे थे। डीआईजी राजकुमार लाकड़ा ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ अभियान जारी है, ऐसे तत्व जो लेवी वसूलना चाहते हैं उनके खिलाफ पुलिस सख्ती से निबटेगी।

सम्पादक की कलम से...

## बहुविवाह और निकाह-हलाला पर पाबंदी की मांग

**सुप्रीम** कोर्ट ने मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह और निकाह-हलाला के मामलों पर विचार के लिए संविधान पीठ बनाने की सहमति दे दी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि वह इन प्रथाओं को चुनौती देनेवाली याचिका पर विचार के लिए नयी संविधान पीठ बनायेगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि नयी पीठ इन मामलों की सुनवाई करेगी। यह निर्देश वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर दिया गया। उपाध्याय ने याचिका का चीफ जस्टिस की पीठ के समक्ष उल्लेख किया था। याचिका में मुस्लिमों की बहुविवाह और हलाला प्रथा को प्रतिबंधित करने की मांग की गयी है। उपाध्याय ने पीठ से कहा कि दो न्यायाधीश जस्टिस इंदिरा बनर्जी और जस्टिस हेमंत गुप्ता सेवानिवृत्त हो चुके हैं और नयी पीठ बनायी जानी है। इससे पूर्व पांच जजों- जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एमएम सुंदरेश और सुधांशु धुलिया की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में मांग की गयी है कि मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह प्रथा और निकाह हलाला को प्रतिबंधित किया जाये। ये अवैध व असंवैधानिक हैं। याचिका में कहा गया है कि निकाह-हलाला की प्रथा में एक तलाकशुदा महिला को पहले किसी और से शादी करना होती है। इसके बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत अपने पहले पति से फिर शादी करने के लिए तलाक लेना पड़ता है। दूसरी ओर, बहुविवाह एक ही समय में एक से अधिक पत्नी या पति होने की प्रथा है। बता दें कि इससे पहले शीर्ष कोर्ट तीन तलाक की प्रथा को अवैध करार दे चुकी है। इसके बाद केंद्र सरकार ने तीन तलाक को गैर कानूनी घोषित करते हुए ऐसा करने पर सख्त सजा का प्रावधान कर दिया है। आपको बता दें कि हलाला के तहत तलाकशुदा महिला को अपने पति के साथ दोबारा शादी करने के लिए पहले किसी दूसरे पुरुष से शादी करनी होती है। दूसरे पति जब तलाक देगा तभी वह महिला अपने पहले पति से निकाह कर सकती है, जबकि बहुविवाह नियम मुस्लिम पुरुष को चार पत्नी रखने की इजाजत देता है।

# भारत की बात क्यों सुन रही है दुनिया

> पश्चिमी देश चाहते थे कि जी-20 यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की आलोचना करें, लेकिन भारत ने ब्राजील, मेक्सिको, सऊदी अरब और सिंगापुर जैसे देशों के साथ मिलकर पक्का किया कि बयान में राजनीतिक के बजाय आर्थिक मुद्दों को प्रमुखता दी जाए। इतना ही नहीं, उसने बयान पर रूस की भी सहमति हासिल की। स्वतंत्र विदेश नीति : भारत इसलिए ऐसा कर पाया क्योंकि यूक्रेन युद्ध के दौरान उसने स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए रखी है। पश्चिमी देशों के रुख में भारत के नजरिये को स्वीकार्यता खासतौर पर एससीओ समिट के बाद मिली।

इस साल फरवरी के आखिरी हफ्ते में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से हाल ही खत्म हुई जी-20 बैठक के बीच भारत की वैश्विक मंच पर हैसियत बढ़ी है। इसकी बड़ी वजह यूक्रेन युद्ध में तटस्थ रुख और वैश्विक मंचों पर भारत का विकासशील-गरीब देशों की आवाज बनना है। देश की बढ़ती आर्थिक हैसियत का भी इसमें अहम रोल है। इसी साल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी बना है और इस दशक के खत्म होने से पहले वह अमेरिका और चीन के बाद तीसरी आर्थिक ताकत बन सकता है। हाल ही में खत्म हुई जी-20 बैठक के साझे बयान (कम्यूनीक) से भी भारत के बड़ते कद की बात साबित होती है। **सबको साथ लेकर चला भारत :** भारत ने जी-20 मीटिंग में सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनाने में अहम रोल अदा किया। मीटिंग में भारत विकासशील देशों और उभरते हुए देशों (इमर्जिंग मार्केट्स) के साथ मिलकर जी-20 के साझे बयान का मसौदा तैयार किया। इसकी प्रस्तावना और साझे बयान को अंतिम रूप देने में भी उसकी भूमिका रही। साझे बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन अहम बातों को सदस्य देश जगह देने पर राजी हुए। इनमें यूक्रेन युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी को खारिज करना, कूटनीति और बातचीत से शांति कायम करना शामिल हैं। कुछ महीने पहले हुए शंघाई को-ऑपरेशन समिट (एससीओ) में पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से कहा था, 'यह युद्ध का युग नहीं है।' इसे भी जी-20 में माना गया। पश्चिमी देश चाहते थे कि जी-20 यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की आलोचना करें, लेकिन भारत ने ब्राजील, मेक्सिको, सऊदी अरब और सिंगापुर जैसे देशों के साथ मिलकर पक्का किया कि बयान में राजनीतिक के बजाय आर्थिक मुद्दों को प्रमुखता दी जाए। इतना ही नहीं, उसने बयान पर रूस की भी सहमति हासिल की। **स्वतंत्र विदेश नीति :** भारत इसलिए ऐसा कर पाया क्योंकि यूक्रेन युद्ध के दौरान उसने स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए रखी है। पश्चिमी देशों के रुख में भारत के नजरिये को स्वीकार्यता खासतौर पर एससीओ समिट के बाद मिली। इस सम्मेलन में पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पूतिन से कहा था, 'यह युद्ध का युग नहीं है।' इसे लेकर जानकारों की ओर से कहा गया कि जो बात पूतिन से कही जानी चाहिए थी, वह मोदी ने आखिरकार कह ही दी। लेकिन क्या यह मत सही है? सच पूछिये तो मोदी ने जो बात कही, इस नजरिये में उसका पूरा सच शामिल नहीं है। पहली बात तो यह है कि यूक्रेन युद्ध की शुरूआत से ही मोदी हिंसा रोकने की अपील कर रहे हैं। दूसरी बात यह है कि प्रधानमंत्री और भारत के दूसरे उच्चाधिकारी लगातार यह कहते आए हैं कि इस भू-राजनीतिक संकट में हम वही करेंगे, जो राष्ट्रहित में होगा। यही वजह है कि भारत पश्चिमी देशों के रूस पर लगाये आर्थिक प्रतिबंधों से दूर रहा। यह सही फैसला था क्योंकि यूरोप ने भी रूस से तेल और गैस खरीदना बंद नहीं किया और इसे आर्थिक प्रतिबंधों से अलग रखा। **पूतिन ने की मोदी की तारीफ :** 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाले बयान के बाद पश्चिमी देशों के मीडिया ने इसे इस तरह से पेश किया, जैसे भारत ने रूस को लेकर रुख बदल दिया है। लेकिन यह गलत सोच थी। मोदी ने पूतिन से यह बात इसलिए कही क्योंकि युद्ध की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह यूक्रेन युद्ध के कारण खड़े हुए खाद्य और तेल-गैस संकट की ओर ध्यान दिलाना चाहते थे, जिससे श्रीलंका दिवालिया हो गया और बांग्लादेश-नेपाल-पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के साथ बड़ी संख्या में विकासशील और गरीब देश जबरदस्त संकट का सामना कर रहे हैं। पूतिन को भी पता है कि मोदी के कहने का मतलब वह नहीं, जो पश्चिमी देश और उनका मीडिया निकाल रहा है। इसलिए एससीओ समिट में पूतिन ने पीएम मोदी की इस राय को तवज्जो दी। उन्होंने दुनिया को यकीन दिलाया कि भारत के साथ उनके संबंध पहले की तरह ही हैं। हाल ही में रूस की सबसे बड़ी पॉलिटिकल कॉन्फ्रेंस वल्दाई फोरम में भी पूतिन ने भारत का जिक्र किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक बड़ा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने बड़ी तरक्की की है और भारत के साथ रूस के गहरे संबंध हैं, जिसे आगे बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए।

**■ मृत्युंजय राय**

# उम्मीद ही न बचे तो कैसे जिये कोई?

सवाल यह है कि जब उम्मीदों के दीये एक-एक कर बुझते चले जा रहे हों और नये दीये जलने की कोई उम्मीद नजर न आ रही हो तब आदमी क्या करे। आखिर जिंदगी तो उम्मीदों के ही सहारे चलती है। उम्मीद ही न बचे तो कैसे जिये कोई? सवाल उनका भले न हो, लेकिन उन्हीं की स्थितियों को देखकर उपजा है। उपजा भी उन्हीं लोगों के मन में, जो उनके आसपास रहे हैं, इस बात को समझते हैं कि किसी बड़े मकसद के लिए एक झटके में जान दे देना बहुत बड़ी बात नहीं है। पल-पल छीजते जाना, अभावों का अंतहीन सिलसिला झेलते रहना, जिंदगी की अनिवार्य जरूरतों के लिए दूसरों का मुंहताज बने रहना, अपनों को शर्मिंदा होते देखना एक झटके में मर जाने से कहीं ज्यादा मुश्किल है। वह भी तब, जब आप में अच्छा कमाने और ढंग से जीने की पूरी काबिलियत हो। आपने अपनी इच्छा से वह सब छोड़ा हो, किसी बड़ी उम्मीद की रोशनी में। आप कह सकते हैं कि वह जमाना और था, पर उसी जमाने में वह कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ते हुए एक लोकप्रिय छात्र नेता के रूप में उभर आये थे। लोकप्रियता के पीछे वैकल्पिक दुनिया और बेहतर समाज का सपना था जिसे वह विश्वसनीय ढंग से पेश करने का हुनर जानते थे। पर इसी लोकप्रियता का परिणाम यह हुआ कि वह खुद भी इस सपने की सचाई में यकीन करने लगे। उन्हें लगने लगा कि अगर ढंग से कोशिश की जाए तो यह सपना सच हो सकता है। इसी यकीन का नतीजा था कि जब पिता इस बात पर जोर देने लगे कि आईएएस नहीं बनना चाहते न सही, कम से कम बैंक पीओ की परीक्षा में तो बैठ जाओ तो सीधे इनकार कर दिया। और, बेटे को सही राह पर लाने की गरज से पिता ने संपत्ति से बेदखल करने की धमकी दी तो कह दिया कि आप रखिये अपनी संपत्ति। उससे एक फूटी कौड़ी भी मुझे नहीं चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी और साहबी न सही, आजीविका के लिए कुछ तो करना था। सो, लॉ करके प्रैक्टिस शुरू की अपने शहर में और वहां के नामी वकील कहलाने लगे। धीरे-धीरे प्रैक्टिस इतनी अच्छी जमी कि समय कम पडने लगा। सपने में जो यकीन था वह फिर आड़े आया। नतीजा यह कि एक दिन जमी जमाई प्रैक्टिस भी छोड़ दी, कि इससे तो भला बुरा जो होना है एक ही परिवार का होगा। वहां तो करोड़ो परिवारों के भले-बुरे का सवाल है। उस फैसले ने कुछ दिन तो वाहवाही दिलाई, पर जमाना तेजी से बदलता गया। साथ के लोग भी छिटकते गये और सपना दिनोदिन धुंधला ही पड़ता जा रहा है। गजब यह कि शिकायत उनके लब पर फिर भी नहीं है। पता नहीं यह प्रतिकूलता को पचाने की उनकी ताकत है या नजर ही ऐसी है जो तूफानों के पार भी कहीं उम्मीद की टिमटिमाती लौ देख पा रही है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**■ प्रणव प्रियदर्शी**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

चली गयी। [इससे चिन्तित होकर] मैंने महाराज रैभ्यसे कहा- हे राजन्! आपकी पुत्री एकावली ` कमलोंको देखती हुई बहुत दूर निर्जन वनमें चली जाती है। तब उसके पिताने घरपर ही अनेक जलाशयोंका निर्माण कराकर उनमें पुष्पित तथा भौरोंसे आवृत कमल लगवाकर उसे दूर जानेसे मना कर दिया। इसपर भी मनमें कमलोंके प्रति आसक्ति रखनेवाली वह कन्या बाहर निकल जाती थी। तब राजाने उसके साथ हाथोंमें शस्त्र धारण किये हुए रक्षक नियुक्त कर दिये। इस प्रकार रक्षित होकर वह सुन्दरी मेरे तथा सखियोंसहित क्रीडाके लिये गंगातटपर प्रतिदिन आया- जाया करती थी ॥ 53-61 ॥

यशोवती बोली- एक बार वह सुन्दरी एकावली प्रातः काल उठकर अपनी सखियोंके साथ बाहर निकल पड़ी। वह बहुत-से रक्षकोंसे रक्षित थी तथा उसके ऊपर चैवर डुलाये जा रहे थे हे राजेन्द्र वह सुन्दरी यहाँ सुन्दर कमलोंके पास क्रीड़ा करनेके लिये आयी थी ॥ 1-2 ॥

कमलोंसे खेलनेकी रुचिवाली इस कन्याके साथ मैं भी अप्सराओंसहित गंगाके तटपर आयी थी ॥ ३ ॥

जब मैं तथा एकावली दोनों खेलनेमें व्यस्त हो गयीं, उसी समय हाथोंमें परिघ, तलवार, गदा, धनुष, बाण तथा तोमर धारण किये हुए बहुत-से राक्षसोंके साथ कालकेतु नामक बलवान् दानव वहाँ अकस्मात आ पहुँचा ॥ 4-5 ॥

उसने कमलोंके साथ क्रीडा करती हुई उस रूप-यौवनसम्पन्न तथा दूसरी कामपत्नी रतिकी भाँति प्रतीत हो रही एकावलीको देख लिया ॥ 6 ॥

हे राजन! मैंने एकावलीसे कहा- हे कमलनयने! यह कौन-सा दैत्य आ गया है। अब हम दोनों रक्षकोंके पास भाग चलें ॥ 7 ॥

हे राजकुमार। इस प्रकार विचारविमर्श सखी एकावली तथा मैं भयभीत होकर` शस्त्रधारी सैनिकोंके बीच तुरंत चली गयी ॥ 8 ॥

वह कामातूर कालकेतु उस मोहिनी एकाकी` देखकर अपनी विशाल गदा लेकर दौड़ता हुआ पासमें आ गया और उसने रक्षकाको हटाकर दर मारे काँपती तथा रोती हुई कृश कटवाली` तथा कमलके समान नेत्रोंवाली एकावलीको लिया ॥ 9-10 ॥

'इस राजकुमारीको छोड़ दो और मुझे ग्रहण कर लो 'ऐसा मेरे कहनेपर भी उसने मुझे स्वीकार` नहीं किया और कामके वशीभूत वह दानव एकावलीको लेकर वहाँसे निकल गया ॥ 11 ॥

**- क्रमशः**

## आज का इतिहास

**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।

# मुक्त व्यापार समझौते की चुनौती

ब्रिटेन में विभिन्न स्तरों पर नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में भारत अग्रणी देशों में शुमार है। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आबंटन से उत्पादकता में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। इस समझौते से 2035 तक दोनों देशों के बीच सालाना कारोबार आईस अरब पाउंड तक बढ़ जायेगा। उदारवादी पूंजीवादी देश ब्रिटेन की भारत के साथ सहयोग को उच्च स्तर पर ले जाने और उसका पसंदीदा भागीदार बनने की कोशिशें अब साकार हो सकती हैं। हाल में समूह बीस (जी-20) की शिखर बैठक के दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के बाद इस बात की संभावनाएं बढ़ गई हैं कि निकट भविष्य में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अस्तित्व में आ जायेगा। दरअसल, बाली में जी-20 सम्मेलन के दौरान ऋषि सुनक ने तीन हजार भारतीयों को वीजा देने की घोषणा कर अपने सकारात्मक इरादे जाहिर कर यह संदेश देने की कोशिश की कि उनकी अर्थव्यवस्था को ब्रेक्जिट के बाद मिले झटकों से उबारने के लिए भारत एक महत्त्वपूर्ण सहयोगी बनने जा रहा है। यूरोप से दूर अपने आर्थिक भविष्य को तलाशने की ब्रिटिश कोशिशों को 2010 में ही साफ करते हुए ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड केमरून ने कहा था कि भारत और ब्रिटेन के संबंध पसंदीदा भागीदारी वाले होने चाहिए। इसके पहले 2005 में दोनों के बीच निवेश को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त आर्थिक और व्यापारिक फोरम की स्थापना हो चुकी थी। लेकिन वीजा नियमों, भारतीय समुदाय पर होने वाले नस्लीय हमलों और कश्मीर जैसे मुद्दों को लेकर ब्रिटेन की राजनीतिक नीतियों में दोहरापन समस्याओं को बढ़ाता रहा। भारत के आंतरिक मामलों पर भी लेबर पार्टी का दृष्टिकोण नकारात्मक ही रहा। इन सबके साथ पिछले कुछ वर्षों में ब्रिटिश राजनीतिक घटनाक्रम और अस्थिरता भी दोनों देशों के बीच रिश्तों में गर्माहट न आने का एक प्रमुख कारण रही। पर अब परिस्थितियां बदली हैं। भारत और ब्रिटेन के रिश्ते पहले से अधिक मजबूत और प्रभावी बनने की ओर अग्रसर होते दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन सहित यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएं जहां सिकुड़ रही हैं, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपनी विकास दर की रफ्तार को बनाये रखा है। इस समय ब्रिटिश अर्थव्यवस्था अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अमेरिकी डालर के मुकाबले ब्रिटिश पाउंड की कीमत निचले स्तर पर है। सरकार की नई कर नीतियों से ब्रिटेन पर कर्ज बढ़ता जा रहा है, जो पहले ही बहुत है। महंगाई से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा ही हैं। लोगों की आमदनी भी घटती जा रही है। बेरोजगारी चरम पर है ही। यूरोपीय संघ में साझा हितों के चलते ब्रिटेन के नागरिक इस तरह की मंदी का शिकार पहले कभी नहीं हुए थे। ब्रिटेन यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकलने वाला पहला देश बना और 31 जनवरी 2020 को ब्रिटेन आधिकारिक तौर पर ईयू से अलग हो गया था। ईयू से अलग होने से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए ब्रिटेन भारत की ओर देख रहा है जो दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और जहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि भारत और ब्रिटेन के बीच रिश्ते तीन सौ साल से ज्यादा पुराने हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय ब्रिटेन और भारत के बीच एक पुल का काम कर रहे हैं। दूसरी ओर ब्रिटेन में भारत की भूमिका भी बेहद महत्त्वपूर्ण रही है। ब्रिटेन में विभिन्न स्तरों पर नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में भारत अग्रणी देशों में शुमार है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की अहम भूमिका है। भारतीयों की आठ सौ से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। भारत के हजारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ रहे हैं। ब्रिटेन के लिए शिक्षा आय बढ़ाने का बड़ा जरिया है, लेकिन उसकी सख्त वीजा नीतियों से परेशान भारतीय छात्र अब अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई या नौकरी के लिए जा रहे हैं।

**■ ब्रह्मदीप अलूने**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### जल ही जीवन है

जल ही जीवन है ,जल है तो कल है' भविष्य के लिए पानी बचाएं' लेकिन पानी की बर्वादी उतना ही हो रहा है। शहर के सप्लाई नल का टोटी टूटने से प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी की बर्बाद हो रही है। वार्डो में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक नलों की टोटी टूटी है या फिर पूरा नल ही गायब है। लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर या फिर अन्य जुगाड़ से काम चला रहे हैं। यदि इसी तरह से पानी की बबार्दी जारी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है। शहर के 35 वार्डो में लगे अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस ओर न तो निगम ध्यान दे रहा है और न ही शहरवासी। पानी बचाव के लिए कई मुहावरे जो हर रोज शासन-प्रशासन आम आदमी तक पहुंचाता है। यह सभी वाक्य हर रोज व्यक्ति किसी न किसी प्रकार देख व सुन रहा है, लेकिन इनका पालन न ही जिला प्रशासन कर रहा है और न ही आम नागरिक। मोहल्लों के टूटे नलों को देखकर जाना जा सकता है कि इन मुहावरे का कितना असर लोगों पर हो रहा है। इसके लिए शासन की तरफ से न तो पहल की गई और न ही लोगों को जागरूक करने को कोई अभियान चलाया गया। मोहल्ले में लगे नलों की टोटी टूटने के बाद ना तो उन्हें सुधारा गया और न ही इसकी लोगों ने कभी शिकायत निगम व संबंधित विभाग से की है। वार्डो के अधिकतर नलों में पाइप नहीं होने से लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर काम चला रहे हैं। इससे पानी व्यर्थ बहने से आसपास पानी का जमाव होता है जो कि धीरे-धीरे बीमारियों का कारण बनता है। वहीं मोहल्ले में इस कारण गंदगी भी फैलती है।

**■ आदर्श कुमार , मेदिनीनगर।**

# इसरो को मिला प्राइवेट कंपनियों का दम

तीन साल पहले यदि आप स्पेस में रुचि रखने वाले किसी शख्स से यह कहते कि एक प्राइवेट स्पेस कंपनी इसरो की मदद से रॉकेट लॉन्च करने जा रही है तो वह आप पर हंसता और कहता कि यह दूर का सपना है। लेकिन हैदराबाद स्थित एक अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एरोस्पेस ने पिछले हफ्ते सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने विक्रम-एस रॉकेट का पहला परीक्षण किया है और चेन्नई की अग्निकुल कॉसमॉस एरोस्पेस कंपनी इस साल के अंत तक अपना पहला रॉकेट लॉन्च करने जा रही है। ये दोनों कंपनियां आने वाले समय में रॉकेट मैन्युफैक्चर्स की दुनिया में एक नई परिभाषा गढ़ेंगी। स्काईरूट और अग्निकुल देश में रॉकेट लॉन्चिंग की क्षमता धीरे-धीरे बढ़ाने के अवसर खोलेंगी- फिलहाल, इसरो हर साल 10 से कम रॉकेट लॉन्च करता है। भारत को हर साल दहाई अंकों में रॉकेट लॉन्च करना चाहिए ताकि कमर्शल और सरकारी पेलोड को ऑर्बिट में भेजने के मामले में बराबर के देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। छोटे रॉकेट का फायदा यह है कि यह हल्के पेलोड (500 किलोग्राम या उससे कम वजन वाले) को मनचाहे ऑर्बिट में सुविधा के अनुसार छोड़ सकता है। यही नहीं, छोटे लॉन्च वीइकल की उत्पादन क्षमता समय और जरूरत के हिसाब से बढ़ाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आती है। इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च भी किया जा सकता है। यदि भारत का प्राइवेट सेक्टर लगातार सफलता पाता है तो बहुत कम समय में भारत का अंतरिक्ष संस्थान पेलोड लॉन्च करने की अपनी क्षमता का लाभ उठा सकता है। एक दशक पहले तक रॉकेट को बनाने में ज्यादा लागत आने की वजह से रैपिड लॉन्च और सामरिक अंतरिक्ष प्रक्षेपण क्षमताओं को हासिल करना कठिन था। लेकिन अब 3 डी प्रिंटिंग कॉम्पोनेंट और कार्बन-फाइबर से बॉडी बनाये जाते हैं। सहज उपलब्धता की वजह से इसकी लॉन्चिग क्षमता में तेजी आई है। रैपिड लॉन्च का सबसे प्रारंभिक फायदा सेना को होने वाला है। कारण कि आर्म्ड फोर्सेस के लिए स्पेस असेट्स, जैसे कि उपग्रह, अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष मॉड्यूल, अंतरिक्ष कैप्सूल, अंतरिक्ष यान वगैरह काफी महत्व रखने लगे हैं। युद्ध के दौरान भारत के संचार और टोही असेट्स को दुश्मन के साइबर हमले, काइनैटिक मारक क्षमताओं या निर्देशित ऊर्जा हथियारों के जरिये नष्ट कर सकते हैं। ऐसे में स्पेस के क्षेत्र में यह उपलब्धि भारत को कई मामलों में सक्षम बना सकती है। जो सैटलाइट क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, या काम करना बंद कर देते हैं, उन्हें फिर से काम करने लायक बनाने में भी इससे मदद मिलेगी। दूसरी तरफ देखें तो अन्य मामलों में भी ये उपयोगी साबित हो सकते हैं। जैसे किसी संकट के दौरान सीमाओं की निगरानी के लिए छोटे उपग्रहों की तैनाती आसानी से हो सकती है। इसके साथ ही अंतरिक्ष में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पाने और उस सूचना को पुख्ता करने में भी देश की खुफिया एजेंसियों को मदद मिल सकती है। वर्तमान में इसरो का स्मॉल सैटलाइट लॉन्च वीइकल (एसएसएलवी) छोटे लॉन्च वीईकल रेंज में एकमात्र रॉकेट है जो 500 किलोग्राम तक के पेलोड को कक्षा में पहुंचाने में सक्षम है। यह पूरी तरह से ऑपरेशनल है। लेकिन इस साल की शुरूआत में इसका तकनीकी प्रदर्शन मिशन फेल हो गया था। एसएसएलवी ठोस रॉकेट मोटर्स के जरिये संचालित तीन चरणों वाला रॉकेट है। लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया के लिए ठोस प्रणोदक रॉकेट की कुछ सीमाएं हैं : पहला, ठोस प्रणोदक रॉकेटों की जरूरत सबसे पहले जलवायु नियंत्रित भंडारण सुविधाओं के लिए होती है ताकि समय के साथ प्रणोदक (प्रोपैलेंट) पर दरारें न उभर आएं। दूसरा, ठोस-ईंधन वाले रॉकेट अपने तरल-ईंधन वाले समकक्षों की तुलना में अधिक कंपन्न पैदा करते हैं, इसलिए वे संवेदनशील उपकरणों के साथ पेलोड ले जाने के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते हैं। भारत में प्राइवेट लॉन्च प्रोवाइडर्स को अगर सफलता मिलती है तो यह आने वाले समय में ऑन-डिमांड उत्पादन के लिए अनुकूल होगी। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र पिछले तीन वर्षों में एक लंबा सफर तय कर चुका है।

**■ प्रणव आर. सत्यनाथ**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### फागू चौहान ने राजकिशोर प्रसाद के निधन पर जताया शोक

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के राज्यपाल फागू चैहान ने पूर्व विधान पार्षद राजकिशोर प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री चौहान ने गुरुवार को अपने शोको उद्गार में कहा कि वह एक कुशल राजनेता तथा समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### नीतीश ने पूर्व विधान पार्षद राजकिशोर प्रसाद के निधन पर जताया शोक

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद के पूर्व सदस्य राजकिशोर प्रसाद के निधन पर गुरुवार को गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने गुरुवार को अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. प्रसाद एक कुशल राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### पटना में आभूषण व्यवसायी से दो किलो सोना की लूट

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गुरुवार को आभूषण व्यवसायी से दो किलो सोना लूट लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि आभूषण व्यवसायी जितेंद्र कुमार कन्हौली बाजार स्थित अपनी दुकान खोल रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर व्यवसायी को अपने कब्जे में ले लिया और उनके पास थैला में रखे दो किलो सोना लूटकर फरार हो गये। सोना की कीमत करीब एक करोड़ रूपया है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाल रही है।

### लखीसराय में नक्सली उपेन्द्र बिंद गिरफ्तार

**लखीसराय (एजेंसी)।** बिहार में लखीसराय जिले के किउल थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुरूवार को नक्सली उपेन्द्र बिंद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सूचना के आधार पर जलप्पा स्थान के निकट छापेमारी की गयी। इस दौरान नक्सली उपेन्द्र बिंद को गिफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सली जिले के चानन थाना क्षेत्र के कछुआ गांव का रहने वाला है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी नक्सली के विरूद्ध जिले के पीरीबाजार थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### कैमूर में शिक्षक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या की

**भभुआ (एजेंसी)।** बिहार के कैमूर जिले के भभुआ नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक शिक्षक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि भभुआ वार्ड नंबर 10 में किराये के मकान में रह रहे एक शिक्षक ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान खनाव गांव निवासी अफजल अंसारी (30) के रूप में की गयी है। वह भभुआ थाना क्षेत्र के बिठवार मध्य विद्यालय मे सहायक शिक्षक के रूप मे कार्यरत था। सूत्रों ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### सोनभद्र में रोडवेज बस की टक्कर से नर्सिंग छात्रा की मौत

**सोनभद्र (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के करमा क्षेत्र में घर से कालेज के लिए जा रही नर्सिंग की छात्रा की रोडवेज बस के चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भरूहा गांव निवासी सुरजन मौर्या की पुत्री संध्या मौर्या (22) राबर्ट्सगंज शहर के एक कालेज में जीएनएम नर्सिंग की पढाई करती थी। गुरुवार सुबह वह अ पने घर से वह कालेज जाने के लिए निकली और सड़क पर वाहन का इंतजार करने लगी कि तभी मिजार्पुर से राबर्ट्सगंज की तरफ आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आ गई। परिजन निजी साधन से उसे जिला अस्पताल के लिए ले गए जहां उपचार के दौरान संध्या की मौत हो गयी। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाया : विजय चौधरी

**पटना (एजेंसी)।** वित्त मंत्री एवं जद (यू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट में केएम जोसेफ के नेतृत्व वाली पांच सदस्यीय पीठ ने बुधवार को अरुण गोयल को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए जाने संबंधी दस्तावेज तलब किया है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी घटना है और स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। विजय चौधरी ने कहा कि वास्तव में आनन-फानन में जिस ढंग से गोयल समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेते हैं एवं उन्हें तत्काल मुख्य चुनाव आयुक्त बना दिया जाता है, यह पारदर्शी एवं उचित प्रक्रिया नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं की मयार्दाओं को ध्वस्त किया जाता रहा है एवं केंद्रीय एजेंसियों का खुल्लम-खुल्ला दुरुपयोग आम बात हो गई है।

लक्ष्मी व्यायाम मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

# निकायों में भी होगी भाजपा, ट्रिपल इंजन की सरकार सरपट दौड़ायेगी विकास का इंजन : योगी

**झांसी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को झांसी के प्रबुद्धजन सम्मेलन में कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पूरे प्रदेश और विशेष रूप से बुंदेलखंड के विकास के लिए किस शिद्दत से काम किया यह साफ देखा जा सकता है और यदि निकाय चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सफलता मिलती है तो ट्रिपल इंजन की सरकार विकास के इंजन को और भी प्रभावी तरीके से आगे बढ़ायेगी। यहां लक्ष्मी व्यायाम मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने एक ओर जहां बुंदेलखंड को समर्पित 328 करोड़ की 102 योजनाओं का शिलांयास और लोकार्पण करने के साथ आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर पार्टी के लिए प्रभावपूर्ण तरीके से जमीन तैयार करने का भी काम किया। उन्होंने कहा बुंदेलखंड में असीम संभावनाएं हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस क्षेत्र की संभावनाओं को मूर्त देने के लिए काफी काम किया है इसी का नतीजा है कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पानी की समस्या को सदा के लिए दूर करने की कगार पर हम पहुंच चुके हैं और शीघ्र ही हर घर नलों के जरिए पानी पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद नगर निकायों की तस्वीर बदलने का काम स्मार्ट सिटी योजना के तहत किया गया है। इससे पहले नगर निकायों में व्यापक गंदगी और दूसरी अव्यवस्थाएं देखने को मिलती थीं, लेकिन आज विभिन्न नगर निकायों में स्वच्छता के नये मानक स्थापित किये गये हैं। इसके अभी और सुधार की आवश्यकता है। केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार के साथ जब निकायों की ट्रिपल इंजन की सरकार काम करती दिखायी देगी तो विकास की गति और भी तेज होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेहतर कानून व्यवस्था दी है, बेहतरीन संपर्क व्यवस्था एक्सप्रेस-वे के माध्यम से दी है और सरकार के पास पर्याप्त लैंड बैंक है। बुंदेलखंड के सभी प्रबुद्धजन प्रदेश की निवेश समर्थक नीति से जुड़े, उसमें रूचि लें तो बुंदेलखंड की असीम संभावनाओं को निखारा जा सकेगा। अपने अनुरूप योजनाएं बनाकर प्रशासन और शासन को दें ताकि हम इन कार्यों को आगे बढ़ाने पर काम किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने निकाय चुनाव पर ही मुख्य ध्यान रखते हुए अपने संबोधन में स्मार्ट सिटी के तहत शहरी निकायों में बदली व्यवस्थाओं को उपस्थित जन समूह के समक्ष रखा। उन्होंने निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते हुए कहा, अब वह समय चला गया जब केंद्र में किसी और, प्रदेश में किसी और तथा निकाय में किसी और की सरकार होती थी। ऐसा होने पर आपसी तालमेल का अभाव रहता था और नतीजा विकास की रफ्तार भी सुस्त रहती थी। समन्वय और तारतम्यता बने रहने के लिए जरूरी है कि स्थानीय निकाय, राज्य और केंद्र तीनों स्तरों पर जब एक विचारधारा के लोग हों तो विकास की गति को तेजी के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर झांसी -ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा, विधादन परिषद में भाजपा के कार्यकारी सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, जालौन-गरौठा -भोगनीपुर से सांसद भानु प्रताप सिंह वर्मा, झांसी सदर विधायक रवि शर्मा, बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा, गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत, मऊरानीपुर विधायक डॉ.रश्मि आर्य, एमएलसी रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## मेरठ में 20 हजार बुद्धिजीवियों को साधेंगे मुख्यमंत्री



**मेरठ (एजेंसी)।** भाजपा सरकार के कार्यों की उपलब्धियां बताने और बुद्धिजीवियों को साधने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 नवम्बर को मेरठ आ रहे हैं। इस दौरान विक्टोरिया पार्क में 20 हजार बुद्धिजीवी उनकी सभा में शामिल होंगे। गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और भाजपा नेताओं ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करके व्यवस्था का जायजा लिया। मेरठ के विक्टोरिया पार्क में 30 नवम्बर को प्रबुद्धजन सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसभा में 20 हजार बुद्धिजीवी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाएंगे। निकाय चुनाव से पहले मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का दूरगामी परिणाम होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री मेरठ में 550 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 नवंबर को मेरठ के विक्टोरिया पार्क में प्रबुद्धजन सभा करेंगे। इसमें लगभग 20 हजार प्रबुद्धजन सम्मिलित होंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करने के बाद पार्टी कार्यालय पर रणनीति तय की। मुख्यमंत्री इन दिनों प्रमुख शहरों में पहुंचकर परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री सहारनपुर और गाजियाबाद में प्रबुद्ध जन सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। इन दोनों ही स्थानों पर कई हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। गौरतलब है कि प्रदेश में निकाय चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नगर निगमों वाले शहरों का दौरा करके वहां के बुद्धिजीवी वर्ग की नब्ज टटोल रहे हैं और विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। माना जा रहा है कि निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी नगर निगमों में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम होंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल इस सभा के लिए प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित करने में जुट गए हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी और भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल विक्टोरिया पार्क में तैयारियों का जायजा लिया।

## नवादा में बालू माफियाओं का कहर, अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कई वाहनों को रौंदा




**नवादा (एजेंसी)।** नवादा जिले के हिसुआ नगर परिषद के अंदर बाजार में अवैध बालू लदा बिना नंबर के तेज रफ्तार ट्रैक्टर नें गुरुवार को काफी उत्पात मचाया है। अनियंत्रित रहे ट्रैक्टर ने जो भी सामने आया ,उसे कुचलते हुए भाग निकला। कई वाहनों और ठेलों को टक्कर मारते आगे निकला। जिससे कई लोग घायल भी हो गए हैं। घटना के संबंध में लोगों नें बताया कि सुबह में एक बिना नंबर का ट्रैक्टर बाजार में बालू भरकर तेज रफ्तार से जा रही थी। ट्रैक्टर चालक किसी अनहोनी को लेकर इतना खौफजदा था कि सामने जो भी ठेला, बाईक और फुटपाथ पर लगा हुआ दुकान दिखा, सब को रौन्दते हुए ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना इतनी भयानक थी कि लोग स्तब्ध रह गए। जो जहाँ थे, वहीं ठहर गए और जान बचाने के लिए लोगों के बीच अफरा - तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई आदमी ट्रैक्टर की चपेट में नहीं आया। लेकिन भागने के दौरान कई लोग घायल हो गए। इस घटना से कई ठेले और बाईक तथा फुटपाथी दुकानदार प्रभावित हुए है। बता दें की इन दिनों बालू माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ गया है कि हिसुआ बाजार सहित आस - पास के गांवो में भी बालू माफिया आधी रात्रि से लेकर सुबह में नदी से बालू चोरी कर पूरी रफ्तार से ट्रैक्टर बालू लेकर भगाता है। ट्रेक्टर का खौफ लोगों में इतना है कि ट्रेक्टर की आवाज दूर से हीं सुनकर सचेत हो जाते है। विडंबना तो ये है कि इतनी बड़ी घटना घटने के बावजूद हिसुआ पुलिस को घटना की भनक तक नहीं लगी। जिससे पुलिस की कार्यशैली परा भी सवाल उठ रहा है ।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों नें पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला से बालू माफियाओं पर कारवाई करने की मांग की है। स्थानीय थानेदार का बालू माफियाओं से मिलीभगत के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## शिक्षा व्यवस्था बदहाल, ठंड में जमीन पर बैठकर पढ़ने को विवश बच्चे



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार सरकार के लाख प्रयास के बावजूद शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला भागलपुर के कहल गांव अनुमंडल स्थित प्रोन्नत मध्य विद्यालय बनसप्ति का है। इस विद्यालय में मूलभूत सुविधा की घोर कमी है। विद्यालय में बच्चों के पढ़ने के लिए कमरे हैं। पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं है और ना ही क्लास रूम में बैठने के लिए जगह। ठंड के मौसम में बाहर किसी तरह बच्चे को जमीन पर बिठाकर ठंड में ठिठुरते हुए पढ़ाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार से जब पूछा गया कि बच्चों का यह हाल क्यों है तो उनका साफ तौर पर कहना हुआ कि हम लोगों ने अधिकारियों को कई बार आवेदन दिया है। लेकिन यहां की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया है। जिसके चलते बच्चे को ना तो बैठने के लिए जगह है ना ही पीने के लिए पानी और ना ही क्लास करने के लिए कक्षा। इस विद्यालय की छात्रा काजल खातून का कहना है कि विद्यालय में बैठने में भी डर लगता है, क्योंकि छत टूट टूट कर गिरते रहते हैं। सभी बच्चे डरे सहमे रहते हैं। हम लोगों को जमीन पर बिठाया जाता है, जिससे हम लोगों की तबीयत खराब हो जाती है। इस वजह विद्यालय भी नहीं आना चाहती हूं।

## लखीसराय की पुलिस ने नवादा के हिसुआ से चार सुपारी किलर अपराधी को किया गिरफ्तार



**नवादा (एजेंसी)।** लखीसराय की पुलिस ने हिसुआ बाजार में छापेमारी कर चार हत्यारोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।बताया गया कि लखीसराय के वार्ड नंबर - 27 (दालपट्टी) निवासी मनोज विश्वकर्मा की हत्या 8 नवंबर की अहले सुबह उस वक्त कर दी गई थी, जब वो सुबह 5:30 बजे मॉर्निंग वॉक करने निकले थे। तभी लखिसराय एस. पी. आवास से कुछ हीं दूरी पर अपराधियों द्वारा लोहे की रड से पीट - पीटकर उन्हें मौत की नींद सुला दी गई थी। घटना के संबंध में लोगों नें बताया कि करीब 25 वर्षों से मनोज विश्कर्मा अपनी पत्नी और बच्चे से अलग रह रहे थे। इस बात की कसक जवानी की दहलीज पर कदम रख रहे उसके बेटे को थी। बेटा कई बार अपने पिता को समझाने की कोशिश किया कि अब गिला - शिकवा भूलकर सभी साथ में रहे लेकिन 25 वर्षों के लम्बे अंतराल पर पिता का दिल नहीं पिघला और उन्होंने साथ रहने से इनकार कर दिया। इसी से पुत्र को अपने पिता से नफरत हो गया और अपने हीं पिता की हत्या का प्लान अपने साथियों के संग रच कर पिता की हत्या करवा दिया। पिता की हत्या के एवज में अपने मित्रों को 45000 रुपए भी दिया। मनोज विश्वकर्मा के हत्या के आरोप में उसके पुत्र शुभम, देवनारायण वर्मा के पुत्र रौशन कुमार, मनोज कुमार के पुत्र विकाश कुमार उचित प्रसाद के पुत्र ऋषि कुमार तथा अमीरक रविदास के पुत्र बबलू रविदास को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी अपराधी हिसुआ बाजार के निवासी बताये जाते है। इस घटना के बाद लखिसराय पुलिस की काफी फजीहत हुई थी, सुबह में टहलने वाले लखीसराय के लोग काफी भयभीत थे और लोग मॉर्निंग वॉक करना छोड़ दिया था। हत्याकांड के उद्भेदन के बाद वहाँ के लोग और पुलिस ने चैन की सांस ली है।

## ओडिशा विधानसभा में दिवंगत पूर्व सदस्यों को दी श्रद्धांजलि

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा विधानसभा में गुरुवार को शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन पिछले सत्र के दौरान दिवंगत पूर्व मंत्रियों और सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद सदन की कार्यवाही शाम पांच बजे तक स्थगित कर दी गयी। विधानसभा के सभी पार्टी के सदस्यों ने दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज सदन में पूर्व मंत्रियों बिजय रंजन सिंह बरिहा और गोलक बिहारी नायक, पूर्व सदस्यों बिष्णु चरण सेठी, कपिल नारायण तिवारी और गोपनराय दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री पटनायक ने विधानसभा अध्यक्ष से शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति सदन की संवेदना व्यक्त करने का अनुरोध किया। विपक्ष के नेता जया नारायण मिश्रा, कांग्रेस विधायक दल के नेता नरसिंह मिश्रा और माकपा नेता लक्ष्मण मुंडा ने भी सदन के पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष बी के अरूख ने भी पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस बीच सदन ने दिवंगत आत्माओं के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा गया और इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को शात पांच बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

## मुख्यमंत्री नीतीश और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी से मिले आदित्य ठाकरे

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सियासी बदलाव होने और महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से राजनीतिक हलचल बढ़ी हुई है। देश के कई बड़े नेता लगातार बिहार के दौरे पर आ रहे हैं। इसी कड़ी में शिवसेना नेता और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। श्री ठाकरे सबसे पहले राबड़ी आवास पहुंचे। वहां पर तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने आदित्य ठाकरे को लालू यादव की जीवनी पर लिखी किताब भेंटी की। तेजस्वी ने उनको मिथिला पेंटिंग वाली शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। दरअसल, मिथिला पेंटिंग को बिहार के खास चित्रकारी कला के रूप में जाना जाता है। इसलिए तेजस्वी ने



आदित्य को मिथिला की निशानी भेंट की। वहीं, आदित्य ही अपने साथ परम्परागत महाराष्ट्र हथकरघा शॉल और शिवाजी की प्रतिमा लेकर आए थे। उन्होंने तेजस्वी को महाराष्ट्र की निशानी भेंट की। शिवसेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे पौने 2 घंटे पटना में रहे। राबड़ी आवास पर दोनों नेताओं के बीच लगभग 45 मिनट तक बातचीत हुई। इस दौरान प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से उनके घर पर मुलाकात के बाद दोनों नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शाल ओढ़ाकर आदित्य ठाकरे का स्वागत किया। इसके बाद तीनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। तेजस्वी ने इस मुलाकात के बाद कहा कि अभी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती हमारे सामने है और इसे बचाने के लिए हमसे जो बनेगा, वो हम करेंगे। वहीं, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि आज अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई है। देश में जो भी युवा महंगाई, रोजगार और संविधान के लिए काम करना चाहता है, अगर वे आपस में बातचीत करते रहें तो देश में कुछ अच्छा कर सकेंगे।

## भगवान कार्तिकेश्वर मूर्ति विसर्जन के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट, कई घायल



**केंद्रपाड़ा (एजेंसी)।** केंद्रपाड़ा सदर थाना क्षेत्र के कार्तिकेश्वर विसर्जन के दौरान बलिया बाजार में बुधवार रात आतिशबाजी प्रतियोगिता के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से कई लोग गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार्तिकेश्वर विसर्जन के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट से 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए, उनमें से दस को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थानांतरित करने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। बलिया बाजार में कल रात कार्तिकेश्वर विसर्जन स्थल पर आतिशबाजी प्रतियोगिता के दौरान यह हादसा उस समय हुआ जब पटाखों के ढेर में आग लग गई और एक पान की दुकान के पास जबरदस्त विस्फोट हुआ। पान की दुकान के पास सैकड़ों स्थानीय लोग खड़े थे और विसर्जन तथा आतिशबाजी प्रतियोगिता का आनंद ले रहे थे। तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायल व्यक्तियों को स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों की मदद से केंद्रपाड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार गंभीर रूप से झुलसे आठ लोगों को इलाज के लिए एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। जिला कलेक्टर अमृत रुतुराज ने गंभीर रूप से झुलसे हुए लोगों की हालत का जायजा लेने के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचे और एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में घायलों के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की। उन्होंने पहले ही जांच के आदेश दे दिए हैं और कहा है कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक योजना : तीन जिलों के तीन हजार कन्याओं के हुए हाथ पीले

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत गुरुवार को तीन जिलों के 3003 कन्याओं का विवाह संपन्न हो गया । इस अवसर पर वर-वधू को सरकार की तरफ से 75 हजार रुपये सीधे बैंक के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह तथा उत्तर प्रदेश के सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जनरल वीके सिंह ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य है ।सरकार गरीबों की संवेदनाओं को समझते हुए इस पुण्य कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंजाम दे रही हैं। कमला नेहरू नगर स्थित पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में गाजियाबाद के 1654, हापुड़ के 794 एवं बुलंदशहर के 555 जोड़ों का सामूहिक विवाह उनके धर्म व रीतिरिवाज के अनुसार सम्पन्न कराए गए। जिसमें 1850 हिंदू समुदाय, 1147 मुस्लिम समुदाय, 03 बौद्ध समुदाय एवं 03 सिक्ख समुदाय के नव-विवाहित वर-वधू शामिल थे। इस अवसर पर अनिल राजभर ने नव-विवाहित वर-वधुओ को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजभर ने कहा कि गरीब कल्याण के प्रति केंद्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन गरीब तबके के लोगों के लिए किया जाता है। जिनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि इस संसार में कन्यादान सबसे बड़ा एवं पवित्र दान माना गया है। उन्होंने कहा कि जिसने गरीब की पीड़ा को सही से देखा है वही उनके सुख-दुख में उनके साथ रह पाएगा। उन्होंने सामूहिक विवाह की महत्वता बताते हुए कहा कि इस तरह के समारोह में न कोई दहेज और न ही कोई अन्य आर्थिक लेन-देन की प्रक्रिया होती है। साथ ही समाज में व्याप्त रूढ़ीवादी परंपराओं पर सामूहिक विवाह अंकुश लगाने में कारगर सिद्ध हुआ है जहां एक ही छत के नीचे सर्वधर्म व संप्रदाय के विवाह संपन्न कराए जाते हैं जिससे समाज में समरसता का भाव फैलता है। इस उपलक्ष पर अध्यक्ष बीओसीडब्ल्यू डॉ.रघुराज प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महापौर आशा शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़ रेखा नागर, सौरभ जयसवाल उपश्रमायुक्त रवि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

■ वर-वधू को सरकार की तरफ से 75 हजार रुपये सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर



## न्यूज गैलरी

### चैम्पियन फ्रांस का विजयी आगाज, ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया



**दोहा (एजेंसी)।** फ्रांस की फुटबॉल टीम ने अपने पहले ही मैच में दिखा दिया है कि वह फीफा विश्व कप 2022 में अपने स्टार स्ट्राइकर के बिना भी खेल सकती है और बड़ी जीत हासिल कर सकती गै। करीम बेंजेमा की अनुपस्थिति में, कायलिन एमबापे ने एक गोल किया और ओलिवियर गिरौद के दो गोलों में से एक में मदद की, जिससे गत चैम्पियन ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा दिया। गिरौद ने 71वें मिनट में एमबापे के क्रॉस से हेडर से थिएरी हेनरी के 51 गोल के नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की। गिरौद पिछले विश्व कप में एक भी गोल करने में नाकाम रहे थे, लेकिन 2014 के टूर्नामेंट में उन्होंने गोल किये थे। ऐसे में अब गिरौद के पास शनिवार को हेनरी का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा, जब फ्रांस का सामना डेनमार्क की टीम से होगा।

### ब्रील एम्बोलो की बदौलत स्विट्जरलैंड ने कैमरून को 1-0 से दी मात

**अल वकराह (एजेंसी)।** स्विट्जरलैंड ने कैमरून में जन्मे ब्रील एम्बोलो के गोल की बदौलत गुरुवार को फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-जी मुकाबले में कैमरून को 1-0 से मात दी। एम्बोलो ने दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में गोल जमाकर स्विट्जरलैंड को ग्रुप तालिका के शीर्ष पर पहुंचाया। विश्व कप में 20 साल बाद अपनी पहली जीत तलाश रही कैमरून ने इससे पहले मुकाबले पर पकड़ बना रखी थी, लेकिन एम्बोलो का गोल स्विस टीम की जीत में निर्णायक साबित हुआ। एम्बोलो का जन्म कैमरून की राजधानी यॉन्डे में हुआ था, लेकिन उनका परिवार पहले फ्रांस, और फिर स्विट्जरलैंड में जा बस गया था। एम्बोलो के गोल के बाद अल जबून स्टेडियम में मौजूद मुट्ठी भर स्विस समर्थक जश्न में झूम उठे, हालांकि 25 वर्षीय फुटबॉलर इस जश्न में शामिल नहीं हुए। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड तीन अंक हासिल करके ग्रुप-जी के शीर्ष पर आ गयी है। स्विस टीम का अगला मुकाबला ब्राजील से होगा, जबकि कैमरून को सर्बिया का सामना करना है।

### वनडे सीरीज से पहले रॉस टेलर ने चुनी पसंदीदा टीम

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार 25 नवम्बर से वनडे सीरीज शुरू होगी। इससे पहले पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर ने अपनी फेरवेट टीम चुनी हैं। टेलर ने न्यूजीलैंड पर भरोसा जताया है कि वे भारत के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एक दिवसीय श्रृंखला जीतने के प्रबल दावेदार हैं। पहला मैच ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जायेगा। टेलर ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड घर में पसंदीदा के रूप में शुरू होता है। वे इस प्रारूप को बखूबी जानते हैं। उन्हें पता है कि इन हालात में कैसे खेलना है। यह एक युवा और रोमांचक भारतीय पक्ष है और जब भारत ने कुछ साल पहले (2020 दौरे) टी-20 इंटरनेशनल में हमें 5-0 से हराया था, तो हमने वनडे 3-0 से जीता था। उन्होंने कहा, 'हमें बस इंतजार करना होगा और देखना होगा, लेकिन इन तथ्यों को देखते हुए न्यूजीलैंड थोड़ा पसंदीदा है।' आखिरी बार भारत ने न्यूजीलैंड को 2019 की शुरूआत में हराया था जब उन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज की थी। उस श्रृंखला का पांचवां और अंतिम ओडीआई जेम्स नीशम को आउट करने के लिए एमएस धोनी की स्टंप के पीछे से स्मार्ट रणनीति के लिए प्रसिद्ध हुआ।

# न्यूजीलैंड दौरे से विश्व कप 2023 की तैयारी शुरू

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शिखर धवन की कप्तानी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को एक दिवसीय विश्व कप-2023 की तैयारी शुरू करेगी। भारत में होनेवाले विश्व कप में 12 माह से भी कम का समय रह गया है और मेजबान होने के नाते प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम इसी श्रृंखला के साथ अपनी एकादश को मूर्तरूप देने में व्यस्त हो जायेगी। यही कारण है कि टी-20 और टेस्ट टीम से बाहर रहनेवाले 36 वर्षीय धवन को श्रृंखला के लिए कप्तानी सौंपी गयी है। बाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज विश्व कप के 10 मैचों में 53.7 की औसत से 537 रन बना चुके हैं और अगले आयोजन के लिए भी बतौर ओपनर भारत की पहली पसंद होंगे। धवन ने हालांकि पिछली कुछ एक दिवसीय श्रृंखलाओं में संघर्ष किया है और अगर वह न्यूजीलैंड के विरुद्ध अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते, तो टीम प्रबंधन युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भी ओपनर बनाने पर विचार कर सकता है। गिल ने इस वर्ष 50 ओवर के क्रिकेट में 75.71 की औसत और



107.50 की स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाये हैं। इस सीरीज में इसी तरह का प्रदर्शन उन्हें विश्व कप में सलामी बल्लेबाज की भूमिका का दावेदार बना सकता है।

### बड़े खिलाड़ियों को श्रृंखला से दिया गया है आराम

**रोहित** शर्मा, विराट कोहली, लोकेश राहुल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे बड़े खिलाड़ियों को भले ही इस श्रृंखला से आराम दिया गया है, लेकिन भारत के पास इनके विकल्प परखने का सुनहरा अवसर है। श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और संजू सैमसन जहां टीम के मध्यक्रम को संबल देंगे, वहीं दीपक हुड्डा बल्ले से योगदान देने के साथ-साथ टीम के छठे गेंदबाजी विकल्प भी साबित हो सकते हैं। भारत के पास वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में ऐसे गेंदबाज हैं जो बल्लेबाजी में गहराई प्रदान करते हैं। इस सीरीज में तेज गेंदबाज उमरान मलिक के एक दिवसीय पदार्पण करने की भी संभावना है। दूसरी ओर, आईसीसी की शीर्ष वनडे टीम न्यूजीलैंड ने भी मार्टिन गप्टिल के स्थान पर फिन ऐलन को एक दिवसीय टीम का सलामी बल्लेबाज बनाकर विश्व कप की तैयारियों का अंदेशा दे दिया है। टी-20 सीरीज 1-0 से हारनेवाले ब्लैक कैप्स 50 ओवर वाली श्रृंखला जीतकर दोबारा लय हासिल करना चाहेंगे।

# अथिया संग शादी से पहले केएल राहुल पहुंचे मंदिर, जल्द लेंगे सात फेरे



**मैंगलोर (एजेंसी)।** टीम इंडिया के ओपनर और उप-कप्तान केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी की शादी की तैयारियां जोरों पर है। इन्हीं तैयारियों के बीच भारतीय टीम के स्टार ओपनर राहुल मैंगलोर के प्रसिद्ध सुब्रह्मण्य मंदिर में पूर्जा-अर्चना करने पहुंचे। राहुल के साथ उनके दोस्त भी मंदिर में नजर आये। हालांकि, राहुल के साथ उनकी होने वाली पत्नी अथिया साथ में नहीं दिखी। राहुल और अथिया की जनवरी 2023 में सात फेरे लेकर शादी के बंधन में बंध जायेंगे। भारतीय टीम के ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के साथ जनवरी 2023 में शादी करनेवाले हैं। दोनों की यह शादी बॉलीवुड अभिनेता और अथिया के पिता सुनील शेट्टी के खंडाल मेंशन में होगी। वहीं, अपनी शादी के पहले राहुल मैंगलोर में सुब्रह्मण्य मंदिर पहुंचे। राहुल की मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

### बोर्ड दिया राहुल को आराम

भारतीय टीम के ओपनर केएल राहुल फिलहाल टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। दरअसल, टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्हें न्यूजीलैंड सीरीज से आराम दिया गया था। हालांकि, अगले महीने टीम इंडिया के बांग्लादेश दौरे पर होनेवाली सीरीज में केएल राहुल वापसी करेंगे। बांग्लादेश में भारतीय टीम को तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

### लंबे समय से कर रहे हैं एक-दूसरे को डेट

**भारतीय** टीम के मौजूदा उपकप्तान केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उन्हें कई जगहों पर एक साथ स्पॉट भी किया गया है। अब इस जोड़ी की शादी जनवरी 2023 में होनेवाली है। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद केएल राहुल बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी के साथ शादी करने के लिए राजी हो गये हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप में एशियाई टीम का धमाका, जर्मनी उलटफेर का शिकार

**दोहा (एजेंसी)।** कतर की मेजबानी में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2022 सीजन में दूसरा बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। बुधवार को जर्मनी और जापान के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में जापान ने जर्मनी को

- चार बार का वर्ल्ड चैम्पियन जर्मनी उलटफेर का शिकार, आठ मिनट में दो गोल करके जीता जापान

2-1 से करारी शिकस्त देते हुए धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की। बता दें कि जर्मनी ने चार बार वर्ल्ड कप (1934, 1938, 1982, 2006) खिताब जीता है। मैच का पहला हाफ जर्मनी ने अपने नाम किया। उसने पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बनायी थी। जबकि दूसरे हाफ में जापान ने दमदार खेल दिखाया और 8 मिनट में 2 गोल दागते हुए 2-1 से मैच अपने नाम कर लिया। फीफा की रैंकिंग में जर्मनी की टीम 11वें नंबर पर है, जबकि जापान की टीम 24वें नंबर पर है।

**दूसरे हाफ में दो गोल से जीता जापान :** मैच का पहला गोल जर्मनी के लिए इल्के गुंडोगन ने दागा। उन्होंने यह गोल पहले ही हाफ में पेनल्टी से 33वें मिनट में किया था। पहले ही हाफ में जापान और जर्मनी ने 2-2 गोल और भी दागे थे, लेकिन यह ऑफसाइड करार दिये गये। दूसरे हाफ में जापान ने अपना दमदार खेल दिखाया। उसने जर्मनी को पूरी तरह से बैकफुट पर रखा। जापान के लिए पहला गोल रित्सु दोन ने किया। उन्होंने यह गोल मैच के 75वें मिनट में दागा। इसी के साथ मैच 1-1 की बराबरी पर आ गया था। इसके बाद जापान के लिए तकुमा असानो ने विनिंग गोल दागा। उनका यह गोल 83वें मिनट में आया।

### जापान ने इतिहास में पहली बार जर्मनी को हराया



**जापान** के लिए यह जीत बेहद खास है, क्योंकि उसने इसके साथ ही इतिहास रच दिया है। जापान टीम ने इतिहास में पहली बार जर्मनी को हराया है। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल पांच मैच हुए, जिसमें जर्मनी ने दो मैच जीते, जापान ने एक मुकाबला (यही वाला) जीता। जबकि दो मैच ड्रॉ पर खत्म हुए थे।

### टी-10 क्रिकेट : पूरन की पारी की बदौलत डेक्कन ग्लेडिएटर्स जीता

**अबूधाबी (एजेंसी)।** निकोलस पूरन के धमाकेदार अर्धशतक की मदद से डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने अबूधाबी टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम अबूधाबी को 35 रन से हराया। पूरन ने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से 77 रन बनाए जिससे डेक्कन की टीम ने छह विकेट पर 134 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम अबूधाबी किसी भी समय लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी और डेक्कन के गेंदबाजों ने उसे छह विकेट पर 99 रन पर रोक दिया। उसकी तरफ से जेम्स विन्से ने सर्वाधिक 37 रन बनाए जबकि फेबियन एलेन ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

# आईपीएल-2023 में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दे सकते हैं दिखाई

**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन से पहले होनेवाली नीलामी में अपना नाम दर्ज करवाया है। रूट इंग्लैंड के लिए 32 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 35.72 की औसत से 893 रन बना चुके हैं, लेकिन मई 2019 के बाद से उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान रूट ने डेली मेल अखबार को दिये हालिया साक्षात्कार में कहा था कि टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद उनका कार्यभार कम हुआ है और अब वह टी-20 में भी अपनी संभावनायें तलाशेंगे।

रूट ने इससे पहले 2018 की आईपीएल नीलामी में भी अपना नाम दर्ज किया था, हालांकि उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था। डेली मेल ने रूट के हवाले से कहा था कि मैं आईपीएल नीलामी में जाने पर



विचार करूंगा और मुझे टूर्नामेंट में मौका मिलने की उम्मीद है। हर मैच के महत्व में शामिल होना बहुत अच्छा होगा। बयान में कहा गया थाकि संन्यास लेने, धीमा होने या कम प्रारूप खेलने के बारे में मेरे मन में कोई विचार या भावना नहीं है। कुछ भी हो, मैं अपने समय के साथ थोड़ी अधिक स्वतंत्रता महसूस करता हूं। मुझे हमेशा टी-20 सीरीज के दौरान आराम मिलता था और मुझे लगता है कि मैं प्रारूप से अलग हो गया, क्योंकि मैंने इसे पर्याप्त नहीं खेला। आप यह महसूस कर सकते हैं कि आप पीछे छूट गये हैं। अब अगले कुछ साल यह पता लगाने का अच्छा समय हो सकता है कि मैं उस प्रारूप में अपने खेल के कितनी दूर ले जा सकता हूं। उल्लेखनीय है कि एकदिवसीय विश्व कप-2023 की मेजबानी भारत को दी गयी है और उससे पहले भारतीय परिस्थितियों में खेलना रूट के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे पहले इंग्लैंड को 2023 के शुरूआती हिस्से में दक्षिण अफ्रीका और बंगलादेश में एक दिवसीय श्रृंखला भी खेलनी है।

### नीदरलैंड और इक्वाडोर के मैच में स्ट्राइकर के बीच होगा मुकाबला

**दोहा (एजेंसी)।** इक्वाडोर के स्ट्राइकर इनर वैलेंसिया और नीदरलैंड के फॉरवर्ड मेम्फिस डेपे का प्रदर्शन शुक्रवार को होनेवाले विश्वकप मुकाबले में काफी हद तक परिणाम का निर्धारण करेगा। यह दोनों ही स्ट्राइकर अलग शैली के हैं। वैलेंसिया के शॉट अधिक ताकतवर और सीधे होते हैं जबकि डेपे ज्यादा कुशल हैं। यह दोनों ही खिलाड़ी अपनी टीम के लिए बेहद महत्व रखते हैं और ऐसे में इस मुकाबले में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस मैच में जीत दर्ज करनेवाली टीम के छह अंक हो जाएंगे और उसकी ग्रुप ए में स्थिति मजबूत हो जाएगी। वैलेंसिया ने कतर के खिलाफ इक्वाडोर की तरफ से दोनों गोल किए थे। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 37 गोल कर चुके हैं। दूसरी तरफ नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर सेनेगल को 2-0 से हराया था। डेपे उस मैच में दूसरे हाफ में ही मैदान पर उतरे थे। डेपे ने नीदरलैंड को विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# बांग्लादेश दौरे के लिए टीम इंडिया और इंडिया ए का ऐलान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए यश दयाल और रवींद्र जडेजा की जगह तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और हरफनमौला शाहबाज अहमद को इंडिया 'ए' टीम में जगह दी गयी है। दयाल पीठ के निचले हिस्से में समस्या से ग्रस्त हैं जबकि जडेजा अभी तक अपने घुटने की चोट से उबर नहीं पाए हैं। वह बीसीसीआई मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। न्यूजीलैंड में 25 नवम्बर से ऑकलैंड में शुरू होनेवाली तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए कुलदीप और शाहबाज को शुरू में टीम में नामित किया गया था। हालांकि, अब वे बांग्लादेश जानेवाली टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड में वर्तमान में एक दिवसीय टीम के लिए कोई विकल्प नहीं दिया गया है।

### ऐसी होंगी टीमें : -

**न्यूजीलैंड वनडे के लिए भारत की टीम :** शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, उमरान मलिक।

**बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मो. शमी, मो. सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन।

**इंडिया ए टीम का भी हुआ चुनाव**

चयनकर्ताओं ने बांग्लादेश ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम का भी चयन किया है।

**पहले चार दिवसीय मैच के लिए भारत-ए टीम :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ।

**दूसरे 4 दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए टीम :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत शेठ, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, केएस भरत (विकेटकीपर)।

# फीफा विश्व कप : सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटना चाहेगा कतर

**दोहा (एजेंसी)।** विश्व कप मेजबान कतर के लिए बद से बदतर साबित हो सकता है, अगर उसके खिलाड़ी ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में अफ्रीकी चैम्पियन सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटने में सफल नहीं हो पाए। कतर पहले ही विश्व कप के शुरूआती मैच को गंवानेवाला पहला मेजबान बन चुका है। उसे रविवार को इक्वाडोर से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इससे उस पर ग्रुप चरण से बाहर होनेवाला दूसरा मेजबान बनने का खतरा भी मंडरा रहा है जबकि पहली बार ऐसा 2010 में दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था। अगर वह प्रत्येक मैच में हार गया या फिर घरेलू विश्व कप में एक भी गोल करने में सफल नहीं रहा तो इससे फीफा के छोटे और अमीर खाड़ी देश को विश्व कप की मेजबानी सौंपने के फैसले की और भी आलोचना होगी जो 12 साल पहले मेजबानी का अधिकार जीतने से पहले फुटबॉल के इस बड़े टूर्नामेंट में कभी भी क्वालीफाई नहीं कर सका था। कतर के कोच फेलिक्स



सांचेज ने कहा कि हम इस जिम्मेदरी से थोड़े अभिभूत थे। हम थोड़े नर्वस भी थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम (सेनेगल के खिलाफ) थोड़े कम दबाव में होंगे और हम मैच में अधिक प्रतिस्पर्धी तरीके से खेलेंगे। मुझे लगता है कि हम इसकी ओर काम कर सकते हैं। कतर के पास शुक्रवार को सेनेगल के खिलाफ होने वाले मैच में यह दिखाने का मौका होगा कि वह विश्व कप में शामिल होने का हकदार है।

प्रतिद्वंद्वी टीम में इंग्लैंड, स्पेन, इटली और फ्रांस की शीर्ष लीग में खेलनेवाले कई खिलाड़ी होंगे, भले ही उसे चोटिल फॉरवर्ड सादियो माने की कमी खल रही हो। सांचेज ने कहा कि हम अभी काफी सुधार कर सकते हैं। कतर भले ही 2019 का एशियाई चैम्पियन हो, लेकिन टीम का प्रत्येक सदस्य देश में स्थानीय क्लब के लिए खेलता है जो उनके और विश्व कप के मानक के बीच अंतर का संकेत हो सकता है। सेनेगल को भले ही मजबूत नीदरलैंड से शुरुआती मैच में हार मिली हो लेकिन उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को परेशानी में डाला था। पर दूसरे हाफ में उसके मिडफील्डर चेखोऊ कोयाते और डिफेंडर अब्दोऊ डियाओ चोटिल हो गए थे जिससे मैच के दौरान टीम की लय पर असर पड़ा था और नीदरलैंड ने इसी का फायदा उठाते हुए अंत में गोल दागकर जीत दर्ज की थी। कोयाते के कतर के खिलाफ मैच से बाहर रहने की संभावना है लेकिन सेनेगेल के कोच अलियोऊ सिसे ने कहा कि टीम का ध्यान अगले मैच पर लगा हुआ है जिसमें उन्हें इस्माइला सार, बोलाये दिया और क्रेपिन डियाटा की नई फॉरवर्ड पंक्ति से काफी उम्मीदें लगी हुई हैं।




## न्यूज गैलरी

### स्टार्टअप इंडिया का मार्ग पोर्टल पर स्टार्टअप एप के लिए पंजीकरण एप शुरू

नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी)ने स्टार्टअप इंडिया द्वारा मार्ग पोर्टल पर पंजीकरण आवेदन के लिए ऐप चालू किया है। मार्ग स्टार्टअप इकाइयों को दिशा दिखाने और परामर्श देने का प्लेटफॉर्म है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप इंडिया स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने और भारत में नवाचार और उद्यमिता के लिए एक मजबूत और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान दे रहा है। इसके लिए एमएएआजी (मार्ग) पोर्टल विकसित कर रहा है। इस पर इकाइयाँ को मार्गदर्शन प्राप्त करने का वन स्टॉप प्लेटफॉर्म है।

### जियो की 5जी सेवा पुणे में भी पहुंची

मुंबई (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि समूह की जियो ने बुधवार को घोषणा की कि उसने जियो ट्र 5जी सेवा अब पुणे भी शुरू कर दी गयी है । कंपनी के अनुसार 23 नवंबर से पुणे में जियो यूजर्स को जियो वेलकम ऑफर के लिए आमंत्रित किया जा रहा है और बिना किसी अतिरिक्त लागत के एक जीबी/ प्रति सेकेंड से अधिक गति पर अनलिमिटेड डेटा का अनुभव की पेशकश की जा रही है। कंपनी का कहना है कि पूणेवालों को आज से एक जीबी/प्रति सेंकड से अधिक की तीव्र गति वाली इंटरनेट सुविधा मिलने लगी है। जियो ने कहा है कि वह अपने जियो ट्रू 5जी नेटवर्क की बीटा टेस्टिंग किसी शहर में तभी शुरू करता है जब उस शहर के बड़े हिस्से तक अपने खुद के ट्रू 5जी नेटवर्क को खड़ा कर लेती है। जियो के एक प्रवक्ता ने कहा, जियो ट्रू 5जी के लॉन्च के बाद 12 शहरों में, बड़ी संख्या में जियो उपयोगकताओं ने जिया वेलकम ऑफर में नामांकन किया है। उम्मीद के मुताबिक, जियो के ट्रू 5जी नेटवर्क पर डेटा यूसेज इससे कई गुना ज्यादा है। प्रवक्ता के अनुसार पुणे में विद्यार्थियों की एक बड़ी आबादी है और इसे एक प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र (आईटी हब) भी माना जाता है। इस 5जी सेवा से पुणे के लोगों का अनुभव बदल जाएगा। कंपनी दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलूरु के अलावा नाथद्वारा में जियो ट्र 5जी नाम से पांचवी पीढ़ी की दूरसंचार सेवाएं शुरू कर चुकी है।

### रेलवे ने बीते 16 महीने में हर तीन दिन में एक निकम्मे या भ्रष्ट अधिकारी को किया बर्खास्त

नई दिल्ली। रेलवे ने बीते 16 महीने में हर तीन दिन में एक निकम्मे या भ्रष्ट अधिकारी को बर्खास्त किया है। इसके अलावा 139 अधिकारियों पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए दबाव डाला जा रहा है जबकि 38 को हटा दिया गया है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विगत बुधवार को वरिष्ठ स्तर के दो अधिकारियों को हटाया गया। उन्होंने कहा कि इनमें से एक को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हैदराबाद में पांच लाख रुपये की रिश्वत के साथ जबकि दूसरे को रांची में 3 लाख रुपये के साथ पकड़ा था। एक अधिकारी ने कहा, (रेलवे) मंत्री (अश्विनी वैष्णव) ह्यकाम करो नहीं तो हटो' के अपने संदेश के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। हमने जुलाई 2021 से हर तीन दिन में रेलवे के एक भ्रष्ट अधिकारी को बाहर किया है।

### आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिये वित्तीय नियामकों की सोच में बदलाव जरूरी: अमिताभ कांत

मुंबई। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि वित्तीय नियामकों को समाजवादी युग में तैयार किया गया था और आर्थिक वृद्धि में सहायता के लिए इन नियामकों की सोच में बदलाव की जरूरत है। कांत एक पेशेवर नौकरशाह है। वह कुछ समय पहले तक नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ नेता मुफ्त बिजली जैसी सुविधाएं देकर देश को बर्बाद कर रहे हैं। कांत ने एसबीआई के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) या यहां तक कि भारत के प्रतिस्पर्धी आयोग जैसे वित्तीय क्षेत्र के नियामकों को ह्यविकास और परिवर्तन एजेंटों के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, नियामकों को भी एक विशेष अवधि में तैयार किया गया था। तब हम एक समाजवादी युग से गुजर रहे थे और इसलिए मेरा मानना है कि कई नियामकों की सोच में बदलाव की काफी आवश्यकता है।

# बेटी की वजह से बिक रही बिसलेरी, डील को लेकर कंपनी ने कही ये बात, खरीदने की रेस में टाटा सबसे आगे



◀◀ 30 साल पहले सॉफ्ट ड्रिंक कारोबार को बेचा था

◀◀ 7,000 करोड़ की डील पर किया इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी पैकेज्ड वॉटर मेकर बिसलेरी अपने कारोबार को बेच रही है। कंपनी को खरीदार की तलाश है और इसके लिए टाटा ग्रुप से भी बातचीत चल रही है। 'बिसलेरी इंटरनेशनल' के चेयरमैन और मशहूर उद्योगपति रमेश चौहान ने गुरुवार को कहा कि वह अपने बोतलबंद पानी के कारोबार के लिए खरीदार की तलाश में हैं और इस बारे में उनकी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड समेत कई कंपनियों से बात चल रही है। खबर के मुताबिक, 82 साल के रमेश चौहान से जब इस बारे में पूछा गया कि बिसलेरी कारोबार को बेचने के पीछे क्या वजह है? तब उन्होंने कहा कि आगे चलकर किसी को तो बिजनेस का दायित्व संभालना ही होगा, इसलिए हम उचित रास्ता तलाश रहे हैं। दरअसल, उनकी बेटी जयंती की दिलचस्पी कारोबार को संभालने में नहीं है। इतना ही नहीं मीडिया में चल रही डील की रकम को लेकर भी रमेश चौहान ने बातचीत की। उन्होंने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) के साथ 7,000 करोड़ रुपये के डील की खबर को इनकार किया है। दरअसल, चौहान से पूछा गया था कि क्या वह बिसलेरी का कारोबार बेचने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा, "हां, हम बेच रहे हैं।" उन्होंने कहा कि समूह की कई संभावित खरीदारों से बात चल रही है। उनसे पूछा गया कि क्या वह टाटा समूह की कंपनी को कारोबार बेच रहे हैं, इस पर चौहान ने कहा, "यह सही नहीं है...अभी हमारी बात चल रही है।" बिसलेरी इंटरनेशनल के प्रवक्ता ने बाद में मीडिया में एक बयान में कहा, "अभी हमारी बात चल रही है, इससे अधिक जानकारी नहीं दी जा सकती है। चौहान ने तीन दशक पहले अपने सॉफ्ट ड्रिंक कारोबार को अमेरिकी पेय पदार्थ कंपनी कोका-कोला को बेच दिया था। चौहान 2016 में फिर से सॉफ्ट ड्रिंक के कारोबार में उतरे लेकिन उनके उत्पाद 'बिसलेरी पॉप' को उतनी सफलता नहीं मिली।

## पेटीएम निकला दुनिया का सबसे बर्बाद आईपीओ 79 प्रतिशत से ज्यादा डूब गए पैसे, निवेशक कंगाल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का पिछले साल नवंबर में आईपीओ आया था। इसे देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ कहा जा रहा था। आईपीओ लॉन्च होने से पहले दलाल मार्केट में जबरदस्त माहौल बनाया गया था। पेटीएम आईपीओ की तुलना दुनिया के सबसे अरबपति एलन मस्क की कार कंपनी टेस्ला से कम्पेयर किया जा रहा है, लेकिन आईपीओ की लिस्टिंग ने लाखों निवेशकों को मायूस किया। ब्लूमबर्ग शो द्वारा एकत्रित डेटा के मुताबिक, पिछले एक दशक में जितने भी बड़े आईपीओ आए हैं उनमें सबसे खराब पेटीएम का आईपीओ रहा है। इसने अब तक निवेशकों को 79% का तगड़ा नुकसान कराया है। ग्लोबल लेवल पर पिछले दस सालों में इस आईपीओ ने अब तक का सबसे बड़ा नुकसान कराया है। इससे पहले 2012 में स्पेन के बांकिया एसए में 82% गिरावट आई थी। पिछले हफ्ते जापान के सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प ने आईपीओ में निर्धारित लॉक-अप अवधि के रूप में पेटीएम में रखे गए शेयरों को बेच दिया। पेटीएम के शेयर वर्तमान में 450.10 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। बता दें कि ढं८३ के शेयर 2,150 रुपये के इश्यू प्राइस पर बेचे गए, जो लिस्टिंग के बाद इस स्तर को छु नहीं सका है। अपने आईपीओ इश्यू प्राइस की तुलना में पेटीएम का स्टॉक 79% से अधिक गिर चुका है।

## श्रीराम फाइनेंशियल वेंचर्स होगी श्रीराम ग्रुप की धारक कंपनी




**चेन्नई (एजेंसी)।** बीमा और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा क्षेत्र में काम करने वाली देश के प्रमुख कंपनी समूह श्रीराम ग्रुप ने कहा कि उसकी होल्डिंग कंपनी श्रीराम कैपिटल लिमिटेड (एससीएल)और श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस का समूह की वाहन ऋण कंपनी श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस में विलय जल्दी ही होगा। इसके बाद श्रीराम कैपिटल (एससीएल) की होल्डिंग कंपनी श्रीराम फाइनेंशियल वेंचर्स (चेन्नई) प्राइवेट लिमिटेड (एसएफवीपीएल) 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का प्रबंधन करने वाले इस समूह की वित्तीय सेवाओं और बीमा व्यवसायों की प्रवर्तकऔर होल्डिंग कंपनी बन जाएगी। एसएफवीपीएल का स्वामित्व श्रीराम ओनरशिप ट्रस्ट (एसओटी) और दक्षिण अफ्रीका के सनलाम ग्रुप के पास है। विज्ञप्ति के अनुसार एसओटी के प्रबंध न्यासी और एससीएल के पूर्व प्रबंध निदेशक श्री डीवी रवि एसएफवीपीएल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक होंगे। श्रीराम कैपिटल की कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी सुश्री सुभाश्री श्रीराम और नोवाक टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस के निदेशक और सीईओ श्री एन एस नंदा किशोर एसएफवीपीएल का संयुक्त प्रबंध निदेशक बनाया जा रहा है। समूह ने कहा है कि एसएफवीपीएल वित्तीय सेवा क्षेत्र में नए व्यावसायिक अवसरों की तलाश जारी रखने के साथ साथ समूह की अपनी उन सभी कारोबारी कंपनियों के विस्तार और विकास करने में मदद करेगी जिनमें उसकी पूंजी लगी है। श्री डीवी रवि ने एक बयान में कहा, एक समूह स्तर पर, हमने एसएफवीपीएल के तहत कॉर्पोरेट संरचना और व्यवसायों को सरल बनाने का एक व्यापक अभ्यास पूरा कर लिया है, अब गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) और बीमा क्षेत्र में विकास को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इन क्षेत्रों में उभरते अवसरों और नई पहलों का मूल्यांकन भी करेंगे। एसएफवीपीएल के निदेशक मंडल में नामांकित निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक और स्वतंत्र निदेशक शामिल होंगे।

## छत्तीसगढ़ की खदान से एनटीपीसी लारा के बीच कोयला रेक परिचालन शुरू

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ की अपनी तलाईपल्ली कोयला खदान से उसी प्रदेश में अपनी लारा सुपर थर्मल पावर परियोजना के लिए पहला कोयला रेक डिस्पैच मंगलवार को रवाना किया। कंपनी की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार तलाईपल्ली से लारा तक एमजीआर ट्रैक की लंबाई 65 किमी है। रेक लोडिंग की शुरूआत 1600 मेगावाट एनटीपीसी लारा की कोयले की जरूरतों को पूरा करने के लिए तलाईपल्ली खदान के लिए सुचारू और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से कोयला भेजने का मार्ग प्रशस्त करती है। बयान के मुताबिक कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने हरी झंडी दिखा कर कोयला रेक डिस्पैच का उद्घाटन किया।

## जून तिमाही में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या वार्षिक आधार पर 2.46 प्रतिशत घटी : ट्राई रिपोर्ट




◀◀ रिपोर्ट के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या मार्च,22 के अंत में 64.711 करोड़ से बढ़कर जून तिमाही के अंत में 64.909 करोड़ हो गयी।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 2022 में मार्च के अंत के 116.693 करोड़ से बढ़कर जून के अंत में 117.296 करोड़ हो गई जो तिमाही आधार पर 0.52 प्रतिशत की वृद्धि दर दशार्ती है। लेकिन पिछले वर्ष की जून तिमाही की तुलना में ग्राहक संख्या 2.46 प्रतिशत घटी है। इस वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्र में दूरसंचार के ग्राहकों की संख्या में कमी आयी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहक बढ़े। जून तिमाही के दौरान इससे पिछली तिमाही की तुलना में ग्राहकों की संख्या में 53 लाख की शुद्ध वृद्धि हुयी। दूरसंचार विनियामक ट्राई द्वारा देश के दूरसंचार क्षेत्र के कार्यप्रदर्शन पर बुधवार को जारी अप्रैल-जून 2022 की भारतीय दूरसंचार सेवाओं के प्रदर्शन की संकेत रिपोर्ट में के अनुसार भारत में समग्र टेली-घनत्व इस वर्ष मार्च में समाप्त तिमाही में 84.88 प्रतिशत था जो बढ़कर जून तिमाही में में 85.13 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या मार्च,22 के अंत में 64.711 करोड़ से बढ़कर जून तिमाही के अंत में 64.909 करोड़ हो गयी, हालांकि इसी अवधि के दौरान शहरी टेली-घनत्व 134.94 प्रतिशत से घटकर 134.72 प्रतिशत हो गया। ग्रामीण टेलीफोन ग्राहक 22 मार्च के अंत में 51.98 करोड़ से बढ़कर 22 जून के अंत में 52.33 करोड़ हो गए।

## कर्ज वृद्धि को बनाये रखने में बैंक व्यवस्था बेहतर स्थिति में : एसबीआई प्रमुख

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि देश की बैंक व्यवस्था पिछले समय के मुकाबले अभी काफी बेहतर स्थिति में है और यह वर्तमान में कर्ज में उच्च वृद्धि को बनाये रखने में सक्षम होगी। एसबीआई के आर्थिक सम्मेलन में खारा ने कहा कि पिछली बार जब कर्ज में ऊंची वृद्धि हुई थी, उसमें से बड़ी संख्या में फंसे कर्ज में तब्दील हुए। बैंकों ने उन चीजों को आत्मसात किया है। उन्होंने कहा कि कर्ज देने को लेकर जांच-पड़ताल और जोखिम निर्धारण के नजरिये से बैंक काफी बेहतर स्थिति में हैं। खारा ने कहा कि निर्णय लेने की प्रक्रिया काफी वैज्ञानिक है और अब बैंकों के पास अपेक्षाकृत अधिक पूंजी है। उन्होंने कहा, बैंक अब बेहतर स्थिति में हैं और जो वृद्धि हम देख रहे हैं, वह टिकाऊ भी है। उल्लेखनीय है कि बैंक कई साल तक कर्ज में सालाना वृद्धि हासिल करने को लेकर जूझ रहे थे। वहीं चार नवंबर को समाप्त सप्ताह में बैंकों के कर्ज में वृद्धि 17 प्रतिशत रही। खारा ने कहा कि कंपनियों के कर्ज कम हुए हैं जबकि पिछली बार उनके ऊपर काफी ऋण थे। उन्होंने दिवाला संहिता, रेटिंग व्यवस्था और कर्ज ब्यूरो का जिक्र करते हुए कहा कि परिवेश भी बदला है, जिससे बैंकों को लाभ हो रहा है। एसबीआई चेयरमैन यह भी कहा कि देश के बैंक और गिफ्ट सिटी जैसी वैकल्पिक व्यवस्था को आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

## शार्ट टर्म में 157 तक पहुंच सकता है गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स का शेयर

**नई दिल्ली।** अगर आप भी शॉर्ट टर्म में तगड़े मुनाफे की तलाश में हैं तो आप कुछ ऐसे स्टॉक्स पर दांव लगा सकते हैं, जिन पर एक्सपर्ट्स बुलिश हैं। आज आपको ऐसा ही एक स्टॉक के बारे में बताएंगे, जिससे आप कम समय में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। हम बात कर रहे हैं गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड यानी जीएसएफसी की। अगर जीएसएफसी के शेयर प्राइस हिस्ट्री की बात करें तो यह स्टॉक बुधवार को 7 फीसद उछल कर 129.15 रुपये पर बंद हुआ था। पिछले 5 दिन में यह 5.64 फीसद उठा है। हालांकि, पिछले छह महीने में इसने 16 फीसद से अधिक निगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, इस साल अब तक यह 6.43 फीसद का रिटर्न दे चुका है।

## गेहूं की कीमतों में असामान्य तेजी आने पर सरकार कदम उठाएगी : खाद्य सचिव



◀◀ घरेलू उत्पादन में गिरावट और निजी पक्षों द्वारा आक्रामक खरीद के कारण विपणन वर्ष 2022-23 में सरकार की गेहूं खरीद 434.44 लाख टन से गिरकर 187.92 लाख टन रह गई।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने कहा कि गेहूं की कीमतों पर उसकी नजर है और यदि खुदरा बाजार में इसके दाम में असामान्य उछाल देखने को मिलता है, तो उसपर अंकुश के लिए कदम उठाए जाएंगे। निर्यात प्रतिबंध के बावजूद गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी पर चिंता के बीच केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि गेहूं और चावल के स्टॉक की स्थिति सहज है और सरकार की बफर आवश्यकताओं से काफी ऊपर है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, चावल की कीमतें स्थिर हैं। मई में गेहूं पर प्रतिबंध लगाने के बाद खुदरा में गेहूं की कीमतों में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और अगर हम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को ध्यान में रखते हैं, तो मूल्य वृद्धि 4-5 प्रतिशत है। मई में, सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। घरेलू उत्पादन में गिरावट और निजी पक्षों द्वारा आक्रामक खरीद के कारण विपणन वर्ष 2022-23 में सरकार की गेहूं खरीद 434.44 लाख टन से गिरकर 187.92 लाख टन रह गई। यह पूछे जाने पर कि क्या मंत्रालय गेहूं की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए स्टॉक भंडारण सीमा और खुले बाजार में बिक्री योजना जैसे किसी और कदम पर विचार कर रहा है, चोपड़ा ने कहा, 'अभी जो स्थिति है, उसके अलावा किसी अन्य उपाय की जरूरत नहीं है। कीमतों में यदि असामान्य वृद्धि हुई, तो जाहिर है, हम कदम उठाएंगे। सितंबर में, कुछ पूर्वी राज्यों में बेमौसम बारिश और कम मानसून के मद्देनजर चावल के उत्पादन में अनुमानित गिरावट के कारण सरकार ने टूटे चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

## बढ़ते डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी के उपयोग से तीसरे पक्ष से सत्यापन ही भविष्य: सेबी प्रमुख

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा कि प्रौद्योगिकी के कारण जिस स्तर पर डिजिटलीकरण हो रहा है, उसमें तृतीय पक्ष सत्यापन ही भविष्य है। उन्होंने ऑडिट और अकाउंट विभाग के ऑडिट सप्ताह में कहा कि सरकार के हर विभाग, आंकड़ों की पहुंच समेत हर जगह डिजिटलीकरण तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में तीसरे पक्ष से सत्यापन भविष्य है क्योंकि यह प्रौद्योगिकी के माध्यम से होगा। सेबी प्रमुख ने कहा कि हमारा जोर किसी तीसरे पक्ष से सत्यापन पर है। यह बाजार में प्रस्तुत चीजों की वास्तविक तथा निष्पक्ष तस्वीर को सामने लाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी 20 वेबसाइट हैं जिसके जरिये ऑडिटर तीसरे पक्ष से सत्यापन के माध्यम से उन इकाइयों के दावों का सत्यापन कर सकते हैं, जिनका ऑडिट किया जा रहा है।

# ट्विटर-फेसबुक के बाद अब गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट में भारी छंटनी की तैयारी




◆खास बात ये है कि कुछ समय पहले गूगल ने बड़ी संख्या में लोगों की भर्तियां की थी। जिसके बाद विशेषज्ञों और निवेशकों ने कंपनी मैनेजमेंट को बढ़ती हुई लागत को लेकर चेतावनी देनी शुरू की।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्विटर-फेसबुक के बाद अब गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट करीब 10 हजार कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार कंपनी अपने कर्मचारियों के प्रदर्शन की समीक्षा कर रही है और रिव्यू में कमजोर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को निकाल दिया जाएगा। फिलहाल दुनिया की अन्य दिग्गज टेक कंपनियों की तरह है गूगल पर भी अपनी लागत घटाने का दबाव है और वो इसकी शुरूआत कर्मचारियों की संख्या घटा कर रहे हैं। खबरों के अनुसार कंपनी हर 100 में से 6 कर्मचारियों को निकालने की तैयारी कर रही है। जो कि करीब 10 हजार कर्मचारियों के बराबर है। गूगल इसके लिए रैंकिंग सिस्टम का इस्तेमाल करेगा और रैंकिंग में सबसे नीचे आने वाले कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। खास बात ये है कि कुछ समय पहले गूगल ने बड़ी संख्या में लोगों की भर्तियां की थी। जिसके बाद विशेषज्ञों और निवेशकों ने कंपनी मैनेजमेंट को बढ़ती हुई लागत को लेकर चेतावनी देनी शुरू की। अरबपति निवेशक क्रिस्टोफर हॉन ने शिकायत की थी कि गूगल नए कर्मचारियों की भर्ती के मामले में इंडस्ट्री के औसत से भी ऊपर निकल गई है और जितनी भर्तियां हाल में हुई हैं वो कंपनी की जरूरतों से भी ज्यादा है। जिसके बाद गूगल ने ऐलान किया था कि वो चौथी तिमाही में भर्तियों की रफ्तार धीमी करेंगे। हालांकि अब इसी तिमाही में कंपनी छंटनी करने जा रही है। दिग्गज निवेशक क्रिस्टोफर हॉन ने अल्फाबेट को एक खत लिखकर कहा था कि कंपनी में जरूरत से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे हैं। और इनकी संख्या को घटाने की जरूरत है। वहीं यूके के इस निवेशक ने मेल में ये भी लिखा की कंपनी के कर्मचारियों को इंडस्ट्री के औसत से कही ज्यादा वेतन मिल रहा है। और हाल के दिनों में औसत से ज्यादा भर्तियां भी हुई हैं। साल 2021 में गूगल के कर्मचारियों की औसत सैलरी करीब 3 लाख डॉलर यानि 2 करोड़ रुपये सालाना से ज्यादा थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक अल्फाबेट अमेरिका की टॉप टेक कंपनियों से भी डेढ़ गुना ज्यादा सैलरी दे रही है।

## पेज एक के शेष

### अमृत महोत्सव के...

जा रहा है। आज संविधान को याद करने का दिन है। हम सभी को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। सांसद ने चित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि संसद भवन में आयोजित चित्र प्रदर्शनी से किसी मायने में यह प्रदर्शनी कम नहीं हैं। इस प्रदर्शनी में नीलांबर-पीतांबर से लेकर देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को शामिल किया गया जाना काफी हर्ष का विषय है। सांसद ने सभी लोगों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने एवं जानकारी हासिल करने की अपील की। वहीं, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामलखन सिंह ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिये जन-जन तक स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा पहुंच रही है। इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन पलामू ही बल्कि पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात है। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, डालटनगंज गौरव कुमार पुष्कर ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकारनाथ पांडेय ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, तकनीकी सहायक अंजनी कुमार मिश्रा, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक, शाहिद अख्तर, राकेश यादव, ब्रह्मदेव यादव,अनूप राकेश खलखो, नवीन पांडेय, शशिकांत, नरेश सिंह, जितेंद्र मेहता, रामजन्म पाल, सतीश कुमार, विवेकानंद, सचिन, राजेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, शिवजी प्रसाद, आकांक्षा कुमारी, स्मृति कुमारी, हेमलिनकांत, रख्शॉ रमीजा, प्रीति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**गिरिवर प्लस टू स्कूल से निकली जागरूकता रैली :** आजादी के अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस के मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने एवं संविधान के मूल्यों को समझाने के लिए गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रातः साढ़े दस बजे से विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी। इसके लिये विद्यार्थियों के बीच टोपी एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया। गांधी स्मृति टॉउन हॉल में आयोजित प्रदर्शनी स्थल के बाहर जेएसएलपीएस, पलामू, भारतीय डाक विभाग पलामू एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्टॉल लगाया गया है। इन स्टॉल्स के जरिये आम लोग उत्पाद खरीद सकते हैं एवं सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं।

### गोयल को ईसी...

से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी गयी थी और उनकी नियुक्ति को दो दिनों के भीतर पक्का किया गया था। 24 नवम्बर को भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि द्वारा पेश की गयी फाइलों को देखने के बाद पीठ ने इस बात पर सवाल उठाये कि एक दिन के भीतर ही नियुक्ति क्यों की गयी? पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से यह भी पूछा कि एक व्यक्ति, जिसका कार्यकाल छह वर्ष की अवधि का भी नहीं होगा उसे नियुक्त क्यों किया गया? जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि 15 मई को पद खाली हुआ, ऐसे में सरकार ने इस पर नियुक्ति के लिए जल्दबाजी क्यों की? उसी दिन क्लीयरेंस, उसी दिन नोटिफिकेशन, उसी दिन मंजूरी। फाइल 24 घंटे भी नहीं घूमी। यह तो बिजली की गति से भी तेज हुआ। सुनवाई के दौरान पीठ ने नियुक्ति के तरीके पर भी सवाल उठाये। जस्टिस अजय रस्तोगी ने इतनी तेजी से फाइल आगे बढ़ने और नियुक्ति करने पर सवाल खड़े किये। उन्होंने पूछा कि 24 घंटे के भीतर सारी जांच पड़ताल कैसे कर ली गयी? इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि वो सभी बातों का जवाब देंगे, लेकिन अदालत उनको बोलने का मौका तो दें। जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि क्या व्यवस्था कायम है और प्रक्रिया ठीक काम कर रही है? डेटाबेस सार्वजनिक डोमेन में है और कोई भी इसे देख सकता है?

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### पीएम ने लचित दिवस की दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को असम और देशवासियों को लाचित दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा लचित दिवस असम के अहोम साम्राज्य के गुमनाम नायक लचित बरफुकन की वीरता का सम्मान करने के लिए मनाया जा रहा है, जिन्होंने मुगलों को हराया और औरंगजेब के शासन में मुगलों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को थाम दिया था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि लचित दिवस की बधाई। असम के लिए लचित दिवस विशेष है, क्योंकि हम महान लचित बोड़फुकन की 400वीं जयंती मना रहे हैं। वे अद्वितीय साहस के प्रतीक थे। उन्होंने लोगों की भलाई को सबसे ऊपर रखा और वह एक न्यायप्रिय और दूरदर्शी लीडर थे।

### जनरल आसिम मुनीर पाक के नये सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को देश का नया सेना प्रमुख चुना। वह निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा 29 नवम्बर को सेवानिवृत्त होनेवाले हैं। बाजवा (61) को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें 2019 में तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के और विस्तार का अनुरोध करने की संभावना से इनकार कर दिया था। लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएम शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ और लेफ्टिनेंट जनरल सैयद आसिम मुनीर को थल सेनाध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया है।

### अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का बुधवार को सफल ट्रेनिंग लांच किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अग्नि-3 3500 किमी तक मार करने में सक्षम है। यह मीडियम रेंज की मिसाइल है। परणाणु क्षमता से लैस इस मिसाइल की जद में में पूरा पाकिस्तान और आधा चीन आता है। इस मिसाइल की साइज भी बहुत ज्यादा है। इसकी लंबाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। जो एक सेकेंड में पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। 50 टन वजन वाली मिसाइल में दो चरणोंवाला इंजन लगा है जो ठोस ईंधन से चलता है। यह मिसाइल अपने साथ 1.5 टन का हथियार ले जाने में सक्षम है। यह सफल परीक्षण सामरिक बल कमांड के तत्वावधान में किए गए नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च के अंतर्गत किया गया था।

# पीओके में ऐक्शन पर भारतीय सेना के बयान से पाकिस्तान में घबराहट

## गिलगित बाल्टिस्तान का जिक्र, कश्मीर में शुरू हो चुका है विकास

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सेना की तरफ से भारतीय सेना के नॉर्दन आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के एक बयान पर प्रतिक्रिया दी गई है। पाकिस्तान सेना की तरफ से कहा गया है कि भारतीय सेना के एक सीनियर ऑफिसर की तरफ से आनेवाला ऐसा अवांछित बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर की तरफ से ले. जनरल द्विवेदी के बयान की निंदा की गई है। ले. जनरल द्विवेदी ने कहा था कि अगर भारत सरकार की तरफ से आदेश दिया गया तो फिर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भी वापस ले लेगी। जनरल द्विवेदी ने यह भी कहा था कि अगर पाकिस्तान की सेना ने युद्धविराम समझौते को तोड़ने का प्रयास किया तो फिर उसे करारा जवाब दिया जाएगा।



**ले.** जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना यह सुनिश्चित करने के लिए हमेशा तैयार है कि युद्धविराम पर जो समझौता है, उसे कभी तोड़ा नहीं जाएगा क्योंकि यह दोनों देशों के हित में है। लेकिन अगर इसे तोड़ा गया तो फिर इसका करारा जवाब मिलेगा। 27 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि पीओके में जो कश्मीरी हैं, उनका दर्द भारत महसूस करता है। कश्मीर में विकास शुरू हो चुका है और भारत को अब गिलगित बाल्टिस्तान तक पहुंचने में कोई नहीं रोक सकता है।

जनरल द्विवेदी से पहले भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 27 अक्टूबर को कहा था कि पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा भोंका है और कश्मीर के कब्जे वाले इलाकों में बसे लोगों पर अत्याचार कर रहा है। आईएसपीआर की तरफ से एक के बाद एक ट्वीट किए गए हैं। इन ट्वीट्स में कहा गया है कि भारतीय सेना के हाई रैंक ऑफिसर की तरफ से आजाद जम्मू-कश्मीर को लेकर जताई गई चिंता बेबुनियादी है। पाकिस्तान आर्मी की मानें तो यह बयान भारत की सेनाओं की उस गलत मानसिकता को दर्शाता है तो राजनीति से परिपूर्ण है।

### आदेश पर तैयार सेना

**आईएसपीआर** ने कहा है कि जिन लॉन्च पैड्स और आतंकियों का जिक्र किया जा रहा है, वह पूरी तरह से निराधार हैं। पाकिस्तान का कहना है कि भारत की तरफ से ऐसे बयान जम्मू-कश्मीर में जारी मानवाधिकार हनन से ध्यान हटाने के लिए दिए जा रहे हैं। नॉर्दन आर्मी कमांडर ले. जनरल द्विवेदी ने कहा था, जहां तक भारतीय सेना की बात है, भारत सरकार से कोई भी ऑर्डर मिलने पर वह उसे हर हाल में पूर करेगी। अगर ऐसा कोई आदेश हमें दिया जाता है तो हम हमेशा तैयार रहेंगे।

# मलेशिया के नये पीएम होंगे अनवर इब्राहिम

**कुआलालुम्पुर (एजेंसी)।** अनवर इब्राहिम मलेशिया के नये प्रधानमंत्री होंगे। सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने अनवर को नए प्रधानमंत्री बनाने की मंजूरी दी है। बीते शनिवार को हुए आम चुनाव में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिली थी जिसके बाद से देश में राजनीतिक संकट चल रहा था, लेकिन अब अनवर इब्राहिम के नाम पर मुहर लग गयी है। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से पिछले चार सालों में मलेशिया में तीन बार आम चुनाव हो चुके हैं। मलेशिया के सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने अनवर इब्राहिम को नये प्रधानमंत्री बनने की मंजूरी दे दी है। अनवर इब्राहिम का प्रधानमंत्री बनना इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि ये इस्लामिक बेहतरी के बजाय सभी देशों से बेहतर संबंध रखने में विश्वास रखते हैं। अनवर इब्राहिम को सुधारवादी



नेता के रूप में जाना जाता है। अनवर इब्राहिम के प्रधानमंत्री बनने से मलेशिया में राइट विंग राजनीति के उदय को कम करने में मदद मिलेगी। ऐसी उम्मीद जतायी जा रही है कि यह सरकार पिछले सरकार के तुलना में बेहतर शासन चलायेगी। अनवर इब्राहिम के प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंसा की आशंका को देखते हुए पुलिस ने देशभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

# जम्मू-कश्मीर के सांबा में ड्रोन से गिरायी आईईडी, हथियार और रुपये

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस ने गुरुवार सुबह ड्रोन के जरिये सीमा पार से गिरायी गयी आईईडी, हथियारों और नकदी की एक खेप बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने संवाददाताओं को बताया कि स्थानीय लोगों ने गुरुवार सुबह 6.15 बजे अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर रामगढ़ और विजयपुर के बीच एक संदिग्ध पैकेट देखा और पुलिस को इसके बारे में सूचित किया। महाजन ने कहा कि संदिग्ध पैकेट में स्टील के तले वाला लकड़ी का एक बॉक्स था, जिसमें से बम निरोधक दस्ते ने डेटोनेटर सहित दो आईईडी, दो चीनी पिस्तौलें, 60 राउंड के साथ चार मैगजीन और पांच लाख रुपये की नकदी बरामद की। यह नकदी 500 रुपये के नोटों में थी।

महाजन ने कहा कि यह सीमा पार से ड्रोन के जरिये सामान गिराये जाने का मामला है। हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेप का इस्तेमाल किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए किया जा सकता था, लेकिन पुलिस ने इसकी कोशिश नाकाम कर दी। महाजन ने बताया कि खेप की जानकारी देनेवाले स्थानीय लोगों और इस पर कार्रवाई करने वाले पुलिस कर्मियों को इनाम दिया जायेगा।

# गोवा में पर्यटन के साथ कृषि व ग्रामीण विकास से भी रोजगार बढ़ेगा : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में पुलिस समेत विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त नौजवानों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये और कहा कि डबल इंजन की सरकार गोवा में पर्यटन के साथ-साथ कृषि एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। श्री मोदी ने गोवा रोजगार मेला को वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की दिशा में गोवा सरकार ने अहम कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आनेवाले कुछ महीनों में गोवा पुलिस समेत अन्य विभागों में भी भर्तियां होनेवाली हैं। इससे गोवा पुलिस और मजबूत होगी और



नागरिकों की, खासकर के पर्यटकों की सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सुविधा बढ़ने वाली है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से देश के अलग-अलग राज्यों में लगातार रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है। केंद्र सरकार भी रोजगार मेले के माध्यम से हर महीने हजारों युवाओं को नौकरी दे रही है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि जहां-जहां भाजपा सरकारें हैं, डबल इंजन की सरकारे हैं, वहां राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर ऐसे रोजगार मेले का आयोजन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में केंद्र सरकार ने गोवा के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया है। लगभग तीन हजार करोड़ रुपये की लागत से मोपा में बने नये हवाई अड्डे का लोकार्पण भी जल्द ही होने जा रहा है। इस हवाईअड्डे के निर्माण से जुड़े कार्यों में गोवा के हजारों लोगो को रोजगार मिला है। इसी तरह आज जो गोवा में कनेक्टिविटी एवं बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं चल रही हैं, उनसे भी गोवा के युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं।

# नौसेना को मिला मोरमुगाओ युद्धपोत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अत्याधुनिक मिसाइल और अन्य हथियारों से लैस मोरमुगाओ युद्धपोत आज नौसेना को मिल गया जिससे उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ गयी है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने नौसेना को परियोजना 15 बी श्रेणी का दूसरा पोत विध्वंसक यानी यार्ड 12705 (मोरमुगाओ) गुरूवार को सुपुर्द किया। स्वदेशी इस्पात से बनाया गया यह पोत नौसेना के सबसे बड़े विध्वंसकों में एक है जिसकी लंबाई 164 मीटर और वजन 75000 टन से अधिक है। यह पोत समुद्री युद्ध के पूर्ण स्पेक्ट्रम में फैले विभिन्न प्रकार के कार्यों और मिशनों को पूरा करने में सक्षम है। इसे सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल और लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली बराक-8 मिसाइलों से लैस किया गया है।

# जामा मस्जिद में महिलाओं की अकेले एंट्री बैन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की जामा मस्जिद ने महिलाओं की अकेले एंट्री पर बैन लगा दिया है। मस्जिद की दीवारों पर इस नोटिस की कॉपी लगा दी गयी हैं, जिसके मुताबिक मस्जिद में लड़की या लड़कियों का अकेले आना मना है। यानी लड़कियों का ग्रुप भी मस्जिद के अंदर नहीं जा सकता है। इसे लेकर मस्जिद प्रशासन ने वजह बतायी है कि अकेली लड़कियां मस्जिद में लड़कों को टाइम देकर मिलने बुलाती हैं। यहां डांस वीडियो बनाती हैं, हम इस पर रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर रोक नहीं लगायी गयी है। परिवार या शादीशुदा जोड़ों पर कोई बैन नहीं है। जो लड़कियां यहां अकेली आती हैं, लड़कों को मिलने का टाइम देती हैं। यहां

■ मस्जिद प्रशासन बोला- ये टिकटॉक बनाने की जगह नहीं



गलत हरकतें होती हैं, लड़कियां मस्जिद में डांस करती हैं, टिकटॉक वीडियो बनाती हैं। यह बैन इन हरकतों को रोकने के लिए लगाया गया है। अगर कोई यहां आकर इबादत करना चाहे तो आ सकता है। लेकिन किसी भी धार्मिक स्थल को पार्क समझ लेना सही नहीं है। हालांकि, इस मसले पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मस्जिद को नोटिस जारी किया है।

**दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने फैसले को गलत बताया :** स्वाति मालिवाल ने कहा कि जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री रोकने का फैसला बिल्कुल गलत है। महिलाओं और पुरुषों के बीच इबादत के अधिकार को लेकर फर्क नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वे जामा मस्जिद को इस मामले में नोटिस जारी कर रही हैं।

# गुजरात चुनाव के पहले चरण में 167 उम्मीदवार दागी, 100 पर हत्या-दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक दिसम्बर को मतदान होना है। पहले चरण में 89 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले कुल 788 उम्मीदवारों में से 167 उम्मीदवार आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। इनमें आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार शीर्ष पर हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से गुरुवार को रिपोर्ट जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि आप के 32 उम्मीदवार आपराधिक मामलों का सामने कर रहे हैं। दूसरे नंबर पर कांग्रेस और तीसरे पर भाजपा है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, आपराधिक मामलों वाले 167 उम्मीदवारों में से 100 पर हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं। इसके साथ ही कुल उम्मीदवारों में 21 प्रतिशत पर आपराधिक मामले हैं, जबकि 13 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं। आम आदमी पार्टी (आप) कुल 89 सीटों में से 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके 36 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी (आप) के 30 प्रतिशत उम्मीदवार हत्या, बलात्कार, हमला, अपहरण जैसे गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। आप द्वारा मैदान में उतारे गये आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों की संख्या 32 है। हैरान करनेवाली बात यह है कि यह पार्टी राज्य में स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का वादा करते हुए प्रचार में जुटी है। इसके बाद सबसे ज्यादा आपराधिक उम्मीदवारों वाली पार्टी कांग्रेस है। उसके 35 प्रतिशत उम्मीदवार आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। वहीं, 20 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर मामले चल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे पुरानी पार्टी पहले चरण में सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के आपराधिक मामलोंवाले उम्मीदवारों की संख्या 31 है।

**भाजपा के 16 प्रतिशत उम्मीदवार दागी :** वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा भी पहले चरण में सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने आपराधिक रिकॉर्ड वाले 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि प्रतिशत के लिहाज से ऐसे उम्मीदवारों की कुल संख्या का 16 प्रतिशत है और 12 प्रतिशत उम्मीदवार गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के 14 फीसदी उम्मीदवार पहले चरण में चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें चार उम्मीदवार (29 प्रतिशत) आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उसके कुल सात फीसदी उम्मीदवारों पर इस बार गंभीर आपराधिक मामले हैं। एडीआर की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2017 के विधानसभा चुनावों में पहले चरण में चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों में से 15 प्रतिशत दागी थे, जबकि आठ फीसदी उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि गंभीर आपराधिक मामलों वाले कुछ उम्मीदवारों में भाजपा के जनक तलविया और कांग्रेस के वसंत पटेल भी शामिल हैं। आपराधिक रिकॉर्ड वाले अन्य उम्मीदवारों में भाजपा के पुरुषोत्तम सोलंकी, कांग्रेस के गनीबेन ठाकोर और जिग्नेश मेवानी, आप के गोपाल इटालिया और अल्पेश कठेरिया शामिल हैं।

**2017 के विस चुनाव के पहले चरण में थे 70 दागी उम्मीदवार :** पहले चरण के 167 उम्मीदवारों में से 100 ने चुनाव आयोग को जो हलफनामा सौंपा है, उसमें उन्हें अपने ऊपर गंभीर मामले घोषित किये हैं। इनमें महिला खिलाफ अपराध के नौ मामले, हत्या के तीन मामले और हत्या के प्रयास के 12 मामले शामिल हैं। 2017 में पहले चरण में ऐसे 78 उम्मीदवार मैदान में थे। पिछले 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 36, भाजपा के 25 और बीटीपी के 67 दागी उम्मीदवार पहले चरण में मैदान में थे। सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के आदेश के अनुसार, सभी राजनीतिक दलों को लंबित आपराधिक मामलों और ऐसे उम्मीदवारों के चयन की वजहों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। इसके साथ ही जानकारी को एक स्थानीय और एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करना व आधिकारिक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड करना अनिवार्य है।

# मेघालय-असम बॉर्डर पर हिंसा बढ़ी, उपद्रवियों ने फॉरेस्ट ऑफिस को जलाया

**गुवाहाटी/शिलांग (एजेंसी)।** मेघालय-असम बॉर्डर पर एक विवादित क्षेत्र में मंगलवार को फायरिंग में हुई छह लोगों की मौत के बाद हिंसा बढ़ गई है। मेघालय के ग्रामीणों के एक ग्रुप ने असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक फॉरेस्ट ऑफिस में कथित रूप से तोड़फोड़ की और आग लगा दी। वहीं, मुक्रोह गांव और मेघालय की राजधानी शिलांग में भीड़ ने दो वाहनों को आग लगा दी। अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मंगलवार की रात असम के खेरोनी फॉरेस्ट रेंज के तहत अंतरराज्यीय सीमा से सटे एक फॉरेस्ट ऑफिस के सामने गांव वाले कथित तौर पर चाकू, रॉड और लाठियों से लैस होकर इकट्ठा हो गए। पहले भीड़ ने फॉरेस्ट ऑफिस में तोड़फोड़ की, फिर परिसर में रखे फर्नीचर, दस्तावेज और मोटरसाइकिल जैसी संपत्तियों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों की एक टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीण भाग गए। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## मेघालय में दो वाहनों में लगायी आग




## खासी स्टूडेंट यूनियन ने ली ऑफिस और वाहनों को जलाने की जिम्मेदारी

**स्थानीय** लोगों ने मुक्रोह गांव में लावारिस हालत में मिले असम सरकार के एक वाहन को आग लगा दी। मेघालय के खासी स्टूडेंट यूनियन ने मुक्रोह में फॉरेस्ट ऑफिस और असम सरकार के वाहन को आग लगाने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि मेघालय में एमडीए व्यवस्था अपने नागरिकों की सुरक्षा करने में विफल रही है। छात्र संघ के सदस्यों ने इलोंग सिविल अस्पताल में प्रदर्शन किया, जहां फायरिंग में मारे गये छह लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए लाये गये थे।